फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 9 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 21, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत 14
फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिवभक्ति में लीन 13

## रोहित-गिल ने जड़े शतक



**2019** के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा नौ शतक लगाने वाले ओपनर बने रोहित, टेस्ट में 12वां शतक

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को विकेट जल्दी गिरने के बावजूद स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। रोहित ने 103 रन और गिल ने 110 रन बनाने के साथ ही दूसरे विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी की। भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के शोएब बशीर ने 4 और टॉम हार्टली ने 2 विकेट लिए। 135 रन से आगे खेलते रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे में 129 रन बनाए। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। वहीं, गिल ने भी इस श्रृंखला का दूसरा शतक लगाया।

| इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शतक बनाने वाले भारतीय ओपनर | |
|---|---|
| 4 | सुनील गावस्कर |
| 4 | रोहित शर्मा |
| 3 | विजय मर्चेंट |
| 3 | मुरली विजय |
| 3 | केएल राहुल |

| बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाड़ी | |
|---|---|
| 49 | डेविड वार्नर |
| 45 | सचिन तेंदुलकर |
| 43 | रोहित शर्मा |
| 42 | क्रिस गेल |
| 41 | सनथ जयसूर्या |
| 40 | मैथ्यू हेडन |

## श्रद्धालुओं के लिए 10 मई से खुलेंगे केदारनाथ के कपाट



▸▸ सर्दियों में हिमपात के चलते बंद कर दिए जाते हैं मंदिर के कपाट

**देहरादून:** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर घोषणा की है कि केदारनाथ के कपाट 10 मई को सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के खोल दिए जाएंगे। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में यह घोषणा की।

इस हिमालयी मंदिर के कपाट सर्दियों के दौरान बंद कर दिए जाते हैं जब यहां हिमपात होता है। हर साल इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए अजय ने कहा कि पिछले यात्रा सीजन में रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे थे तथा इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या और बढ़ेगी। अध्यक्ष ने कहा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार और मंदिर समिति श्रद्धालुओं के वास्ते बेहतर सुविधाएं तैयार करने के लिए कटिबद्धता के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मंदिर समिति की एक टीम यात्रा से पहले तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंदिर का दौरा करेगी। फ्रंटियर डेवलपमेंट काउंसिल के उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद भट पचगई और केदारनाथ धाम के मुख्य पुरोहित रावल भीमाशंकर लिंग ने ओंकारेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## युवती से दुष्कर्म के दोषी चालक को 20 साल की कैद



▸▸ ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर में कार चलाना सीख रही थी 19 वर्षीय युवती

**देहरादून।** घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म करने के दोषी ड्राइवर को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 20 साल कारावास की सजा सुनाई है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज पंकज तोमर ने दोषी पर 28 हजार का अर्थदंड भी लगाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता किशोर कुमार ने बताया कि गुरजीत सिंह निवासी बसंत विहार थाना क्षेत्र के ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर में एक 19 वर्षीय युवती कार चलाना सीख रही थी। 10 दिसंबर 2020 को युवती सहेलियों के साथ घर पर थी। मां जरूरी काम से बाहर गई थी। युवती की मां को पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उनके घर से बेटी के चिल्लाने की तेज आवाज आ रही है। इस पर महिला घर पहुंची तो बेटी ने बताया कि सुबह 11 बजे जब सहेलियां घर से चली गईं थीं तो गुरजीत घर आया। आरोप है कि उसने पापा की शराब की बोतल मांगी। मना करने पर पीटा। गुरजीत ने खुद शराब पी और पीड़िता को जबरदस्ती शराब पिलाई। पीड़िता नशे में अचेत हुई तो आरोपी ने दुष्कर्म किया। घटना के बाद भाग रहे आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस ने घटना के दिन मुकदमा दर्ज करने के बाद 8 फरवरी 2021 को चार्जशीट दाखिल की। 29 फरवरी को आरोपी को दोषी करार देते हुए गुरुवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया।




# महिला दिवस पर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर में 100 रुपये घटाए

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-इससे करोड़ों परिवारों का कम होगा आर्थिक बोझ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को बधाई दी और इस अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट की घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। मोदी ने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर सरकार का लक्ष्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है।



### राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा : टीएमसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की घोषणा की आलोचना की। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल ने लोकसभा चुनाव से पहले इस कदम को राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा करार दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने इसे सांकेतिक कटौती और सस्ता राजनीतिक हथकंडा भी करार दिया।

### महिलाओं के सशक्तीकरण को सरकार प्रतिबद्ध



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक पोस्ट में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और इससे महिलाओं को मिल रहे लाभ को रेखांकित किया। पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे गरीब से गरीब कामगारों के जीवन में भी खुशियां आई हैं। कहा कि लखपति दीदी योजना देशभर में महिलाओं को सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि एक घर सम्मान का आधार होता है। यह वह जगह है जहां सशक्तीकरण शुरू होता है और सपने उड़ान भरते हैं।

### बीजीपीएल का प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को असम की यात्रा के दौरान बरौनी-गुवाहाटी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (बीजीपीएल) का उद्घाटन करेंगे। यह परियोजना पूर्वोत्तर क्षेत्र को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ने का काम करेगी। इस पाइपलाइन को बिछाने वाली कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक ए के त्रिपाठी ने शुक्रवार कहा कि बिहार, पश्चिम बंगाल और असम से होकर गुजरने वाली 718 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के महारत्न उपक्रम गेल ने 3,992 करोड़ रुपये की लागत से बनाया है। त्रिपाठी ने कहा कि पाइपलाइन को अपने मार्ग के साथ अधिकृत शहरी गैस वितरण (सीजीडी) संस्थाओं के माध्यम से इन तीन राज्यों के 31 जिलों को कवर करने वाले नौ भौगोलिक क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए डिजाइन किया गया है।

## एक नजर

### सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए की गईं मनोनीत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षिका-लेखिका और इन्फोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधा जी का बहुत बड़ा और प्रेरणादायक योगदान रहा है। राज्यसभा में उनकी मौजूदगी हमारी 'नारी शक्ति' के लिए शक्तिशाली प्रमाण है। कर्नाटक के शिगगांव में 19 अगस्त, 1950 को जन्मी मूर्ति इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और अक्षता मूर्ति की मां है। अक्षता का विवाह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुआ है।

### लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के लिए देय दरें यथावत रहेंगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने आज यहां जारी एक परिपत्र में कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय विकास पत्र के साथ ही अन्य लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में एक अप्रैल से 30 जून 2024 तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### चुनावी बॉन्ड : 11 को शीर्ष कोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली एसबीआई की एक अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी।

# कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार राहुल गांधी वायनाड से फिर प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

**लोकसभा चुनाव**

- वेणुगोपाल बोले-फासीवादी सरकार को केंद्र से हटाने के लिए जीतेंगे अधिक से अधिक सीटें
- अमेठी से राहुल के चुनाव लड़ने पर संशय, फैसला सीईसी की अगली बैठक में संभव



कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का है, जो एक बार फिर केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों की 39 सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी। राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा, थरूर तिरुवनंतपुरम और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनाव लड़ेंगे। वेणुगोपाल ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी मोड में है। इस मौके पर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा भी मौजूद थे। माकन ने कहा कि यह सूची युवाओं और अनुभवी नेताओं का शानदार मिश्रण है। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे तो वेणुगोपाल ने कहा, इस सूची के बारे में सीईसी ने गुरुवार को फैसला किया था। सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च हो होगी जिसके बाद हम सूची के बारे में बताएंगे, इंतजार करिए।

वेणुगोपाल ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस अधिक से अधिक सीटें जीतने की कोशिश में है ताकि केंद्र से फासीवादी सरकार को हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव से देश के भविष्य का फैसला होगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव का कहना था कि आने वाली सूचियों में और भी वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल होंगे।

मुख्य विपक्षी दल की पहली सूची में सबसे अधिक 16 उम्मीदवार केरल से हैं। कांग्रेस केरल की कुल 20 लोकसभा सीट में 16 पर चुनाव लड़ेगी। चार सीट पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे।

### 15 सामान्य वर्ग से और 24 ओबीसी, अल्पसंख्यक

कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। 12 उम्मीदवार 50 साल से कम, आठ उम्मीदवार 50 से 60 वर्ष के बीच और 12 उम्मीदवार 61 से 70 साल के बीच के जबकि सात उम्मीदवार 71 से 76 साल के बीच के हैं।

## सार्वजनिक बैंकों के कर्मियों का वेतन 17 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- शनिवार की छुट्टी के प्रस्ताव पर भी सहमति

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन में सालाना 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। नवंबर, 2022 से प्रभावी होने वाले इस फैसले से करीब आठ लाख बैंक कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और बैंक कर्मचारी संगठनों के बीच शुक्रवार को 17 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि पर सहमति बनी। आईबीए, बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संगठनों के साथ बातचीत कर वार्षिक वेतन में संशोधन करता है। इस बीच, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन ने कहा कि सभी शनिवारों को छुट्टियों के रूप में मंजूरी देने पर भी सहमति जताई गई है। लेकिन कामकाज के घंटों में संशोधन का प्रस्ताव सरकार की अधिसूचना के बाद प्रभावी होगा।

बैंक अधिकारियों के संगठन ने कहा कि नए वेतनमान का निर्धारण 8088 अंकों के महंगाई भत्ते (डीए) और उस पर अतिरिक्त भार को मिलाकर किया गया है। नए वेतन समझौते के तहत महिला कर्मचारियों को चिकित्सा प्रमाणपत्र दिए बगैर भी हर महीने एक दिन की बीमारी की छुट्टी लेने की अनुमति होगी।

### भोले की भक्ति में लीन



देहरादून में महा शिवरात्रि उत्सव के अवसर पर आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समारोह में पहुंचे लोगों का मन मोह लिया। चहुंओर बम-बम भोले के जयकारे गूंज उठे। ● एजेंसी

## नमाजियों से बदसलूकी पर एसआई निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी



● उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके की घटना, वीडियो वायरल

दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों को कथित तौर पर लात मारने वाले उपनिरीक्षक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह घटना 'असर की नमाज' के दौरान करीब दो बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास की है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क अवरुद्ध कर दी थी। इस कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कथित वीडियो में देखा जा सकता है कि एक उपनिरीक्षक सड़क पर नमाज पढ़ते हुए लोगों को लात मार रहा है।

## शिव बरात के दौरान करंट लगने से 14 बच्चे झुलसे

कोटा/जयपुर, एजेंसी

- कोटा में महाशिवरात्रि के अवसर पर हुआ हादसा

राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे के घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन को उचित निर्देश दिए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल की उम्र के बच्चे कम ऊंचाई वाले 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया जबकि दूसरा बच्चा करंट लगने से 50 फीसदी तक झुलस गया। सभी घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोटा की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने बताया कि घटना शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे से 12 बजे के बीच उस समय हुई, जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान यात्रा में शामिल एक लड़का, जिसने 22 फुट ऊंचा डंडा पकड़ा हुआ था, ऊपर से गुजर रहे 'हाई-टेंशन' तार के संपर्क में आ गया।

**भरी हुंकार** मुख्यमंत्री बोले- अजय भट्ट को जिताकर संसद भेजें, मोदी को तीसरी बार बनाएं प्रधानमंत्री, 86 परियोजनाओं का लोकार्पण व 70 विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

# अब जनता को बरगला रहा है मुद्दाविहीन विपक्ष : धामी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को काठगोदाम में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और अजय भट्ट को जिताने के आह्वान के साथ ही चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस अवसर पर उन्होंने जनपद नैनीताल में 8,931.59 लाख की 86 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 51,021.50 लाख की 70 विकास योजनाओं का शिलान्यास भी किया।




काठगोदाम में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट व विधायकगण एक साथ हाथ उठाकर जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हम विकल्प रहित संकल्प को लेकर चल रहे हैं। जो भी चुनौतियां आएंगी उन्हें पार करते हुए इस संकल्प को हासिल करेंगे। हल्द्वानी से समूचे देश व प्रदेश में संदेश जाता है। यहां मातृशक्ति, युवाओं, पूर्व सैनिकों, कार्यकर्ताओं में जो उत्साह है इससे स्पष्ट है कि अजय भट्ट को यहां से रिकॉर्ड मतों से जिताकर संसद भेजेंगे। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि मां शीतला देवी व जिया रानी की कृपा से यह काम वह कर रहे हैं। जिस तरह प्रदेश से गंगा निकलती है, उसी तरह से समान अधिकार-समान कानूनों की गंगा समान नागरिक संहिता निकली है।

उन्होंने कहा कि देवभूमि का मूल स्वरूप नहीं बिगड़ने दिया जाएगा इसलिए धर्मांतरण कानून बनाया गया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार सिर्फ निर्णय नहीं ले रही बल्कि उन्हे धरातल पर उतार रही है। विपक्ष भी कोई खराबी नहीं निकल पाता है, विपक्ष मुद्दाविहीन है इसलिए अब जनता को बरगला रहा है। हम कहते हैं कि जनकल्याण में राजनीति नहीं करनी चाहिए, जब वोट मांगने जाएं तो राजनीति कर लेना।

सीएम ने कहा कि रानीबाग एचएमटी फैक्ट्री की जमीन मिल गई है, यहां विकास के लिए मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 लाभार्थियों, लखपति दीदी योजना के अंतर्गत 10 स्वयंसेवी संस्थाओं को 4 करोड़ 6 लाख 50 हजार, सीएम अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना में जिले की 40 बालिकाओं को 10-10 हजार के चेक दिए। इसके अलावा 7 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राय साइकिल, 10 दिव्यांगों को व्हील चेयर दी। 25 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया।

बनभूलपुरा घटना में पत्रकारों के दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त होने पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष से 10 लाख का चेक सूचना विभाग को दिया। इस दौरान केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, रामनगर विधायक दीवान बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्य, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### दर्जन भर कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का हाथ



भाजपा में शामिल होते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**नैनीताल :** बेतालघाट के डोल कोर्ट क्षेत्र में शुक्रवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता टीका सिंह जलाल के नेतृत्व में दर्जन भर से अधिक कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। सभी लोग 50 वर्षों से अधिक समय तक कांग्रेस से जुड़े थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम आर्य ने सभी को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस दौरान दीवान सिंह मेहरा सरपंच सिरौली, हेमंत मेहरा, हीरा सिंह जलाल, मदन जलाल, महेंद्र सिंह, हरली, ईश्वर सिंह बोरा, जीवन सिंह, मदन सिंह, धीरज सिंह जलाल, भगवान सिंह, उमेश जोशी आदि मौजूद रहे।

### कार्यशाला में स्वरोजगार की जानकारी दी

**लालकुआं :** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय हल्दूचौड़ में आयोजित उद्यमिता एवं रोजगार परामर्श कार्यशाला में स्वरोजगार के संबंध में जानकारी दी गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एलएम पांडेय के दिशा निर्देश पर हुई कार्यशाला में मुख्य वक्ता योगेश चंद्र पांडे, सेवानिवृत्ति अधिकारी जिला उद्योग केंद्र ने छात्र-छात्राओं को इन्वेस्टमेंट, उत्तराखंड डॉट कॉम सिंगल विंडो सिस्टम, एमएसएमई , प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना और नवाचार आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. मनीष कड़ाकोटी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुनील पाठक, रीता दुर्गापाल, डॉ. पूनम म्यान आदि उपस्थित रहे।

### आदि आनंद में लें स्वादिष्ट खाने का आनंद




रामपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते होटल मालिक। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** देवलचौड़ क्षेत्र में रामपुर रोड पर आदि आनंद रेस्तरां की शुरूआत की गई है। रेस्तरां के स्वामी जोसेफ रोड्रिग्स ने बताया कि उन्होंने हल्द्वानी में उडुपीवाला रेस्तरां खोला था। जो पूरी तरह से शाकाहारी रेस्तरां था। उडुपीवाला के आउटलेट गजरौला, कांगड़ा, पीलीभीत में भी खोले गए हैं। बताया कि आदि आनंद रेस्तरां में रसाई आधुनिक उपरकण से बनाई गई है। साथ ही कुमाऊं क्षेत्र के लोगों को रोजगार के देने का माध्यम भी यह रेस्तरां बनेगा। इसमें उचित कीमतों पर प्रामाणिक दक्षिण भारतीय के साथ ही उत्तर भारतीय व्यंजन भी परोसे जाएंगे।

### विधायक कैड़ा ने टायल्स मार्ग का किया लोकार्पण



मार्ग का लोकार्पण करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

**भीमताल :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने तल्लीताल बाजार में टायल्स मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि बाजार में डामरीकरण बार-बार उखड़ जाता था। इस वजह से क्षेत्रवासियों को परेशानियां होती थी। बारिश में कीचड़ व मलबे से लोगों का चलना मुश्किल हो जाता था। उन्होंने नगरवासियों की समस्या को देखते हुए टाइल्स इंटर लॉकिंग और सौंदर्यीकरण के लिए बजट स्वीकृत कराया। इसका मार्ग का निर्माण पूरा होने पर लोकार्पण किया गया है। इस दौरान कमला आर्या, योगेश तिवारी, पंकज उप्रेती, कमल जोशी, गौतम मटियाली, पारस चंद्रा, मीनाक्षी चंद्रा, गिरीश जोशी मौजूद रहे।

### गोरिल्ला संगठन 11 को करेगा प्रदर्शन

**भीमताल :** गोरिल्ला संगठन धारी के पीतांबर मिलकानी ने अवगत कराया है कि 11 मार्च को नैनीताल पार्क में उपस्थित होंगे। संगठन से जुड़े लोग रैली के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे। इस दौरान शीघ्र शासनादेश लागू करने की मांग उठाई जाएगी।

## अन्य चिड़ियाघरों से जानवर नहीं मिलने से भी कई प्रजातियों पर मंडरा रहा संकट

# जू में बूढ़े हो रहे जानवर, घट रही संख्या


गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** चिड़ियाघर में बूढ़े जानवरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उम्र पूरी कर चुके जानवरों की मौत के कारण यहां विभिन्न प्रजातियां भी तेजी से कम हुई हैं। कोविड के बाद अन्य चिड़ियाघरों से नए जानवरों की अदला-बदली की प्रक्रिया ठप होने से भी नई प्रजातियों की गिनती आगे नहीं बढ़ पा रही है।

नैनीताल को पर्यटकों के लिए और आकर्षक बनाने के लिए यहां 1995 में गोविंद बल्लभ पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान की स्थापना की गई थी। समुद्र की सतह से करीब 2100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस चिड़ियाघर को उत्तर भारत का एकमात्र हाई एल्टीट्यूट चिड़ियाघर माना जाता है। चिड़ियाघर की उम्र बढ़ने के साथ ही अब यहां के जानवर भी तेजी से बूढ़े हो रहे। चिड़ियाघर में आज 20 फीसदी से अधिक जानवर उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं। चिड़ियाघर की शान माने जाने वाले भालू, लैपर्ड, टाइगर और भेड़िया सबसे वरिष्ठ सदस्यों में से है। हालांकि चिड़ियाघर प्रबंधन अन्य प्राणी उद्यानों से पत्राचार कर नए जानवर लाने का प्रयास कर रहा है लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है।







### ये है हाल

- साइबेरियन टाइगर और स्नो लेपर्ड जैसी प्रजातियां खत्म हुईं
- पांच सालों में 233 से 199 पहुंची जू के जानवरों की संख्या
- 02 फीसदी से अधिक जानवर उम्र के अंतिम पड़ाव में

### पांच साल में घट गए 33 जानवर

**नैनीताल :** चिड़ियाघर में कोरोना के बाद ज्यादा संकट आया है। पांच साल पहले तक वहां 33 प्रजातियों के 281 जानवर रहते थे। लेकिन कोरोना के कद इनकी भी हालत बिगड़ती गई। आज चिड़ियाघर में जानवरों की संख्या 199 पर आकर सिमट गई है। साइबेरियन टाइगर और स्नों लेपर्ड जैसी प्रजातियां तो पूरी तरह खत्म हो गई है। इसके अलवा कुछ पक्षियों की प्रजातियां भी पूरी तरह समाप्त हो गई है।

### दर्जनभर नए मेहमानों के पहुंचने की उम्मीद

**नैनीताल :** चिड़ियाघर के रेंजर प्रमोद तिवारी बताते हैं वन्य जीवों की कमी के चलते देश के विभिन्न चिड़ियाघरों से पत्राचार किया है। उनका सकारात्मक जवाब भी मिला है। स्नो लैपर्ड भगाने की कवायद काफी पहले से की जा रही है। दार्जलिंग चिड़ियाघर से ब्लू शीप समेत अन्य वन्य जीवों की मांग को लेकर केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से सहमति भी बन चुकी है। दर्जनभर नए मेहमान नैनीताल चिड़ियाघर में लाए जाने की कवायद की जा रही है।

# राजाजी के लिए बाघिन को किया ट्रेंकुलाइज

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज के नॉन टूरिज्म क्षेत्र से राजाजी नेशनल पार्क हरिद्वार भेजे जाने को लेकर एक और मादा बाघिन को ट्रेंकुलाइज किया गया है। बता दें कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से 5 बाघों को राजाजी नेशनल पार्क हरिद्वार भेजा जाना है। यह निर्णय इसलिए लिया गया है कि क्योंकि राजाजी नेशनल पार्क में बाघों का कुनबा बढ़ाने के लिए पार्क प्रशासन के अनुरोध के बाद यह निर्णय लिया गया था। पार्क प्रशासन द्वारा पहले भी 2 बाघिन के साथ ही एक बाघ को राजाजी नेशनल पार्क भेजा जा चुका है। एक और बाघिन को कल ट्रेंकुलाइज किया गया है, जिसकी उम्र 3 से 4 वर्ष है। अब यह बाघिन राजाजी नेशनल पार्क में आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। यह जानकारी कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने दी।



### नैनीताल में आबादी वाले क्षेत्र में गुलदार का आतंक

**नैनीताल :** रिहायशी क्षेत्रों में बीते कई दिनों से गुलदार का आतंक देखने को मिल रहा है। शहर के चाटर्न लॉज क्षेत्र में घर के बाहर से गुलदार कुत्ते पर हमला कर दिया जिसे अब क्षेत्र में दहशत बनी हुई है। स्थानीय निवासी मनोज कुमार ने बताया कि सुबह के समय गुलदार सड़क किनारे बैठे कुत्ते पर हमला कर दिया। गनीमत रही कि कुत्ता उसके चंगुल से भाग गया। मॉर्निंग वॉक करने के दौरान कई बार गुलदार आबादी वाले क्षेत्र में उन्हें दिखता है कई बार उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। वन विभाग को क्षेत्र में पिंजरा लगाए जाने की आवश्यकता है।

# किशोर बने बार एसो. के अध्यक्ष, मोहन सचिव

## बार एसोसिएशन हल्द्वानी के चुनाव की मतगणना पूरी, दूसरे दिन पूरी हो पाई मतगणना, गोविंद बिष्ट की हुई हार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी बार एसोसिएशन की मतगणना पूरी हो गई है और शुक्रवार को पूरे नतीजे घोषित हो गए। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, महिला उपाध्यक्ष पद समेत अन्य पदों के विजेता भी घोषित कर दिए गए हैं।

गुरुवार को हुए बार एसोसिएशन हल्द्वानी के चुनाव में कुल 907 अधिवक्ताओं में से 738 अधिवक्ताओं ने मत का प्रयोग किया था। मतदान देरी के साथ शुरू हुआ जिस वजह से मतदान की प्रक्रिया काफी देर तक चली थी। गुरुवार की देर रात 11 बजे मतगणना को रोक दिया गया था। कई अधिवक्ताओं ने फैसले का विरोध भी किया था। लेकिन चुनाव अधिकारियों का कहना था कि सुबह मतदान के समय से ही चुनाव अधिकारी चुनाव कराने में व्यस्त हैं और विरोध को खारिज कर दिया गया। गुरुवार की देर रात तक पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर भरत सिंह बिष्ट 321 मत पाकर विजयी रहे। साथ ही सदस्य पद पर पंकज कबड़वाल, लोकेश राज चौधरी, मोहित पांडे और हरेंद्र सिंह ने बाजी मारी है। शुक्रवार को शुरू हुई मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर किशोर पंत 373 मत पाकर विजय रहे। उन्होंने गोविंद बिष्ट को हराया। उपाध्यक्ष पद पर सुनील पुंडीर 298 वोट पाकर विजयी रहे। उन्होंने धर्मेंद्र सोलंकी, संजय कुमार, जितेंद्र सिंह बोरा को हराया। सचिव पद पर मोहन सिंह बिष्ट 252 वोट पाकर विजयी रहे। उन्होंने संतोष कुमार नेगी, ललित मेर और जितेंद्र सिंह बिष्ट को हराया। महिला उपाध्यक्ष पद पर भगवती पलड़िया का पलड़ा भारी रहा। 565 वोट हासिल करके उन्होंने सुलक्षणा श्रीवास्तव को परास्त कर दिया। इनके अलावा संयुक्त सचिव पद पर योगेश लोहनी 315 वोट पाकर विजेता रहे। उनके साथ मुकाबले में रहे विपिन कुमार और प्रदीप लोहनी चुनाव में हार गए। संयुक्त सचिव प्रेस पद पर योगेंद्र पाठक ने 377 वोट पाकर रविंद्र पाल सिंह तोमर और सुधांशु तिवारी को हराया। कोषाध्यक्ष पद पर आदित्य कुमार शर्मा को 362 वोट मिले। उनका चंदन बोरा से मुकाबला था। लेखाधिकारी पद पर राजेंद्र प्रसाद पांडे को 422 मत मिले और गौरव बिष्ट उनके मुकाबले दूसरे नंबर पर रहे।



बार एसोसिएशन के चुनाव में जीत पर जश्न मनाते विजेता व समर्थक। ● अमृत विचार



विजयी पदाधिकारियों का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट। ● अमृत विचार

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया पंत का स्वागत

**हल्द्वानी :** बार एसोसिएशन चुनाव में पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं कांग्रेस महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट को भाजपा समर्थित किशोर पंत ने शिकस्त दी है। नव निर्वाचित अध्यक्ष किशोर पंत, सचिव मोहन सिंह बिष्ट, संयुक्त सचिव योगेश लोहनी, लेखाधिकारी आरपी पांडे परिणाम घोषित होने के बाद भारतीय जनता पार्टी कुमाऊं संभाग कार्यालय पहुंचे जहां पर जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने सभी पदाधिकारियों का फूलमाला पहना कर स्वागत किया।

### विजेताओं ने मनाया जश्न, मिठाई बांटी

**हल्द्वानी :** शुक्रवार को बार एसोसिएशन की मतगणना पूरी होने के साथ ही विजेताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। विजेताओं को फूल-मालाओं से लाद दिया। मिठाई बांटी गईं।

### शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे शुरू हुई मतगणना

**हल्द्वानी :** गुरुवार की रात को 11 बजे रोकी गई मतगणना को शुक्रवार को सुबह 10 :30 बजे शुरू हुई और दिन में तीन बजे तक चलती रहेगी। दिन भर जजी परिसर में गहमागहमी बनी रही। मतगणना प्रकिया संपन्न कराने में भुवन गुणवंत, महेश सोराड़ी, महेंद्र सिंह, निर्मल थापा, गोकुल पनेरू, दलीप सिंह रावल किशोर जोशी, ललित मोहन जोशी, बृजेश बिष्ट, सौरभ बिष्ट का सहयोग रहा।

### यह रहे कड़े मुकाबले

**हल्द्वानी :** अध्यक्ष पद पर गोविंद सिंह बिष्ट को 353 वोट मिले थे जबकि किशोर पंत को उनसे 20 वोट ज्यादा मिले। महिला उपाध्यक्ष और लेखाधिकारी पद पर एकतरफा मुकाबला रहा। कोषाध्यक्ष पद पर भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

### स्वयंसेवियों ने की सफाई और रंगाई-पुताई

**हल्द्वानी :** पनियाली में एनएसएस शिविर में स्वयंसेवियों ने पॉली क्लीनिक के परिसर में सफाई और रंगाई-पुताई की। ग्राम प्रधान रागिनी ने स्वयंसेवियों की ओर से किए गए सामुदायिक कार्य की प्रशंसा की। इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बौद्धिक सत्र में भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय प्रमुख भगवान सहाय ने कहा कि आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर भागीदारी कर रही हैं। उन्होंने एनएसएस शिविर की प्रशंसा की और भविष्य में शिविर लगाने पर सहयोग की बात कही। स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक संध्या के आयोजन में उत्तराखंडी संस्कृति को जीवंत किया। देर शाम राष्ट्रीय सेवा योजना की क्षेत्रीय समन्वयक एलएम पांडे ने शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में होने वाली गतिविधियों का जायजा लिया और स्वयंसेवियों के सामुदायिक क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से जाना। एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता जोशी ने सामुदायिक सशक्तीकरण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ. रितुराज पंत, डॉ. नीता साह, डॉ. फकीर सिंह, डॉ. प्रभा साह, डॉ. अंजू पालीवाल, सुनील खाती आदि मौजूद रहे।

### नलकूप ठीक नहीं होने से गहराया पेयजल संकट

**हल्द्वानी :** बीते कई दिनों से खराब पड़े नलकूप की मरम्मत नहीं होने के चलते पेयजल का संकट गहराया हुआ है। गर्मी के शुरू होने से पहले ही शहर में पेयजल व्यवस्था लड़खड़ाने लगी है। जहां विभाग लगातार खराब हुए नलकूप को ठीक करने का दावा करता है वहीं कालाढूंगी रोड पर स्थित जीजीआईसी और मंडी परिसर का नलकूप अभी तक मरम्मत नहीं होने से स्थानीय लोगों के सामने पानी का संकट बना हुआ हैं। अधिशासी अभियंता रविशंकर लोशाली ने बताया कि नलकूप ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया। इलाके में पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी।

# दिल्ली में प्रतिनिधित्व करेंगी डॉ. मंजू पांडे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हिन्दी साहित्य भारती की ओर से दिल्ली में होने वाली तीन दिवसीय वैचारिक सम्मेलन में डॉ. मंजू पांडे उदिता भी हिस्सा लेंगी। वह प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।


हिंदी साहित्य भारती की ओर से 'मानव मन बन जाए जग सारा' भावना को ध्यान में रखकर तीन दिवसीय वैचारिक आयोजन दिल्ली हंसराज कॉलेज में हो रहा है। संस्था के संस्थापक एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र शुक्ल (पूर्व शिक्षा एवं कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश) संस्था के उद्देश्य और प्रगति पर प्रकाश डालेंगे। इस संस्था में डॉ. मंजू पांडे केंद्रीय मंत्री के पद पर हैं। वह इस आयोजन में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। विश्व स्तर पर हिन्दी साहित्य के लिए विभिन्न सम्मान प्राप्त डॉ. पांडे शिक्षिका और साहित्यकार हैं। उन्हें उत्तराखंड का सर्वोच्च सम्मान तीलू रौतेली पुरस्कार वर्ष 2023 में और शिक्षा के क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान शैलेश मटियानी पुरस्कार वर्ष 2011 में प्राप्त हो चुका है। वह हिन्दी साहित्य भारती के इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी व्याख्यान देंगी।



डॉ. मंजू पांडे उदिता।

### पीड़िताओं को मिली प्रतिकर राशि का ब्यौरा मांगा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डीआईजी कुमाऊं ने कुमाऊं के सभी जिलों के एसएसपी और एसपी से महिला पीड़ितों को वितरित हुई प्रतिकर राशि का ब्यौरा मांगा है। विगत दिनों डीजीपी कार्यालय में हुई बैठक में सामने आया था कि पीड़ित महिलाओं को प्रतिकर राशि का प्रतिशत कम आंका गया है। देहरादून में पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक के बाद डीजीपी अभिनव कुमार ने महिला प्रतिकर राशि वितरण की समीक्षा की थी। अब डीआईजी ने प्रतिकर राशि का ब्यौरा मांगने के साथ ही सभी जिलों में पुलिस शिविर और अभियान चलाकर योजाना को लेकर महिलाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।


भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार



काठगोदाम स्थित रोडवेज डिपो में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह कार्यक्रम में दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

# 'कांग्रेस पहले नेता बचा ले तभी तो करेगी उम्मीदवारों की घोषणा'

## लाभार्थी सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विपक्ष के संसदीय सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं करने पर कसा तंज

**बोले सीएम**

- भाजपा ने अब की बार रखा है 400 पार का लक्ष्य
- विपक्ष के नेता भाजपा में शामिल होना चाह रहे

**86** परियोजनाओं का लोकार्पण किया मुख्यमंत्री धामी ने

**70** परियोजनाओं का शिलान्यास किया 51021.50 लाख है लागत

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** 'कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है, अब मनीष खंडूरी ने कांग्रेस छोड़ दी है। कई कतार में हैं। कांग्रेस के सामने संकट है कि वह पहले नेता बचा लें तभी तो उम्मीदवार की घोषणा कर पाएंगे' यह जवाब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विपक्ष के संसदीय सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा नहीं होने पर दिया।

मुख्यमंत्री धामी ने शुक्रवार को लाभार्थी सम्मेलन में कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अब की बार 400 पार का लक्ष्य रखा है। जनता का विश्वास और प्यार भाजपा को मिल रहा है। ऐसे में विपक्ष के वरिष्ठ नेतृत्व व पदाधिकारी भाजपा में शामिल होना चाहते हैं। कमोबेश देश भर में विपक्ष के दलों की यही हालत है। उन्होंने आगामी चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के कई चेहरों के भाजपा में शामिल होने की संभावना भी जताई। उन्होंने कहा कि विपक्ष से नेताओं के आने का सिलसिला शुरू होगा, जल्द ही पता चल जाएगा। वहीं कैबिनेट विस्तार पर उन्होंने कहा कि संगठन स्तर पर इसको लेकर चर्चा चल रही है। जल्द ही इस पर भी फैसला लिया जा सकता है। धामी ने कहा कि इस बार पांचों संसदीय सीटें जीतकर प्रदेश पीएम मोदी को मजबूती देगा।

कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, सुरेश भट्ट, दीपक मेहरा, दिनेश आर्या, मजहर नईम नवाब, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, राजेन्द्र बिष्ट, साकेत अग्रवाल, पूर्व मेयर जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, मुकेश बोरा, नवीन भट्ट, रंजन बर्गली, ध्रुव रौतेला, विनीत अग्रवाल, जेडए वारसी, प्रताप बोरा, प्रकाश हर्बोला, सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी, डीएम वंदना, एसएसपी पीएन मीणा, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, प्रबंध निदेशक दीपक जैन, एसडीएम परितोष वर्मा, राहुल शाह, तहसीलदार सचिन आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मोमेंटो देते भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

### वीडियो में दिखाईं झलकियां

सम्मेलन में ईजा बैंणी महोत्सव और भवाली कैंची धाम में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हुए कार्यक्रम की वीडियो भी दिखाई। साथ ही नैनीताल में रोजगार को लेकर नई योजनाएं के बारे में भी वीडियो दिखाई।

### कुछ कुचक्रों के बाद भी धामी सीएम बने और खुद को साबित किया : भट्ट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रदेश में विकास की लहर है, प्रदेश विकास पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री का देवभूमि उत्तराखं के लिए अनेकों कार्यों का जो संकल्प लिया है जल्द ही धरातल पर उतरने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कुछ कुचक्रों के बाद धामी मुख्यमंत्री बनें और विकास की गंगा बहाई। वह जल्द ही देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस का उद्घाटन करेंगे। 6729 लाख का स्टेशन बनेगा। काठगोदाम से नैनीताल के लिए रोपवे बन रहा है। 18 मिनट में नैनीताल पहुंच जाएंगे। 177 करोड़ बलियानाला ट्रीटमेंट के लिए दिया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी उनसे (अजय भट्ट) नाराज हो लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत करना है इसलिए भाजपा को ही वोट दें। तभी वर्ष 2047 तक भारत विश्वशक्ति बनेगा।

### सीएम धामी की लोकप्रियता देश भर में बढ़ी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की लोकप्रियता सिर्फ प्रदेश नहीं देश में बढ़ी है। वह देश के 100 शक्तिशाली लोगों में 61 वें स्थान पर हैं। उन्होंने कहा कि आरटीओ दफ्तर, हिल डिपो, नमो भवन समेत कई सौ करोड़ की योजनाओं की सौगात नैनीताल जिले को मिली है। धामी के कार्यकाल में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं।

### इन योजनाओं का किया लोकार्पण

- कसियालेख, नौकुचियताल, वर्धों में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालयों का लोकार्पण
- मालधनचौड़ में नलकूपों का लोकार्पण किया। इससे 458 हेक्टेयर में नई सिंचाई क्षमता एवं 164 हेक्टेयर क्षेत्र में पुर्नसृजन होगा।
- 68 पेयजल योजनाओं से लगभग 5654 परिवारों को लाभ होगा।


विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### इन योजनाओं का किया शिलान्यास

- गौला रोखड़ में 2293.14 लाख के ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल
- काठगोदाम में 6728 लाख के बस टर्मिनल
- लालकुआं में 630 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए 105 नलकूप
- शहर के 1956 लाख से आंतरिक मार्गों के सुधारीकरण एवं सौंदर्यीकरण
- मानस खंड मंदिर माला मिशन के तहत 1101.61 लाख से मां नैना देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं सुधारीकरण
- भवाली बाइपास पर शिप्रा नदी व हाथी डांगर कनिया नाले पर पुल निर्माण
- लोनिवि के मल्लारामगढ़-सूपी-लोदिया, हरतोला-सतपुली, रानीबाग-सौड़, मालधन-किलावली, कोशावाला-कालाढूंगी, अमगड़ी-पाटकोट, रानीकोटा-सौड़, रामनगर-बेतालघाट-विशाल कोट, गर्जिया-बेतालघाट-मुक्तेश्वर मार्गों के सुधारीकरण एवं निर्माण।
- सैनिटोरियम-अल्मोड़ा मोटर मार्ग समेत कई मार्गों का डामरीकरण
- हल्द्वानी एवं लालकुआं में 3285.46 लाख से दो सीवेज योजनाओं का निर्माण 10. 2039.72 लाख से मंशा देवी नहर, जस्सा गांजा नहर, चिल्किया नहर, बेलगढ़ नहर, कालाढूंगी नहर, कोटाबाग, कोश्याकुटौली में नहरों के पुनरोद्धार का शिलान्यास किया।


ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल को भाजपा की सदस्यता दिलाते मुख्यमंत्री पुष्कर धामी।


दमुवाढूंगा में मालिकाना हक के लिए ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

### ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल भाजपा में शामिल

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल भाजपा में शामिल हो गए हैं। शुक्रवार को विधायक बंशीधर भगत, विधायक सरिता आर्य व जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट के नेतृत्व में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलवाई। विगत पंचायती चुनावों में भाजपा से ब्लॉक प्रमुख का उम्मीदवार नहीं बनाए जाने पर कन्याल ने निर्दलीय लड़कर विजय हासिल की थी। विगत विधानसभा चुनावों में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ले ली थी। कन्याल की क्षेत्र व युवाओं में अच्छी पकड़ है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कालाढूंगी विक्रम जंतवाल, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, जिला सदस्यता संयोजक चंदन बिष्ट, लोकसभा नैनीताल-अल्मोड़ा सहप्रभारी प्रदीप बिष्ट, सचिन शाहजी आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने की एथेनाल प्लांट के मानकों की जांच की मांग

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** सूरपुर चकलुवा में बन रहे एथेनाल प्लांट के मानकों की जांच व निर्माण कार्य को बंद कराने की मांग को लेकर विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने शुक्रवार को हल्द्वानी पहुंचे सीएम पुष्कर धामी को ज्ञापन दिया। मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल ने कहा कि एथेनाल प्लांट का निर्माण मानकों को ताक पर रखकर ग्रामीणों के खेतों व बगीचों के बीचोंबीच हो रहा है। इस दौरान अंचल वालिया, रवि दिगारी, गुड्डू चौहान, तारा चंद्र, इन्द्र अटवाल, महेश बिष्ट, विनोद बुढलाकोटी, हरीश मेहरा, कुंदन जंतवाल, त्रिभुवन कन्याल, जगतार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दमुवाढूंगा में मालिकाना हक के लिए सीएम को दिया ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** दमुवाढूंगा खाम में मालिकाना हक के लिए स्थानीय लोगों ने हल्द्वानी पहुंचे सीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों ने कहा कि राज्य सरकार साल 2014 में इस क्षेत्र को अनारक्षित वन भूमि घोषित कर चुकी है। साथ ही स्थानीय निकाय चुनाव के तहत उक्त क्षेत्र को नगर निगम में शामिल किया गया है। इसके बावजूद यहां लोगों को मालिकाना हक नहीं दिया गया है। जिस वजह से स्थानीय लोगों को वोट डालने का तो अधिकार है लेकिन जमीन का मालिकाना हक उनके पास नहीं है। मांग की गई कि स्थानीय लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिलाया जाए। ज्ञापन देने वालों में पार्षद विद्या देवी, हृदयेश कुमार, विजय कुमार, कमल कुमार, राजेंद्र लाल, किशन, शेर बहादुर, लता, बीना, मुन्नी आदि थे।

# 29 रुपये प्रति क्विंटल भाड़े को लेकर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डंपर एसोसिएशन ने गौला नदी के उपखनिज का 29 रुपये प्रति क्विंटल भाड़ा देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा है।

एसोसिएशन ने कहा कि गौला नदी के 11 गेटों से निकलने वाले उपखनिज का 90 प्रतिशत उपखनिज स्टोन क्रशर्स में ही सप्लाई होता है। नदी में खनन से पूर्व स्टोन क्रशर्स स्वामियों, डंपर स्वामियों और प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक हुई थी। इसमें सर्वसम्मति से उपखनिज का 29 रुपये प्रति क्विंटल भाड़ा तय हुआ था। इस बात को अभी एक माह भी पूरा नहीं हुआ कि स्टोन क्रशर्स स्वामियों ने यह रेट कम कर दिया है। अब क्रशर्स स्वामियों ने भाड़ा 25 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। उनका कहना है कि बाजपुर से बिना रॉयल्टी का उपखनिज सस्ता मिल रहा है ऐसे में गौला नदी के उपखनिज से महंगी खरीद नहीं हो सकती है। आरोप लगाया कि यदि क्रशर्स स्वामी इसी तरह तानाशाही करते रहे तो डंपर स्वामियों का काम करना मुश्किल हो जाएगा। चेतावनी दी कि यदि प्रशासनिक अधिकारियों के सामने हुई वार्ता के अनुसार 29 रुपये का भाड़ा नहीं दिया तो सभी वाहन स्वामी वाहनों को सरेंडर कर देंगे। इस दौरान मनोज मठपाल, पम्मी सैफी, पृथ्वी पाठक, संजय वोहर, नवीन दानी, इंद्र बिष्ट, उमेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

### गौलापार के ग्रामीणों ने भट्ट से की मुलाकात

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बागजाला, कुंवरपुर गौलापार के ग्रामीणों ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री और सांसद अजय भट्ट से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने वनविभाग की तरफ से अवैध तरीके से की जा रही कार्रवाई के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। इसके बाद गांव की आरती भट्ट व पूनम भट्ट ने केंद्रीय पर्यटन व रक्षा राज्य मंत्री के दिशानिर्देश पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बागजाला की समस्या के समाधान के लिए ज्ञापन दिया जिसमें मुख्यमंत्री ने मंच से सभी ग्रामीणों को समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रधान त्रिलोक सिंह नौला ने सीएम धामी और सांसद अजय भट्ट को धन्यवाद दिया।

### ज्ञापन देने आए युवक को पुलिस ने किया बाहर

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री धामी मंच पर आकर बैठे ही थे कि इस बीच एक युवक अपनी मांग को लेकर जोर से चिल्लाने लगा। इस पर वहां मौजूद पुलिस कर्मी ने युवक को शांत कराया और जबरदस्ती उठाकर कार्यक्रम स्थल के बाहर ले गया। हालांकि सीएम धामी ने उसका ज्ञापन लेने के लिए सुरक्षा कर्मी को भेजा लेकिन तब तक पुलिस बाहर ले गई थी।

### चुनावी माहौल में जुमलों की बारिश : बल्यूटिया



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री धामी का बस टर्मिनल की घोषणा महज चुनावी जुमला है। एक तरफ रोडवेज ने कई पर्वतीय रूटों पर बसों का संचालन बंद कर दिया है। रोडवेज बसों की स्थिति दयनीय है। 2800 से अधिक कर्मचारी नियमितीकरण की राह तक रहे हैं जबकि हाई कोर्ट ने आदेश दिया है। ऐसे में हिल डिपो बस टर्मिनल का शिलान्यास सिर्फ चुनावी जुमला है। जहां टर्मिनल बनना है, वहां संकरा मार्ग होने की वजह से आए दिन जाम लगेगा।

### कांग्रेसी कर रहे अनर्गल बयानबाजी : भगत



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिये कांग्रेस को उम्मीदवार नही मिल पाने और सीएम के दौरे से घबराकर कांग्रेसी नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहें है। भगत ने सीएम के हल्द्वानी दौरे को सफल बताया। कहा कि लोकसभा चुनाव मे भाजपा सीएम धामी के नेतृत्व मे उत्तराखंड की सभी लोकसभा सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि धामी की लोकप्रियता से घबरा कर कांग्रेस गलत बयान बाजी कर रही है।

# रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने भी अपनी मांगें उठाईं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै के नेतृत्व में ज्ञापन सौंप कर मृतक आश्रितों को नियमित नियुक्ति देने पर आभार जताया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि विशेष श्रेणी, संविदा में कार्यरत चालक, परिचालक, कार्यशाला के 2800 कर्मचारियों को नियमित किया जाए। रोडवेज की बसों को बेड़ा लगातार कम हो रहा है। परिवहन निगम को नुकसान से उबारने के लिए 1 हजार बसों के बेड़े की जरूरत है इसलिए बसों की संख्या बढ़ाई जाए। इस दौरान बलदेव सिंह, दयाल जोशी, रघुवीर चौधरी, मनोज भट्ट, कैलाश कांडपाल, प्रदीप शर्मा, राकेश चंद, ललित प्रसाद, भुवन भारती, चंदर कुमार, राकेश कुमार आदि रहे।

### संयुक्त परिषद ने सौंपा सीएम को ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन दिया। इसमें निगम में कार्यरत संविदा विशेष श्रेणी व तकनीकी कर्मचारियों को नियमति नियुक्ति दी जाए इसी के साथ अन्य मांगों को भी उठाया। इस मौके पर आन सिंह जीना, श्याम सिंह शाही, जगदीश कांडपाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

**दिक्कत** काठगोदाम में साढ़े तीन घंटे तक लगा रहा जाम, सीएम के दौरे और महाशिवरात्रि की वजह से रही भीड़

# जाम में फंसे लोग, वाहन छोड़कर पैदल चलने को हो गए मजबूर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम में जाम की समस्या लगने से लोग परेशान रहे। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दोपहिया वाहनों तक का निकलना मुश्किल हो गया। हायडिल गेट से लेकर रानीबाग में काफी देर तक जाम रहा।

सीएम पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार की दोपहर काठगोदाम में थे। साथ ही महाशिवरात्रि पर्व भी था। सुबह से ही लोग शीतलाहाट, कालीचौड़ और छोटा कैलास मंदिर में जाने के लिए घर से निकल रहे थे। देर सुबह 10 बजे तक तो स्थिति ठीक रही लेकिन पूर्वान्ह में सीएम के आने से पहले ही काठगोदाम में जाम लगने लगा। सीएम के आने के बाद जाम और लंबा हो गया। पुलिस ने भारी वाहनों को पहले ही रोकना शुरू कर दिया था। हायडिल गेट तक जाम का असर रहा। दूसरी तरफ जाम की वजह से रानीबाग में सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस जाम खुलवाने का प्रयास कर रही थी लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। वीआईपी मूवमेंट भी जाम की समस्या को और बढ़ा रहा था। दोपहर की चटक धूप में लोग जाम में परेशान हो उठे। हालत यह बन गए कि लोग अपने वाहनों को पास में खड़ाकर पैदल की चलने लगे। ऑटो चालकों ने जब देखा कि जाम खुलने में काफी समय लगेगा तो उन्होंने भी सवारियां उतार दीं। सबसे ज्यादा दिक्कत भोले के भक्तों को हुई।

काठगोदाम, अमृतपुर और गौलापार के मंदिरों में जाने के लिए काठगोदाम होकर जाना पड़ता है लेकिन जाम की वजह से भक्त हाथ में पूजा की थाली लेकर पैदल ही चल दिए। अपरान्ह में करीब तीन बजे स्थिति संभल पाई।


काठगोदाम में कालटैक्स के पास लगा जाम। ● अमृत विचार

### एसएसपी ने संभाला मोर्चा

**हल्द्वानी :** काठगोदाम, रानीबाग क्षेत्र में लगे जाम को खुलवाने के लिए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा स्वयं मौके पर पहुंच गए। पुलिस के अनुसार उन्होंने स्वयं काठगोदाम के नरीमन तिराहे पर खड़े रहकर यातायात संचालन किया और ड्यूटी पर लगे कर्मियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने दो घंटे तक भीमताल तिराहे से कोलटैक्स के बीच अलग-अलग जगहों पर यातायात की स्थिति का जायजा लेकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करवाई।

गर्मी का होने लगा एहसास, सुबह शाम को हल्की ठंड पड़ रही, सैलानी आने से स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर रौनक देखने को मिल रही

# तीन दिन की छुट्टियां होने पर सरोवर नगरी में उमड़े सैलानी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** तीन दिन के अवकाश के चलते एक बार से नगर में सैलानियों की आमद एकाएक बढ़ने लगी है। इसके चलते स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर रौनक देखने को मिल रही है।

शुक्रवार को सरोवर नगरी में कई राज्यों से सैलानी पहुंचे हुए थे। इस दौरान माल रोड तल्लीताल, मल्लीताल पंत पार्क, भोटिया बाजार, केव गार्डन, सरियाताल, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू, नयना पीक में पर्यटकों की काफी संख्या देखने को मिली। उधर, इस वर्ष बर्फबारी नहीं होने के चलते अब तापमान में भी धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। इसके चलते अब लोगों ने गर्म कपड़ों को समेटना शुरू कर दिया है। हालांकि अभी भी सुबह शाम को हल्की ठंड पड़ रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष नैनीताल में भी गर्मी बहुत ज्यादा पड़ सकती है। रविवार को नगर में अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तो वही न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


पंत पार्क में चहलकदमी करते सैलानी। ● अमृत विचार


नयना पीक से नैनीताल का नजारा। ● अमृत विचार

## एक बार फिर से बन रही बारिश की संभावना

**हल्द्वानी :** मौसम विभाग के अनुसार एक बार फिर से बारिश के आसार बन रहे हैं। अगले सप्ताह के मध्य में बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर से सक्रिय हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य में फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। 12 से 13 मार्च तक बारिश हो सकती है। पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश होने की संभावना है। इधर अब मैदानी इलाकों में पारा चढ़ने लगा है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान में उछाल आया है। पारा 27 .2 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 7 .4 डिग्री रहा। अधिकतम तापमान जहां सामान्य के आसपास है वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम है।

## राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी


किसान जागरुकता कार्यक्रम में जानकारी देते वैज्ञानिक।

**भीमताल :** केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान मुक्तेश्वर में किसान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को पर्वतीय क्षेत्रों में जल संरक्षण, मुर्गी पालन, कार्यक्रम में पशुधन उत्पादन व प्रबंधन, खुरपका मुंहपका रोग निस्तारण, बागवानी फसलों का विविधीकरण समेत राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर 300 किसान जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस मौके पर डा. अरुण किशोर प्रभारी केन्द्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान मुक्तेश्वर, डॉ. बी. मंडल संयुक्त निदेशक आईवीआरआई, ग्राम प्रधान राजेश कुमार, डॉ. शेर सिंह, डॉ. आदित्य प्रसाद साहू, डॉ. वीके यादव, डॉ. नरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## टेबल टेनिस प्रतियोगिता में खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ऑल इंडिया सर सिविल सर्विसेज टेबल टेनिस टूर्नामेंट महिला–पुरुष में उत्तराखंड सिविल सर्विसेज टेबल टेनिस की टीम प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता का आयोजन गुजरात के गांधीनगर में 10 से 14 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इसमें विनीता पवार ,पूनम कांडपाल, परवीन बख्श, सुनीता, संतोष कुमार सती, गिरीश चंद्र काण्डपाल , मुकेश कुमार, अरुण नेगी, प्रकाश चंद्र सती, ललित मोहन बसेरा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं इसके अतरिक्त शिक्षा विभाग, सचिवालय उत्तराखंड, खाद्य एवं पूर्ति विभाग,सिंचाई विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग से भी लोग इसमें हिस्सा लेंगे।

## सार-संक्षेप

### कैलिफोर्निया में प्रदर्शित होगी फिल्म कन्नू

**नैनीताल :** शहर में शूट की गई संजय सनवाल की फिल्म कन्नू अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित की जाएगी। महोत्सव के लिए चयनित होने वाली यह भारत की एकमात्र फिल्म होगी। इससे पूर्व में फिल्म फ्रांस के कांस फिल्म महोत्सव में भी प्रदर्शित की जा चुकी है। संजय कनवाल ने बताया कि बाल श्रमिक की कहानी पर केंद्रित कन्नू फिल्म की शूटिंग नैनीताल व आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में की गई थी।

### शोधार्थियों और वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र

**नैनीताल।** पटवाडांगर जैव प्रौद्योगिकी परिषद के क्षेत्रीय केन्द्र में हिमालयी जैव विविधता चुनौतियों का समाधान के लिए जैव प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप विषय पर शोधार्थियों व वैज्ञानिकों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान किसान वैज्ञानिक संगोष्ठी के माध्यम से किसानों को पशुपालन, मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन एवं मौन पालन की तकनीकी जानकारियां भी दी गई।

### मौसमी सब्जी उगाकर किसान आय बढ़ाएं

**नैनीताल।** कार्यक्रम के दौरान डा. ललित भट्ट ने पर्वतीय क्षेत्रों में सब्जी उत्पादन की तकनीकी जानकारियों के साथ मौसमी सब्जी उत्पादन के साथ आय बढ़ाने की बात कही। साथ ही तकनीकी जानकारियां साझा कीं। विशेषज्ञ डॉ. स्नेहा दोहरे व डॉ. अरविंद नेगी ने उद्यमिता विकास के लिए युवा प्रतिभागियों को जागरूक किया व स्टार्ट–अप से जुड़ी समस्त वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों एवं शर्तों की जानकारियां दीं। इस दौरान डा. सुमित पुरोहित, डॉ. मणिन्द्र मोहन, डा. कंचन कार्की एवं डा. साक्षी पेन्यूली डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. सुबोध कुमार भटनागर, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. संगीता शर्मा मौजूद रहे।

### युवा कांग्रेस ने फूंका एसबीआई का पुतला


एसबीआई का पुतला दहन करते कार्यकर्ता।

**रामनगर।** शहर में युवा कांग्रेस ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ प्रदेश सह प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर पुतला फूंका। लखनपुर स्थित बैंक शाखा के सामने नारेबाजी करते हुए के बीच सुमित लोहनी और पूर्व सभासद तनुज दुर्गापाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद एसबीआई इलेक्टोरल बॉन्ड्स के दानदाताओं के नाम सार्वजनिक नहीं कर रहा है। इस दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित कुमार, दीपक राणा, प्रदेश महासचिव सचिन कुमार आर्य, अब्दुल रहमान, छात्रसंघ अध्यक्ष ललित कड़ाकोटी, प्रमोद कुमार, आसिफ सिद्दीकी, सलमान सलमानी, सोनू, राहुल रावत आदि मौजूद रहे।

### नैनी महिला एवं बाल विकास समिति की होली कार्यशाला शुरू

**नैनीताल।** नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल में होली कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को होली के गीतों एवं नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। होली खेले पशुपति नाथ नगर नेपाला में, मोहे मिल गया नंद का लाल रसिया होलिंन में,भगा रे भागा नदलाला, रे राधा ने पकड़ा रंग डाला,उड़ी गयो अबीर गुलाल आदि गीतो में नृत्य का अभ्यास किया गया। समिति की अध्यक्ष शैलजा ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण 21 मार्च तक चलाया जाएगा। इस दौरान अंजू बिष्ट, आनंदी बगड़वाल, भावना आर्या, हंसा रावत, ललिता, मोहिनी बिष्ट, पार्वती उप्रेती, रेनू कोहली, सुनीता आर्या, सुमन महोड़ी, शांति रजवार मौजूद रहीं।

### दंत चिकित्सक ने ऐक्रेलिक रेजिन से बनाई रामलला की मूर्ति

**रामनगर।** राम भक्ति में रमे रामनगर निवासी दंत चिकित्सक अमित शर्मा ने एक्रेलिक रेजिन से रामलला की सुंदर मूर्ति बनाई है। डॉक्टर का कहना है कि वो रामलला की मूर्तियां बनाकर लोगों को निशुल्क वितरित करना चाहते हैं। डेंटिस्ट अमित शर्मा ने बताया कि दांतों के उपचार में इस्तेमाल किए जाने वाले ऐक्रेलिक रेजिन से रामलला की मूर्ति बनाई गई है। इसको बनाने के लिए थ्री डी प्रिंटर का इस्तेमाल किया गया है।


चिकित्सक द्वारा बनाई गई मूर्ति।

### आज होगा कुमाउनी व बृज होली गायन कार्यक्रम

**हल्द्वानी :** धार्मिक संस्था श्री हरिशरणजन के संत भाईजी द्वारा कुमाउनी व बृज की होली गायन का भव्य कार्यक्रम आज तिरुपति बैंकट हॉल, पनचक्की में आयोजित किया जाएगा, जिसमें वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की सहभागिता भी है। समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शुरु होगा। इस अवसर पर पीडी पांडे, डीसी पंतोला, डीके बल्यूटिया, भगवती बिष्ट, आनंद सिंह भाकुनी, विपिन चंद्र, मयंक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी ने बनाई फाइनल में जगह

**हल्द्वानी :** जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में चल रही क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी कांटे की टक्कर देते हुए रूद्रा लायंस रुद्रपुर को 2 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 40 ओवर में सभी विकेट खोकर 144 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए मनमोहन सिंह भंडारी ने सर्वाधिक 47 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रूद्रा लायंस की टीम ने सभी विकेट खोने के बाद 142 रन पर ही सिमट गई इसी के साथ कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी ने फाइनल में जगह में बनाई।

# महिला सशक्तीकरण का किया आह्वान

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ट्रैफिक महिला पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित


महिला अस्पताल में भर्ती महिलाओं को फल बांटतीं साथी संगठन की सदस्य।


रामनगर में महिला दिवस पर मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की ओर से महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। कालाढूंगी चौराहा पर महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाई गई। इस दौरान अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, अलका टंडन, रुपेन्द्र नागर, नन्द किशोर आर्या, बलराम हालदार, आर्यन प्रजापति, संदीप यादव, कबीर प्रजापति, रोहित कुमार, मुकेश कुमार आदि रहे।

**महिला दिवस पर संघर्षशील महिलाओं को किया याद :** रामनगर महिला दिवस पर पीएनजीपीजी महाविद्यालय के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हो रहे एनएसएस कैंप में संघर्षशील महिलाओं को किया याद किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमिता लोहनी रहीं। उन्होंने बालिकाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने को कहा। कैंप प्रभारी डॉ. ममता जोशी भदोला ने कैंप की गतिविधियों की जानकारी दी। शिक्षक मंडल के राज्य संयोजक नवेंदु मठपाल, हर्षिता उप्रेती ने महिला दिवस के इतिहास पर जानकारी दी।

### साथी संगठन ने बांटे महिलाओं को फल

**हल्द्वानी :** साथी संगठन की ओर से महिला दिवस के मौके पर शुक्रवार को महिला अस्पताल की स्टाफ की मदद से करीब 100 उपचार करा रही महिलाओं व उनकी सेवा में लगी स्टाफ महिलाओं का हौसला बढ़ाया। इसी के साथ फल वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर आनंद सिंह ठठोला, आरपी सिंह, लक्ष्मण सिंह गौनिया, आनंद सिंह रावत, क्षमा तिवारी, नीमा जोशी मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने किया नारी न्याय सम्मेलन

**रामनगर।** महिला दिवस पर महिला कांग्रेस ने कांग्रेस कार्यालय रामनगर में नारी न्याय सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस ज्योति रौतेला का रामनगर आगमन पर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक रणजीत रावत कहा कि आज भाजपा सरकार में न तो महिलाएं सुरक्षित हैं और न ही युवाओं का भविष्य सुनहरा है। इस दौरान 130 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। सभा को नैनीताल जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस खष्टी बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस ऊषा जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस मालधन पुष्पा देवी, प्रदेश महामंत्री सुमन जोशी, बीना रावत, ममता आर्य आदि मौजूद रहीं।


रामनगर में महिलाओं को सम्मानित करते पूर्व विधायक व महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष।


पुरस्कारों के साथ सम्मानित ई–रिक्शा चालक महिलाएं। ● अमृत विचार

# ई-रिक्शा महिला चालकों को किया सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जय शारदा जन कल्याण समिति ने महिला दिवस का सफल व शानदार आयोजन बिठोरिया नंबर-1, में आदर्श वेंकट हॉल में शुक्रवार को किया। मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला व संस्था अध्यक्ष नीमा बिष्ट ने दीप प्रज्ज्वलित किया। बीपीएल शिक्षा प्रयास समिति के बच्चों ने सरस्वती वंदना की। विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने स्वागत व समूह गीत और होली गीत प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही 11 महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, बैणी सेना, उतरायणी स्वायित्व सहकारिता समूह, जय दुर्गा समूह, भिटौली समूह, निर्मला सोसाइटी की महिला सदस्यों को भी समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र दिए गए।

ललिता कापड़ी ने संचालन किया। अतिथियों ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। महिलाओं ने केक काटा और झोड़ा, पहाड़ी नृत्य किया। इस अवसर पर अलका जीना, कल्पना बोरा, मनोज नेगी, अंजू कठायत बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर सायंकालीन स्कूल में कार्यक्रम

**रामनगर।** महिला दिवस की पूर्व संध्या पर ज्योतिबा फुले सायंकालीन स्कूल, पूछड़ी में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम हुए। विद्यालय की शिक्षिका शबनम ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नवेंदु मठपाल, नंदराम आर्य, बालकृष्ण चंद, तारिक मोहम्मद, शबनम, सुजल आर्य, दिव्या आर्य, सफूरन, अनुली देवी, रेशमा, शांति देवी, सावित्री देवी मौजूद रहे।

# उत्पीड़न के विरोध में दिया धरना

- बनभूलपुरा में महिलाओं का उत्पीड़न करने वाले अधिकारियों को दंडित करने व अंकिता को जल्द न्याय दिलाने की मांग उठाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य में महिलाओं के साथ हो रहे दमन व उत्पीड़न के विरोध में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंडिया गठबंधन ने शुक्रवार को बुद्ध पार्क में धरना किया। वक्ताओं ने बनभूलपुरा में महिलाओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को दंडित करने, अंकिता को न्याय दिलाने, अंकिता मामले में वीआईपी के नाम का खुलासा करने की मांग उठाई।

वक्ताओं ने कहा कि 8 फरवरी की बनभूलपुरा हिंसा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को एक माह बीत चुका है, लेकिन अभी भी पुलिस का वहां के युवाओं, महिलाओं आदि का उत्पीड़न जारी है। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए और दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड को डेढ़ साल का समय बीत चुका है, लेकिन राज्य की धामी सरकार ने न तो अभी तक अंकिता के अपराधी को दंड दिया और न ही जिस वीआईपी के कारण अंकिता की हत्या हुई, उसके नाम का खुलासा किया गया, जबकि मुख्यमंत्री ने अतिशीघ्र जांच और फास्ट ट्रैक कोर्ट से न्याय की बात कही थी। धरने में भाकपा माले जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, सपा के नेता अवतार सिंह, सर्वोदय मंडल अध्यक्ष इस्लाम हुसैन, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मधु सांगुडी मौजूद रहे।

# त्योहारों पर ही जागता है विभाग

- होली, दीवाली पर ही सताती है लोगों की सेहत की चिंता
- बाकी दिनों ढुलमुल छापेमारी से होती है खानापूर्ति

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्य प्रणाली को देखें तो विभाग को लोगों के सेहत की चिंता केवल त्योहारों के दौरान ही सताती है। बाकी समय विभाग की ओर से खाद्य पदार्थों की जांच में केवल खानापूर्ति ही जाती है। जिस वजह से लोग बीमारी वाला खाना खाकर बीमार पड़ रहे हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से होली से पहले छापेमारी तेज करने की बात कही जा रही है। जहां तक बात विभाग की ओर से पूरे साल किए जाने वाली कार्रवाई की है तो त्योहारी सीजन के अलावा अन्य दिनों विभाग की ओर से ढूलमूल कार्रवाई ही जाती है।

नैनीताल जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में फरवरी माह तक 251 लीगल सैंपल लिए थे। इनमें 475 सर्वे सैंपल थे। हालांकि सर्वे सैंपल के परिणाम के तुरंत बाद कार्रवाई करने का प्रावधान नहीं है। लीगल जांच की बात करें साल 2022-23 में नैनीताल जिले में 249 लीगल जांच के लिए सैंपल लिए गए थे। इस लिहाज से इस वित्तीय वर्ष में लीगल जांच के सैंपलों की संख्या थोड़ी बढ़ी है। होली, दीवाली और रक्षाबंधन के दौरान ही पूरे साल लिए जाने वाले सैंपलों में से करीब 60 प्रतिशत सैंपल लिए जाते हैं। बाकी के दिनों में विभाग की ओर से खाद्य पदार्थों की जांच काफी सुस्त गति से होती है।

## 282 सैंपलों की आई रिपोर्ट

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल की ओर से रुद्रपुर स्थित लैब में भेजे गए सैंपलों में इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 282 सैंपलों की जांच रिपोर्ट आ गई है। भेजे जाने वाले सैंपलों की जांच रिपोर्ट आने में एक साल तक का समय लग जाता है।

> खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से साल भर खाद्य पदार्थों की जांच की जाती है। त्योहारी सीजन में जांचों को विशेष तौर पर बढ़ा दिया जाता है।
> –**संजय कुमार सिंह,** अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा विभाग, हल्द्वानी

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly



छोटा कैलाश मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार



नैनीताल के नयना देवी मंदिर में दर्शनों को पहुंची युवतियां। ● अमृत विचार

# सुबह-सुबह लेकर शिव का नाम, पहुंचे भोले बाबा के धाम

## महाशिवरात्रि पर छोटा कैलाश मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, आज होगा भंडारा, कांवड़ियों की भी उमड़ी रही भीड़

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं के प्रसिद्ध मेले में शुमार छोटा कैलाश में शिवरात्रि के मौके पर डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन किए और सुख समृद्धि की कामना की। मान्यता के मुताबिक भगवान शिव ने इस चोटी से महाभारत का युद्ध देखा था। भ्रमण के दौरान भगवान शिव पार्वती इस चोटी पर रुके थे।



शुक्रवार की सुबह से ही उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के हजारों श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। इस दौरान पूरी चोटी बम-बम भोले व हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठी। मंदिर समिति और आदि कैलाश विकास समिति के पदाधिकारियों के मुताबिक इस बार श्रद्धालुओं की संख्या ने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। भटेलिया से मंदिर तक तीन किमी ऊंचाई श्रद्धालुओं से भरी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधिक थी कि एक भक्त को मंदिर तक पहुंचने में चार से पांच घंटे का समय लग गया। वहीं पूरे मार्ग में विभिन्न शहरों से आए श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया था।

इस दौरान आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलडिया, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, प्रेम बल्लभ बृजवासी, एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार, तहसीलदार धारी नैनीताल थानाध्यक्ष भीमताल जगदीप नेगी आदि लोग मौजूद रहे।

| | | |
|---|---|---|
| **01** लाख पचास हजार श्रद्धालुओं ने किए छोटा कैलाश के दर्शन | **03** किलोमीटर ऊंचाई भटेलिया से मंदिर तक कतार में खड़े रहे श्रद्धालु | **01** माह पूर्व स्थापित पार्वती शिव की मूर्ति रही छोटा कैलाश में विशेष आकर्षण का केन्द्र |



छोटा कैलाश मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

**आस्था**

### नैनीताल में 125 लीटर दूध का वितरण किया गया

**नैनीताल :** महाशिवरात्रि पर नयना देवी मंदिर में हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। हनुमानगढ़ी, गुफा महादेव मंदिर, पाषाण देवी मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। नगर में शिव भक्तों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। तल्लीताल बाजार में शिव भक्त व्यापारियों ने करीब 125 लीटर दूध का वितरण किया। इस दौरान निवर्तमान सभासद मोहन नेगी, विक्की राठौर, शनि मौजूद रहे। हरिद्वार से गंगा जल लेकर आए कांवड़ियों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर आराध्य देव शिव की पूजा अर्चना की।

### पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने से लगा जाम

**भीमताल :** छोटा कैलाश में शिवरात्रि मेले के दौरान पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को खासी परेशानी हुई। इस दौरान जाम लगा रहा। मेले प्रबंधन में लगे आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलडिया ने कहा कि मेले में जिस तरह से श्रद्धालुओं की संख्या हर वर्ष बढ़ रही है। उसके मुताबिक क्षेत्र में लगभग दस हजार से अधिक वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था होनी चाहिए। इधर यातायात व्यवस्था को संभालने में पुलिस कर्मियों को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी।

### छोटा कैलाश में शिव-पार्वती की मूर्ति विशेष आकर्षण का केंद्र

**भीमताल :** छोटा कैलाश में एक माह पूर्व स्थापित पार्वती शिव की मूर्ति विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। शिव पार्वती कुंड में स्थापित मूर्ति को राजस्थान से लाया गया है। मनरेगा के तहत पार्वती शिव कुंड बनाया गया है।

# दूध, बेलपत्र, बेर और धतूरा चढ़ाकर की सुख, शांति व समृद्धि की कामना

**श्रद्धा**

- भगवान शंकर की आराधना के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़
- मंदिरों के साथ घरों में भी की गई पूजा-अर्चना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर भगवान शंकर भोले की आराधना करने के लिए शुक्रवार सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों में भोले के दर्शन करने के लिए गजब का उत्साह देखने को मिला। मंदिरों के साथ ही घरों में भी सुबह से ही पूजा-अर्चना शुरू हो गयी थी।

श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, बेर, धतूरा और पुष्प चढ़ाकर सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान भोले के भक्तों ने बम-बम भोले के जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। तड़के चार बजे से लेकर दोपहर तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही।



मुखानी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### भंडारे के साथ होगा रामायण का पारायण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रोडवेज स्टेशन में स्थित शिव मंदिर में रोडवेज कर्मचारियों की ओर से महाशिवरात्रि पर अखंड रामायण और भंडारे का आयोजन किया गया। रामायण में सभी कर्मचारियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। अखंड रामायण में पंडित गिरीश चंद्र तिवारी, यजमान उमेश चंद्र जोशी, बीडी सांगुड़ी, प्रदीप बिष्ट, बृजेश परिहार उपस्थित रहे। उमेश चंद्र जोशी ने बताया कि आज (शनिवार को) भव्य भंडारे के साथ अखंड रामायण का पारायण किया जाएगा।

**कालाढूंगी**

**कालाढूंगी :** प्राचीन शिव मंदिर, सिद्धस्थल, जटारौल, मोटेश्वर महादेव, रोखड़िया बाबा मंदिर, हनुमान मंदिर, ब्रहमबुबु मंदिर व सीतावनी मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। नयागांव स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर में हरिद्वार से कावड़ लेकर आये भक्तों ने गंगा जल चढ़ाया। मंदिरों में भीड़ अधिक होने के कारण मंदिरों के बाहर पुलिस बल तैनात नजर आए।



मोटेश्वर महादेव मंदिर में शिव के दर्शनों के लिए लगी भक्तों की कतार। ● अमृत विचार

**लालकुआं**


समीपवर्ती बिंदुखत्ता के श्री हंस प्रेम योग सतपाल महाराज आश्रम में चल रहे पांच दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव में शुक्रवार को विशाल भंडारे एवं ज्ञान यज्ञ सत्संग का आयोजन का हुआ। सत्संग समागम में महात्मा सुबोधानंद जी महाराज ने शिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुंदर भजन कीर्तनों की भी प्रस्तुति की गई। मुख्य आकर्षण शिव पार्वती विवाह की मनोहर झांकी रही। इस अवसर पर महात्मा सुमिता बाई ने ज्ञान यज्ञ, प्रचारिका बाई स्नेहा, बाई हेमंती, बाई नगीना, बाई आभा, भाई विशेषानंद, हरेंद्र बोरा, हेमवती नंदन दुर्गापाल, राजेंद्र सिंह खनवाल, राजेंद्र दुर्गापाल आदि मौजूद रहे।



आश्रम में आयोजित सत्संग समागम में उपस्थित जनसमूह। ● अमृत विचार

### बेलबाबा मंदिर में लगा भक्तों का तांता

रामपुर रोड पर स्थित बेलबाबा मंदिर में हर बार की तरह इस बार भी भक्तों की भीड़ रही। साथ ही पटेल चौक स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मंगलपड़ाव स्थित प्राचीन शिव मंदिर, शीतलाहाट मंदिर, लामाचौड़ स्थित चारधाम मंदिर और गौलापार स्थित कालीचौड़ मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



बेलबाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की लगी कतार।

### सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की कतार

नीलियम कॉलोनी स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भी भोले के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालु भोले के दर्शन के लिए कतार में घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे। लोगों ने शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र आदि चढ़ाए।



रामनगर में शिवरात्रि मेले में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

**रामनगर**

**रामनगर।** गूलर सिद्ध व माता बाल सुंदरी देवी पर्यावरण सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल मेले का आयोजन किया गया। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। प्रशासन द्वारा विशाल मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया था।



सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



छोटा कैलाश मंदिर में दर्शन करते समाजसेवी अंकित तोलिया।

### महाशिवरात्रि पर वितरण किया आलू का प्रसाद

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ऊंचा पुल स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनायी गयी। मंदिर में सुबह से ही शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शिव प्रसाद के रूप में आलू का वितरण किया गया। इस मौके पर संयोजक टीकम सिंह पतलिया, संरक्षक प्रमोद पंत, मोहन सिंह, शंकर दत्त कांडपाल, मोती राम पालीवाल, शंकर दत्त पांडे, उमेश, डूंगर सिंह पतलिया, प्रमोद जोशी आदि उपस्थित रहे।


रुद्रपुर में भगवान शिव की वेशभूषा में सजे कलाकार के साथ शिव बारात में शामिल विधायक शिव अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार


रुद्रपुर में महाशिवरात्रि पर निकाली गई शिव बारात में नाचते शिवगण। ● अमृत विचार

## शिवभक्त कांवड़ियों के स्वागत में लगाया भंडारा

**काशीपुर।** हरिद्वार से कांवड़ लेकर आये शिवभक्तों का पाल समाज के लोगों ने कटोराताल क्षेत्र में स्वागत किया। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया। मौके पर दीपू पाल, कपिल पाल, पवन पाल, अन्नू पाल, शिव पाल आदि मौजूद रहे। उधर अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा महानगर इकाई द्वारा शिव भक्त कांवड़ियों को चैती चौराहे पर फल वितरण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री पंडित उमेश जोशी एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष पंडित शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट आदि लोग उपस्थित थे। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष अरोरा बॉबी के नेतृत्व में भी कांवड़ियों को गंगे बाबा रोड स्थित चौराहे पर स्वागत किया गया। इस मौके पर अरुण चौहान, पार्थ अरोरा, श्रृष्टा अरोरा, अलका पाल आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर बम-बम भोले के उद्घोष से गूंजे शिवालय

### सुबह से ही मंदिरों में लगीं श्रद्धालुओं की कतारें, शिवलिंग पर किया दुग्धाभिषेक, परिवार और देश की सुख-समृद्धि की कामना की


रुद्रपुर के शिव मंदिर में दुग्धाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


रुद्रपुर में शिव बारात के दौरान सेल्फी लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर शहर के शिवालय बम-बम भोले के उद्घोष से गूंज उठे। सुबह से ही बाबा भक्तों का मंदिर में तांता लगा रहा और भक्तों ने शिवलिंग पर दूध एवं जल का अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

शुक्रवार की सुबह होते ही शहर के मुख्य पांच मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, तुलसी धाम मंदिर, दुर्गा मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर, तुलसी धाम मंदिर, प्राचीन अटरिया मंदिर सहित वार्ड में स्थापित शिव मंदिरों में शिव भजन गूंजने लगे। सुबह होते ही बाबा भक्तों ने स्नान कर शिव पूजन सामग्री के साथ ओम नमः शिवाय का जाप किया और शिवलिंग पर दूध एवं जलाभिषेक किया।

**भक्तिभाव**

**▸▸ मंदिरों में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद रही**

मंदिरों में बम भोले के उद्घोष से वातावरण शिवमय हो गया। इस दौरान मंदिरों में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। पौराणिक कथानुसार आठ मार्च को महादेव और माता पार्वती का विवाह होता है। यहीं कारण है कि हर साल फाल्गुन माह की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। इस दिन को शिवलिंग की आराधना करना शुभ होता है।

# शिव बारात में उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर में पहली बार महाशिवरात्रि के मौके पर शिव बारात का आयोजन किया गया। शिव बारात में शहर के संभ्रांत नागरिकों के साथ बाबा भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा और ढोल नगाड़ों के साथ बाबा भक्त झूमते-गाते शिव बारात में शामिल हुए। शिव बारात के चलते शहर शिवमय हो गया।

शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर श्री अमरनाथ सेवा मंडल द्वारा शिव बारात का आयोजन किया। दोपहर चार बजे से शहर के मुख्य पांच मंदिर में शिव भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। जहां विधायक शिव अरोरा, भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, सनातन धर्म सभा और अमरनाथ सेवा मंडल के पदाधिकारियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और कांवड़ियों के साथ ही शिव बारात में शामिल लोगों को लंगर का प्रसाद वितरण किया।

बारात में सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शिव बारात मुख्य बाजार से होकर गांधी पार्क पर समाप्त हुई। जहां देर रात्रि होने वाले शिव जागरण के बाद शिव-पार्वती का विवाह होगा।

इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, सभा के सरपरस्त नंद लाल भुड्डी, उप प्रधान तिलकराज घई, विजय जग्गा, अमित अरोरा के अलावा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्ढा, सुनील ठुकराल, राजेंद्र राठौर, नितिन भल्ला, रवि सिडाना, मानिक अरोड़ा के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

**हिंदू आस्था का प्रतीक है महाशिवरात्रि**

**रुद्रपुर।** विधानसभा के भाजपा विधायक शिव अरोरा ने कहा कि पहली बार निकली शिव बारात में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हिंदू संस्कृति में महाशिवरात्रि आस्था का प्रतीक है, क्योंकि भारत देवी-देवताओं की जननी है। करोड़ों हिंदुओं की आस्था की बदौलत ही भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है और विदेशों में भी हिंदू संस्कृति का डंका बज रहा है। अगले वर्ष शिव बारात को भव्य तरीके से निकालने का प्रयास किया जा एगा।

## हर-हर महादेव...


पुरातन शिव मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## प्रात : 4 बजे से गदरपुर में श्रद्धालुओं ने जल चढ़ाया

**गदरपुर/नानकमत्ता।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने विभिन्न शिव मंदिरों में प्रात : 4 बजे से पूजा अर्चना के साथ पुरातन शिव मंदिर, बुध बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर आदि में जलाभिषेक किया। इस अवसर पर मंदिरों को खूब सजाया भी गया। पुरातन शिव मंदिर श्री सनातन धर्म मंदिर करतारपुर कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, आवास विकास स्थित शिव मंदिर, बड़ा खेड़ा शिव मंदिर आदि में महाशिवरात्रि की खूब धूम रही। इस मौके पर पुरातन शिव मंदिर के अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा, सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष वेद बजाज, मुख्य बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष अजीत भुसरी, नायब सिंह धालीवाल, वेद भगत, अनिल गुंबर, सोमनाथ छाबड़ा, रोहित पोपली, दिव्या पोपली, सतीश कुमार, बबीता शर्मा, सौरव बजाज, सनी बजाज, राजेश कुमार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। वहीं नानकमत्ता के मन्दिर व शिवालयों में भक्ति भाव के साथ पूजा कर महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्र के ध्यानपुर के नन्दीश्वर व पशुपती नाथ शिव मन्दिर, सुनखड़ी के शिव मन्दिर आदि में श्रद्धालुओं अपने आराध्य शिव को जल चढ़ाया।


शक्तिफार्म में परिवार के साथ जल चढ़ाने पहुंचा घायल कांवड़िया। ● अमृत विचार

## हादसे में घायल कांवड़िये ने परिवार संग किया जलाभिषेक

**शक्तिफार्म।** केलाखेड़ा सड़क हादसे में घायल हुए कांवड़िये ने परिवार के साथ जलाभिषेक किया। बुधवार को केलाखेड़ा के मुख्य चौराहे पर पीछे से आए वाहन ने कांवड़िये टक्कर मार दी थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कांवड़िया गोविंद मित्रा (26) पुत्र भोला मित्रा पांच क्वाटर, बैकुंठपुर का रहने वाले हैं। उनके परिवार में उसकी पत्नी, मां और करीब आठ माह का बेटा है। गोविंद ने बताया कि उसका बच्चा पैदा होने के बाद गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती था, जिसको लेकर उसने मन्नतें मांगी थीं। मन्नत पूरी होने पर वहां कांवड़ लेने हरिद्वार गया, जहां से लौटते वक्त केलाखेड़ा में दुर्घटना हो गई। उसने बताया कि उसने जय बाबा तारकनाथ धाम सुरेंद्रनगर में परिवार संघ जलभिषेक किया।

## ओम नमः शिवाय की धुन से गूंज उठी शान्तिपुरी

**शान्तिपुरी।** शातिंपुरी क्षेत्र में शिवरात्रि के महापर्व पर प्राप्त : काल से देररात्रि तक शिवालय में ओम नम : शिवाय की मधुर धुन गूंजते रहे। यहां शिव भक्तों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बने शिवालयों में प्रात : काल से ही भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए कतारों में लग गए और लोगों ने व्रत धारण कर श्रद्धा भाव से निवार्चन किया। इस दौरान कई स्थानों पर भोले के भक्तों ने कांवड़ियों के लिए भंडारे के स्टॉल लगाए। वहीं शांतिपुरी नंबर दो के मनसा देवी मंदिर में शिव भक्तों ने जल चढ़ाकर कीर्तन भजन किए और खुशहाली की प्रार्थना की। इसके साथ ही शातिंपुरी शिव मंदिर 1, 2, 3, 4, 5 सूर्यनगर, जवाहरनगर, 12 नंबर देवी मंदिर, भरतपुर, गोलगेट, शान्तिपुरी गेट, शीशम भुजिया, शिवपुरी नंबर 6, सत्संग आश्रम, तिकोनिया, 17 एकड़, हल्दूधार, गांधीनगर, शांतिनगर, ढाकानी, जयग्राम, दवाई फॉर्म आदि स्थानों पर भी भारी संख्या में शिव भक्तों ने शानदार आयोजन कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।

# किच्छा में जलाभिषेक के लिए लगा श्रद्धालुओं का तांता

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि का पर्व नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था के साथ मनाया गया। नगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार नजर आई। नगर स्थित मंदिरों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

नगर के श्री सनातन धर्म मंदिर, श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर एवं श्री कृष्ण बलदेव मंदिर में सर्वप्रथम हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। सुबह तड़के से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतार लग गई। कांवड़ियों के जलाभिषेक करने के बाद श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना का शुरू हुआ सिलसिला शाम तक जारी रहा। महाशिवरात्रि पर्व के चलते नगर के मंदिरों को विद्युत झालर एवं फूलों से सुंदर तरीके से सजाया गया। हर हर महादेव एवं भोलेनाथ की जय के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, भांग, बेर, अक्षत, दूध, शहद, धूप आदि चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ के चरणों में नमन किया और सुख समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। नगर स्थित श्री शिरडी सांई मंदिर, हनुमान मंदिर, चीनी मिल मंदिर, श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, श्री राधा कृष्ण मंदिर, पुरानी गल्ला मंडी स्थित शिव मंदिर, बाईपास स्थित काली मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। नगर के बरेली मार्ग स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित ब्रह्मानंद शर्मा ने बताया कि मंदिर में शनिवार को भंडारा लगेगा। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू जायसवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख मीनू कोली, राजू खुराना, लवी सहगल, रितेश बंसल, धर्मराज जायसवाल, छोटेलाल कोली, नितिन शर्मा, किशन गोयल, शैली फुटेला, पूनम अग्रवाल, राहुल गांधी, पूजा गांधी, रितु अग्रवाल, वीरेंद्र गंगवार, मोनिका सहगल, ज्योति सहगल, रेणुका सहगल, दया डसीला, डॉ संगीता शर्मा, प्रेमलता चौहान, आरती दुबे, मीरा तिवारी आदि रहे।


किच्छा में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## झारखंडेश्वर मंदिर में उमड़े भक्त

**शक्तिफार्म।** पौराणिक झारखंडेश्वर मंदिर सहित तमाम शिवालयों में भक्तों ने जलाभिषेक किया। इस दौरान शिवालय हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर पौराणिक झारखंडेश्वर मंदिर सहित क्षेत्र के तमाम शिवालयों में भक्तों का जमावड़ा शुरू हो गया। इस पावन पर्व पर मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया गया। साथ ही पौराणिक मंदिर में विशेष आस्था रखने वाले थारू जनजाति के लोग भी ट्रैक्टर, आटो आदि वाहनों से मंदिर में दर्शन करने पहुंचे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

**श्रद्धा** | बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर, शापिंग कांप्लेक्स स्थित शनिदेव मंदिर समेत कई स्थानों पर उमड़े शिवभक्त

# बाजपुर में महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर किया जलाभिषेक

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया। लोगों ने शिवालयों में पहुंच कर महामृत्युंजय मंत्र के जाप के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान शिवालयों में भारी संख्या में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने व्रत रखकर घर-परिवार व क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं बरहैनी में हरिद्वार से पैदल गंगाजल लेकर पहुंचे करीब 300 कांवड़ियों ने प्राचीन शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

शुक्रवार को तड़के कांवड़ियों द्वारा हरिद्वार से लाए गए गंगाजल से श्रद्धापूर्वक शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। नगर के हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर, शापिंग कांप्लेक्स स्थित शनिदेव मंदिर, रामराज रोड स्थित तीन मंदिर, आलापुर स्थित नीलकंड महादेव मंदिर, धनसारा स्थित गौरी-शंकर शिव मंदिर, चीनी मिल में स्थित प्राचीन शिव मंदिर, बांकेनगर स्थित संकटमोचन श्रीबालाजी घाटा मंदिर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र बन्नाखेड़ा, बरहैनी, बेरिया दौलत, महेशपुरा, गांव बाजपुर, दोराहा आदि में भीड़ रही।


बाजपुर में गंगाजल से भरे विशाल कलश को रथ पर रखकर हरिद्वार से बाजपुर लेकर पहुंचे कांवड़िये।

## गंगाजल से भरे विशाल कलश को हरिद्वार से लेकर पहुंचे

**बाजपुर।** 251 लीटर गंगाजल से भरे विशालकाय कलश को रथ में रखकर हरिद्वार से पैदल बाजपुर पहुंचे ऊं शिव कांवड़ दल ने प्राचीन शिव मंदिर हल्द्वानी बस अड्डा में आम श्रद्धालुओं को गंगाजल वितरित किया। उद्देश्य यही था कि जो श्रद्धालु किसी कारणवश हरिद्वार कांवड़ यात्रा पर नहीं जा पाए और उनके मन में गंगाजल से ही शिवलिंग पर जलाभिषेक करने की अभिलाषा रही वह पूरी हो। इस मौके पर महंत बंटी ठक्कर, संदीप गुप्ता उर्फ विक्की, सन्नी चानन, बिट्टू बत्रा, सिद्धार्थ गर्ग उर्फ सिद्धू, प्रतीक ग्रोबर, वैभव ठक्कर, नवनीत गोयल, अनिल कौशिक, देबू, दीपक अग्रवाल, अनिल बाबा, अभिषेक, सुमित, मोनू अग्रवाल, विकास आदि मौजूद रहे।

## मेले में लोगों ने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया

**बाजपुर।** ग्राम पंचायत बरहैनी क्षेत्रांतर्गत स्थित प्राचीन झारखंडी शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर लगे मेले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान जनजाति समाज के लोगों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। मेले में महिलाओं व बच्चों ने खेल-खिलौने व सजावटी सामान की खूब खरीदारी की। वहीं एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष मान सिंह, संरक्षक योगेश डोबाल, सचिव हरीश दानू, उपाध्यक्ष शेर सिंह, कोषाध्यक्ष डा .मोहन चंद पांडे, शेर सिंह राठौड़, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, अमर सिंह, मीना देवी, सरस्वती देवी, राकेश सिंह, किशन सिंह नेगी, विशन जोशी, प्रह्लाद सिंह आदि मौजूद थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

### वनखंडी महादेव मंदिर चकरपुर के शिवरात्रि मेले का उद्‌घाटन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा

# प्रदेश की पांचों सीटें भारी अंतर से जीतेगी भाजपा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाशिवरात्रि पर बनखंडी महादेव मंदिर चकरपुर में सप्तहभर तक लगने वाले मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर देश प्रदेश वासियों के लिए खुशहाली की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

चकरपुर स्थित बनखंडी महादेव मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने मेले का शुभारंभ और पूजा अर्चना के बाद पत्रकारों के रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 400 पर के नारे को सही करार देते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश की पांचों सीटें भारी मतों से जीत रही है। बता दें कि मुख्यमंत्री धामी विगत कई वर्षों से चकरपुर में लगने वाले महा शिवरात्रि मेले का शुभारंभ करते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कैंप कार्यालय लोहिया हेड में भी जनता की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, जीवन सिंह धामी, गोपाल सिंह बिष्ट, भवानी भंडारी, ललित बोरा, सोमनाथ, विक्रम भट्ट, कमलदीप राणा, गोपाल बोरा, नवीन बोरा, रमेश जोशी, सतीश गोयल, नंदन सिंह खड़ायत, रेनू भंडारी, मोहिनी पोखरिया, भुवन भट्ट, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजुनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार हिमाशु जोशी, कोतवाल प्रकाश दानू, थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट, प्रियांशु जोशी आदि मौजूद थे।



खटीमा में चकरपुर के महादेव मंदिर परिसर में शिवरात्रि मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

### पोलियो बूथ पर बच्ची को पिलाई ड्रॉप

मुख्यमंत्री वनखंडी महादेव मंदिर परिसर में लगाए गए पोलियो बूथ पर भी पहुंच स्टाफ का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने एक बच्ची को पोलियो ड्रॉप भी पिलाई। वहीं चकरपुर के महादेव मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने अमाउं में रुक कर रेस्टोरेंट में लस्सी का आनंद लिया।

# थोड़ी सी विषमता पर पैदा हो जाती है अशांति : चैतन्यपुरी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** श्री हरि कृपा धाम आश्रम में श्री हरि चैतन्यपुरी महाराज के प्रवचन सुन भक्त मंत्र मुग्ध हो गये। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी विषमता होने पर घर परिवार व समाज में अशांति पैदा हो जाती है, लेकिन भगवान शंकर तो इतनी विविधताओं, विषमताओं, यहां तक कि एक दूसरे के स्वभाविक शत्रुओं को समेट कर बैठे हैं। इन विविधताओं व विषमताओं के बावजूद उनके परिवार में आपसी प्रेम और सद्भाव बरकरार रहता है।

महाराज के दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा और हरि बोल की धुन में सभी झूम उठे। शुक्रवार को श्री चैतन्य पुरी महाराज ने श्री हरेश्वर महादेव का महाभिषेक विश्व शांति एवं भारत की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। उसके बाद रामचरित मानस का पाठ किया गया। बाद भजन, कीर्तन व श्री महाराज के दिव्य प्रवचन हुए तथा दोपहर 1 बजे से भंडारे की व्यवस्था की गई। महाशिवरात्रि महोत्सव एंव विराट धर्म सम्मेलन में हजारों भक्तों के साथ साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, राज्यमंत्री ज्योति शाह मिश्रा, विधायक हल्द्वानी सुमित हृदयेश, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक जसपुर शैलेंद्र मोहन सिंघल, विधायक काशीपुर त्रिलोक सिंह चीमा व पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा आदि लोग उपस्थित रहे।



महादेव का जलाभिषेक करते श्री चैतन्य पुरी महाराज, केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट व अन्य।

# शिवभक्तों ने किया मोटेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक

### शहर के सभी शिवालयों में रातभर भक्तों ने की भगवान शिव की आराधना, भगवा वस्त्र में बम-बम भोले के उद्‌घोष से समूचा क्षेत्र गूंज उठा

महाशिवरात्रि

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मोटेश्वर महादेव मंदिर समेत क्षेत्र के तमाम शिवालयों में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान क्षेत्र के सभी मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जलाभिषेक के बाद सभी भोले भक्त अपने घरों को रवाना हो गए।

शुक्रवार को हरिद्वार व ऋषिकेश से पवित्र गंगाजल लेकर चैती मेला मैदान स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर में करीब एक लाख शिव भक्त भोले कांवड़ लेकर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में शिवलिंग पर पवित्र गंगा जल से अभिषेक कर खुशहाली की कामना की। इस दौरान भगवा वस्त्र में बम-बम भोले हर हर भोले के गगनभेदी उद्‌घोष से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

मंदिर में रात 12 बजे से जलाभिषेक करने वालों भक्तों की कतार लग गई थी। जिसे लेकर मंदिर प्रबंधन समिति व पुलिस ने पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। मंदिरों में जलाभिषेक का कार्यक्रम शाम तक जारी रहा।

वहीं मंदिर के बाहर मेले का आयोजन भी किया गया था। इसके अलावा महाशिवरात्रि के मौके पर मोहल्ला गौतम नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, टांडा उज्जैन स्थित शिव मंदिर, मोहल्ला पक्का कोट स्थित नागनाथ मंदिर, जसपुर खुर्द स्थित वासियों वाला मंदिर, मोहल्ला आवास विकास स्थित शिव पार्वती मंदिर, गिरीताल मंदिर, चामुंडा मंदिर, बांसियोवाला मंदिर समेत क्षेत्र के दर्जनों शिवालयों में तड़के से ही घंटे घड़ियाल की गूंज के बीच शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना के बीच उनका जलाभिषेक किया।



काशीपुर के मोटेश्वर महादेव मंदिर के बाहर जलाभिषेक के लिए कतार में खड़े शिव भक्त। ● अमृत विचार

### 60 से 70 हजार कांवड़ पहुंचीं मोटेश्वर महादेव मंदिर

काशीपुर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर चारों तरफ हर मंदिर हर घर में ओम नम : शिवाय की गूंज सुनाई दी। आज के दिन भगवान भोलेनाथ के असंख्य भक्तों ने उपवास रखकर रात भर जाप किया। वही हरिद्वार से गंगाजल लेकर आये कांवड़ियों ने मोटेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। मंदिर के मुख्य पुजारी राघवेंद्र नागर ने बताया कि इस साल मंदिर में करीब 60 से 70 हजार कांवड़ पहुंची है। जोकि पिछले साल की तुलना में कम है। जिसका कारण इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान बारिश का होना भी हो सकता है।

### कार की टक्कर से कांवड़िया सहित दो घायल

**बाजपुर।** कार की टक्कर से कांवड़िया सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरुवार की देर रात्रि चनकपुर निवासी शिवभक्त रामभजन पुत्र हरद्वारी पैदल हरिद्वार से गंगा जल लेकर आ रहे थे। ग्राम बरहैनी के समीप कार की टक्कर से रामभज गंभीर रूप से घायल हो गए। नई सड़क बरहैनी निवासी महमूद हसन पुत्र महहूब अली बाइक से बाजपुर से अपने घर की ओर जा रहे थे। ग्राम बरहैनी के समीप एक ही कार ने दोनों को पीछे टक्कर दी, जिसमें बाइक सवार व पैदल जा रहा शिवभक्त घायल हो गए।

# दिनेशपुर के मंदिरों में सुबह से दिखीं कतारें

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** प्राचीन शिव मंदिर रामबाग एवं क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों ने सुबह से जलाभिषेक किया। रामबाग में मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने तड़के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। तत्पश्चात हरिद्वार से पैदल चलकर पवित्र गंगा जल लेकर आए कांवड़ियों व शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जल चढ़ाकर मनौतियां मांगी।

इधर शिव मंदिर खटोला, मदनापुर, हरिपुरा, चरनपुर, चक्कीमोड़, ललपुरी, कूल्हा, तिलपुरी, दलीपनगर व धिमरीब्लॉक आदि शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। मेला अस्थाई चौकी प्रभारी एसआई नवीन चंद्र सुयाल ने मेला क्षेत्र से बाहर दुकान न लगाने व पॉलीथिन पर प्रतिबंध रखने एवं शनिवार से प्रातः 10 से रात्रि 10 बजे तक मेले में दुकान खोलने व बंद करने की दुकानदारों को हिदायत दी। इस मौके पर बुक्सा जनजाति कल्याण समिति अध्यक्ष बाबू सिंह तोमर, मेला व्यवस्थापक राकेश सिंह व नित्यानंद मंडल, पूर्व अध्यक्ष रामचंदर सिंह, किशोर मलिक, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, चंदननगर प्रधान विकास सरकार, खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।



दिनेशपुर में प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# नहर में गिरी डॉक्टर की कार

हादसा

- किच्छा से क्रेन मंगवाकर कार को नहर से बाहर निकलवाया, सुरक्षित हैं कार सवार

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** किच्छा की ओर जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर शांतिपुरी क्षेत्र में नहर में जा गिरी। डॉ. आरपी सिंह शुक्रवार दोपहर को कार से शांतिपुरी से किच्छा की ओर जा रहे थे।

शांतिपुरी मुख्य मार्ग पर बैंड के पास ब्रेक लगाने के बजाय गलती से एक्ससेलेटर पर पैर दबने से कार अनियंत्रित होकर पहा नहर में जा गिरी। कार में सवार डॉ. सिंह को कोई खास चोट नहीं आई। बाद में किच्छा से क्रेन मंगवाकर कार को नहर से बाहर निकलवाया गया।

बता दें कि जिस जगह हादसा हुआ है वहां पर पुलिया के निर्माण किया जा रहा लेकिन लंबे समय से काम रुका हुआ है। निर्माण सामग्री बिखरे होने से भी इस जगह पर हादसे की आशंका बनी रहती है।



हादसे के बाद नहर में गिरी कार। ● अमृत विचार

### यात्रियों से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा।** पुलिस ने रुद्रपुर से टनकपुर आ रही बस में नशे में धुत्त दो युवकों की ओर से यात्रियों के साथ मारपीट करने और बस को क्षतिग्रस्त कर फरार हो जाने का मामला दर्ज किया है।

उत्तराखंड परिणाम परिवहन निगम की बस के परिचालक बग्गा चौवन निवासी अमित चंद व चालक नवीन सिंह चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि गुरुवार की देर शाम टनकपुर डिपो की रोडवेज बस रुद्रपुर से टनकपुर आ रही थी। जिसमें दो यात्री बस में टनकपुर के लिए बैठे।

बाद में उन्होंने बस में ही धूम्रपान व शराब का सेवन कर यात्रियों से झगड़ा और मारपीट करने लगे। शराब की खाली बोतल से यात्री को मारने का प्रयास किया लेकिन बोतल बस के पिछले शीशे में लगी जिससे शीशा क्षतिग्रस्त हो गया।

# दो युवकों ने फंदे पर लटककर की खुदकुशी

हताशा

- ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर एवं शिव नगर के रहने वाले थे दोनों, सिडकुल की कंपनी में करते थे मजदूरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप स्थित आजाद नगर एवं शिव नगर बस्ती के रहने वाले दो युवकों ने फंदाकर लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिवार में कोहराम मच गया।

मूल रूप से ग्राम कैसरपुर थाना बिथरी चैनपुर बरेली हाल निवासी 23 वर्षीय महेंद्र कुमार परिवार के साथ रहता था और सिडकुल में मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि सात मार्च की शाम को अचानक उसने कमरे में जाकर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को लटका देख परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। बताया जा रहा है कि युवक नशे का लती था और नशे की लत के कारण ही उसने आत्महत्या का कदम उठाया। इसके अलावा वार्ड- सात देवनगर थाना ट्रांजिट कैंप निवासी 38 वर्षीय हरेंद्र कुमार परिवार के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि दंपति का अक्सर आपसी विवाद रहता था और मनमुटाव चल रहा था। सात मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि महेंद्र कुमार ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अलग-अलग वार्ड में हुई मौत के बाद परिवार में कोहराम मच हुआ है। थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि दोनों ही मृतक सिडकुल की कंपनी में मजदूरी करते थे और एक युवक नशे का लती और दूसरे का पारिवारिक विवाद होने की बात सामने आई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इसके बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।



मृतकों का पंचनामा भरती पुलिस। ● अमृत विचार

समाजसेवा

### श्री गौरी शंकर महादेव मंदिर आश्रम में आयोजकों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजन

# सामूहिक विवाह संस्कार में सात कन्याओं ने लिए फेरे

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** श्री गौरी शंकर महादेव मंदिर आश्रम में महा शिवरात्रि पर सात निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। विवाह उपरांत नवदंपतियों को घर परिवार चलाने के लिए सभी आवश्यक सामग्री देकर विदा किया गया।

ब्रह्म कालोनी नौगवां ठग्गू में नवनिर्मित श्री गौरी शंकर महादेव मंदिर आश्रम परिसर में आयोजकों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से धूमधाम के साथ सात जोड़ों का विवाह विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। नव दंपतियों को अलमारी, डबल बेड, मिक्सर, नए बर्तन, गैस कनेक्शन इत्यादि गृहस्थी से संबंधित उपहार दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों ने कार्यक्रम में पहुंचकर नव दंपतियों को आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान भजन गायकों ने भजनों से उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुक्त कर दिया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आए अतिथियों के लिए आयोजक समिति की ओर भोज्य सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। आयोजन समिति के सदस्य सुमित यादव ने कहा कि आने वाले वर्षों में अधिक से अधिक निर्धन परिवारों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।



खटीमा के नौगवां ठग्गू में सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे सात नवदम्पति। ● अमृत विचार

# मोबिल ऑयल का ड्रम फटने से तीन झुलसे

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** टनकपुर रोड पर जामा मस्जिद के निकट ऑटो की दुकान में ग्राइंडर चलाते समय लगी आग से मोबिल ऑयल का ड्रम फट जाने से तीन लोग झुलस गए।

गोटिया निवासी मुदस्सर अली की टनकपुर रोड पर स्थित जामा मस्जिद की दुकानों में सैयद ऑटो सर्विस की दुकान है, जिसमें आज सुबह ग्राइंडर चलाते समय दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा मोबिल ऑयल का ड्रम फट गया, जिससे आगरा तफरी मच गई। दुकान के पास ही बाइक धुलाई का पंप होने की चलते आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। आग लगने से दुकान स्वामी मुदस्सर अली उनका बेटा सैयद जरगाम अली सहित एक बाइक ठीक करने आया नानकमत्ता निवासी व्यक्ति झुलस गए। घायलों ने नगर के निजी अस्पताल में उपचार कराने के बाद घर चले गए। दुकान स्वामी ने बताया कि 60 से 70 हजार का नुकसान हो गया है।



झुलसे दुकान स्वामी पिता-पुत्र।

### चकरपुर-बगियाघाट मार्ग की समस्या पर चर्चा की

**खटीमा।** चकरपुर वाया बिचपुरी, नौगवां नाथ, बगियाघाट मार्ग कि समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 मार्च को उपजिलाधिकारी के माध्यम से शासन प्रशासन और चुनाव आयोग को ज्ञापन भेजा जाएगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में खटीमा पहुंचने की अपील की है। बिचपुरी में हिम्मत नाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रस्ताव पास किया गया कि क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और जनता की भागीदारी से जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। संचालन पूर्व प्रधान भगवान जोशी ने किया। इस अवसर पर जगदीश चंद, मनोहर सिंह, रंजीत सिंह, उमेद सिंह, नारायण दत्त तिवारी, धर्मेंद्र चंद, भरत चंद, कमलेश चंद आदि थे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# महिलाओं ने लिया देश की एकता और अखंडता का संकल्प

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कई स्थानों पर हुए आयोजन, विभिन्न क्षेत्रों में प्रशंसनीय कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

नारी शक्ति

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महानगर महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

बाजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित महानगर महिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य एवं उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि वर्तमान समय महिलाओं के लिए चुनौती का समय है। पूरे देश में आज महिला उत्पीड़न और शोषण में बढ़ोतरी हो रही है।

बंगाल का संदेशखाली, मणिपुर की घटना, उत्तराखंड की अंकिता भंडारी और यौन उत्पीड़न की शिकार महिला पहलवान केस अफसोस का विषय है, इन सबको रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही। कार्यक्रम में महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष पूजा सिंह ने अलका पाल, लता शर्मा, अजीता शर्मा, रंजना गुप्ता, कुमकुम सक्सेना, राज बत्रा, शमा कुरेशी, डिंपल राणा, सुजाता शर्मा, आशा शर्मा, बंदना डोभाल,आदेश के अतिरिक्त शिक्षा के क्षेत्र में सुखवर्षा पंत, मंजू शर्मा, बीना गांधी चिकित्सा के लिए रश्मि लोधी, खेल के लिए एथलेटिक्स रिचा गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर संतोष कौर, जसविंदर कौर, सुरेंद्र कौर, बेबी कोर, सामाजिक क्षेत्र के लिए कमल जुयाल, विधि क्षेत्र में कामिनी श्रीवास्तव एड., साहित्य के लिए अनुश्री भारद्वाज, गुनगुन, अचल आदि को प्रशस्ति पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया।



महिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सम्मानित महिलाएं। ● अमृत विचार


स्कोलास्टिका स्कूल में महिला दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चे।

### महिलाओं ने जज्बे और जुनून से पहचान बनाई

**काशीपुर।** जनजीवन उत्थान समिति के तत्वाधान में मोहल्ला गंज स्थित जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय महिलाओं की समाज में भूमिका था। इस अवसर पर महिलाओं के जज्बे और बेटियों की उड़ान को नमन करते हुए उत्तराखंड रत्न से सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि सन 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने विश्व महिला दिवस को मान्यता दी और इसके बाद पूरे संसार में इसे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाने लगा और हर वर्ष 8 मार्च को इसे मनाया जाता है, 1908 में महिलाओं द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन किया गया और अपने अधिकारों से पूरे विश्व को अवगत कराया गया। नारी शक्ति का योगदान भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के विकास में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता बिल आने से नारी के सम्मान को बल मिला है। इस मौके पर भास्कर त्यागी एडवोकेट ने भी विचार रखे। इस मौके देवांग मिश्रा एडवोकेट, आसिफ अली एडवोकेट, कर्तव्य मिश्रा एडवोकेट, विवेक मिश्रा एडवोकेट, अमृतपाल सिंह एडवोकेट, नवजोत सिंह एडवोकेट, रईस अहमद एडवोकेट, सैयद इफरा एडवोकेट, निम्मी एडवोकेट, मुमताज एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।


शांतिपुरी नंबर चार में उक्रांद की बैठक में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### वंचित महिलाओं को भी मिले राज्य आंदोलनकारी का दर्जा

**शांतिपुरी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला पर उत्तराखंड क्रांति दल के जिलाध्यक्ष एमसी पांडेय की अध्यक्षता में शांतिपुरी नंबर 4 में महिलाओं के साथ बैठक की। भावनी टाकुली, गीता खोलिया, किरन खोलिया, चंपा देवी, मुन्नी देवी आदि ने कहा कि राज्य आंदोलन में पुरुषों के साथ ही महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भागीदारी की थी। कई महिलाओं के पति को तो राज्य आंदोलनकारी का दर्जा मिल गया लेनिक कई महिलाओं को दरकिनार कर दिया गया जबकि राज्य आंदोलन में महिलाओं ने भी अहम भूमिका निभाई थी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो महिलाएं राज्य आंदोलनकारी के प्रमाण पत्र से वंचित हैं उनके लिए एक और लड़ाई लड़ी जाएगी। बैठक में जीवन सिंह नेगी, जमुना दत्त जोशी, कुसुम पांडे, रेखा उपाध्याय, ममता देवी, दुर्गा देवी, कौशल्या देवी, तारा देवी, प्रभा देवी अमर सिंह टाकुली, मेहरबान सिंह कोरंगा, बहादुर सिंह कोरंगा आदि थे।

### बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर दिया जोर

**काशीपुर।** स्कोलास्टिका स्कूल में महिला सशक्तिकरण और महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएं का भी आयोजन किया। जिसमें स्कूल के बच्चों और अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। स्कूल की प्रबंधिका उमा वात्सल्य ने कहा कि यदि पूर्ण रूप से सामाजिक विकास करना है, तो लिंग भेद समाप्त करके लड़कियों व लड़कों को समान अवसर प्रदान करने चाहिए। लड़कियों को लड़कों की तरह प्रोत्साहित करना चाहिए। सभी महिलाओं में अपरिमित शक्ति और क्षमताएं विद्यमान है। स्कूल के प्रधानाचार्य जगतार सिंह पन्नू ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपने अद्भुत साहस और अथक परिश्रम के बल पर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाबी हासिल की है और युग निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## दहेज में दो लाख रुपये न देने पर घर से निकाला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक विवाहिता ने पति, सास व देवर के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। मामले में महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी तहरीर में कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने कहा है कि उसका विवाह 2 दिसंबर 2022 को राघवपुरम कालोनी भूतेश्वर मंदिर सहारनपुर हाल निवासी क्रासिंग रिपब्लिक जी एच 7 कालोनी, गाजियाबाद निवासी अक्षय राणा के साथ हुआ था। विवाह में उसके परिजनों ने 10 लाख रुपये खर्च किये थे। आरोप है कि विवाह के 2-3 दिन के बाद ही पति ने उस पर शक कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उन्होंने दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मारपीट में उसके ससुराली भी शामिल थे। आरोप लगाया कि इसी सदमे में 29 नवंबर, 2023 को उसके पिता का भी देहान्त हो गया। 27 नवंबर 2023 को ससुराली उसे मारपीट कर दहेज में दो लाख रूपये लाने की मांग करते हुए मायके में छोड़ गए। तहरीर पर पुलिस ने पति सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किसानों की मांगों को पूरा कराया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड भारतीय किसान संघ ने ग्राम प्रतापपुर में संघ का स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया। इस दौरान भगवान बलराम व दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कांधा तिवारी ने बताया कि संगठन का गठन चार मार्च 1979 को हुआ था। इसी को ध्यान में रखते हुए स्थापना दिवस पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है। बताया कि संगठन की स्थापना के बाद से ही संघ ने किसानों के उद्देश्य को पूर्ण करने का संकल्प लिया और गांव स्तर तक सक्रिय ग्राम समिति का गठन किया। लाभकारी मूल्य के आधार पर किसानों को फसल का मूल्य घोषित करवाया। किसान सम्मान निधि में पर्याप्त बढ़ोतरी, जीएम सरसों जीएम कपास हाइब्रिड बीज पर भी प्रतिबंध लगवाया। यहीं कारण है कि वर्तमान में लाखों की संख्या में किसान जुड़े हैं। इस मौके पर प्रचार प्रमुख नितिन शाही, प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर शाही, प्रदेश सदस्य नवनीत मिश्रा, नरेन्द्र राजभर, अरुण कुमार सिंह, कपिल कुमार, मोहन द्विवेदी नीरज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


भाकिसं के स्थापना दिवस पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## कर्मचारियों का डीए मूल वेतन में मर्ज हो

**काशीपुर।** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से केंद्र की तर्ज पर राज्य कर्मचारियों के डीए में चार प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 50% डीए होने पर इसे मूल वेतन में मर्ज कर डीए को शून्य घोषित किए जाने की तत्काल घोषणा किए जाने की मांग की। ताकि लोकसभा चुनाव से पूर्व शिक्षकों तथा कर्मचारियों को उक्त लाभ मिल सके। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेजर स्वतंत्र कुमार मिश्रा तथा प्रदेश महामंत्री जगमोहन सिंह रावत ने मुख्यमंत्री धामी को भेजे गए मांग पत्र में कहा कि केंद्र की भांति ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए किए जाने के साथ-साथ अन्य मिलने वाले भत्तों में नियमानुसार बढ़ोतरी की जाए।

## दिव्यांगों को उपकरण बांटे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** दिव्यांग बच्चों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा बीआरसी कार्यालय में दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल,व्हील चेयर और श्रवण यंत्र को वितरित किया गया। जिसे पाकर दिव्यांग बच्चों में खुशी की अनुभूति हुई।

शुक्रवार को बीआरसी कार्यालय में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए लगाए गए शिविर का शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी,समग्र शिक्षा के एस रावत और खंड शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा के मोहम्मद शावेद आलम द्वारा किया गया। जहां अतिथियों ने 13 दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन का वितरण किया। इसमें रुद्रपुर,गदरपुर और किच्छा के दिव्यांग बच्चे मौजूद रहे। शिविर की कोडिनेटर सुमन नेगी ने बताया कि दो नवंबर 2023 को दिव्यांग बच्चों को चिहि नत किया गया था, 94 बच्चों ने 22 दिव्यांग बच्चों का चिह्नित किया गया। बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर,कान की मशीन, बैसाखी, एल्बूकिर्च, पांव के जूते, रूलेटर आदि प्रदान किए गए हैं। इस मौके पर अनीता रावत,अनामिका, कैलाश चंद्र, मोहन उपाध्याय, विजय द्विवेदी, रामकुमार यादव आदि मौजूद रहे।


बीआरसी में दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल आदि उपकरण देते अतिथि।

## घर की अलमारी से आभूषण गायब

**बाजपुर।** घर की अलमारी से सोना-चांदी के आभूषण गायब हो गए। गांव बाजपुर निवासी अनीस अहमद पुद्ध नन्हें ने पुलिस को बताया कि उसकी अलमारी में सोने की कंठी व चांदी की पायल रखी थीं।

शुक्रवार की प्रातः अलमारी की चाबी गायब थी जिसके नहीं मिलने पर जब लाक तोड़ा गया तो अंदर रखे आभूषण गायब थे जिनकी पूरी घर में काफी खोजबीन की, परंतु पता नहीं चल पाया। पीड़ित के अनुसार तीन-चार दिन पहले उसके घर पर परिचित महिला-पुरुष आए थे जिन्हें चाय-नाश्ता करवाने के बाद उसकी पत्नी किसी काम से बाजार चली गई। उसे शक है कि इन्हीं ने आभूषण गायब किए हैं।

## मदरसों के बच्चे आधुनिक शिक्षा भी कर सकेंगे ग्रहण

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड मदरसों में एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल आफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) की पुस्तकें लागू होने के बाद उत्तराखंड के मदरसों में दीनी तालीम के साथ ही आधुनिक शिक्षा भी यहां पढ़ने वाले बच्चों को दी जाएगी।

उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष शमून कासमी ने बताया कि केंद्र व राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार अल्पसंख्यक समाज के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। अब सरकार उत्तराखंड के पंजीकृत मदरसों को भी आधुनिक करने का कार्य कर रही है। जहां दीनी तालिम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी बच्चे ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 415 मदरसों का पंजीकरण हो रखा है। कहा कि उत्तराखंड के मदरसों में एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया गया है, जिससे बच्चे संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी व कंप्यूटर साइंस की शिक्षा भी लेंगे और यहां तालीम लेने वाला बच्चा भविष्य में डॉक्टर, आईएएस, आईपीएस व इंजीनियर बनकर देश की सेवा कर सकेंगे। कहा कि बोर्ड में पंजीकृत मदरसों को मॉडर्न किया जा रहा है। इसमें बच्चों को स्मार्ट क्लास व आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ टैबलेट व कंप्यूटर भी मुहैया कराए जाएंगे।

कार्यक्रम — मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 'श्रीराम का डंका' भजन का विमोचन

## भजन में श्रीराम का गुणगान, साहिबजादों की शहादत का उल्लेख


खटीमा में पंजाबी गायक राज बलराज के भजन का विमोचन करते मुख्यमंत्री धामी व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंजाबी गायक कलाकार राज बलराज, लखविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, सुजीत चटवाल के द्वारा गाए गए भजन 'श्रीराम का डंका' का विमोचन किया। भजन में जहां प्रभु श्रीराम का गुणगान किया गया वहीं गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत पर बाल दिवस मनाने का भी उल्लेख किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिखों के इतिहास को घर-घर पहुंचाने के लिए आभार जताया गया। भजन में म्यूजिक सुजीत सिंह, बोल हनी सिंधु और सुजीत सिंह ने लिखे हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह, बलदेव सिंह, निवर्तमान चेयरमैन नानकमत्ता प्रेम सिंह टुरना, रविंद्र सिंह राणा आदि थे।

### राय सिख समाज ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं समस्याएं

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा दौरे पर ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी और निवर्तमान चेयरमैन नानकमत्ता प्रेम सिंह टुरना के नेतृत्व में राय सिख जनप्रतिनिधि बोर्ड के सदस्यों ने मुख्यमंत्री धामी से मिलकर समाज की समस्याएं रखी और उनके निराकरण की मांग की। बोर्ड अध्यक्ष दर्शन सिंह ने बताया कि वह वर्षों से राय सिख समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। यह भी बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा सर्वे कराकर सरकार को अपनी रिपोर्ट भी भेजी थी। जिसपर पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडुरी ने विधानसभा से इसे पारित कर केंद्र सरकार को भेज दिया था। दर्शन सिंह ने कहा कि यह लोग मुगल शासक अकबर के समय किए गए विद्रोह के कारण बेघर कर दिए गए थे। धीरे-धीरे उनके हालात बेहद दयनीय और बदहाल हो गए। इसके अलावा शिष्टमंडल ने राय सिख विकास भवन, संत केसर सिंह निधि को सात करोड़ करने, राय सिख समाज के लोग जहां पर भी बसे हैं उन्हें वहां भूमिधरी अधिकार दिए जाने, सरकार में भी राय सिख समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग की। इस अवसर पर रविंद सिंह राणा, कुलदीप सिंह, गुरुमुख सिंह, शेर सिंह, कृपाल सिंह, जरनैल सिंह, गुरदेव सिंह, हरेंद्र सिंह आदि थे।

## बाइक दुर्घनाग्रस्त होने से दो युवक गंभीर रूप से घायल

**बाजपुर।** तेज रफ्तार असंतुलित बाइक सड़क पर गिरी दो युवक हुए गंभीर रूप से घायल। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। शुक्रवार समय लगभग चार बजे डलपुरा गांव गूलरभोज निवासी दीपक कुमार (19) पुत्र रमेश और उसका साथी मंजरा प्रभु वार्ड नंबर 1 निवासी रजत पुत्र राजेंद्र सागर बाइक से बाजपुर से गूलरभोज की ओर जा रहे थे। इसी बीच ग्राम शिवपुरी स्थित गुरुद्वारा साहिब के समीप दीपक की बाइक अनियंत्रित हो गई। इस दौरान दोनों बाइक से उछलकर सड़क पर काफी दूर जा गिरे। बुरी तरह से जख्मी हो गए। बताया जा रहा है दोनों युवक नशे में धुत्त थे। तेज रफ्तार बाइक चला रहे थे।

## सार-संक्षेप



रुद्रपुर में पत्रकार वार्ता करते ग्राम स्वराज योजना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पश्चिम बंगाल में महिलाओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं

**रुद्रपुर।** अभ्युदय क्लब के प्रदेश खेल प्रभारी भारत भूषण चुघ ने कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली गांव में महिलाओं को पिछले 13 सालों से शोषण एवं उत्पीड़न हो रहा है, जबकि बंगाल की मुख्यमंत्री और सांसद भी एक महिला है। बावजूद इसके सरकार के इशारे पर महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है और डरा धमकाकर जमीन कब्जाई जा रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया। शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में क्लब के प्रदेश खेल प्रभारी चुघ ने कहा कि प्रताड़ित महिलाओं की आवाज को उठाने के लिए ग्राम स्वराज योजना ने बीड़ा उठाया है और सोमवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। इसके बाद भी पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की महिलाओं को इंसाफ नहीं मिला, तो इस लड़ाई को राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जाएगा। इस मौके पर ग्राम स्वराज योजना के प्रदेश संयोजक विनय बत्रा, राज कोली, शिवकुमार, मनी पासवान, अमन पांडे, कमल कोली, सुमित राठौर, संजय कोली, ममता कोरंगा, रेनू भाकुनी, नेहा कालाकोटी, रेनू उपाध्याय, पिंकी चौहान आदि मौजूद रहे।


विधायक अरोरा से मुलाकात करते ओमेक्स आवासीय सोसायटी के पदाधिकारी।

### कुत्तों का आतंक बढ़ने पर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**रुद्रपुर।** शहर की सबसे पॉश कॉलोनी में आवारा कुत्तों के आतंक से स्थानीय बाशिंदे अजीज हो चुके हैं, जिसको लेकर सो साइटी के पदाधिकारियों ने विधायक से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की। उनका कहना था कि कुत्तों के काटने से कई लोग जख्मी हो चुके हैं। शुक्रवार को ओमेक्स आवासीय वेलफेयर सोसाइटी के सचिव अभिनव छाबड़ा सहित कार्यकारिणी सदस्य विधायक शिव अरोरा के आवास पहुंचे और ज्ञापन देकर आवारा कुत्तों से निजात दिलाने का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि शहर की पॉश कॉलोनी में इन दिनों आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है। उन्होंने विधायक से आवारा कुत्तों से स्थायी निजात दिलाने की मांग की। इस मौके पर ललित गोयल, राहुल यादव, मिंटू कुमार, मुकेश उपाध्याय, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बाबा भुल्लन शाह के आस्ताने पर उर्स में उमड़े जायरीन

**काशीपुर।** मोहल्ला कटोराताल स्थित बाबा भुल्लन शाह के आस्ताने पर सालाना उर्स मजलिस के साथ शुरू हो गया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना हाशमी नूरी ने कहा कि औलिया अल्लाह के महबूब बंदे हैं। औलियाओं के आस्तानों पर बगैर किसी भेदभाव के सभी को फैज मिलता है। बाबा भुल्लन शाह के आस्ताने पर उर्स का आगाज गुरुवार की रात महफिले मिलाद से हुआ। राजस्थान से आए खतीबे हिन्दुस्तान मौलाना हाशमी नूरी ने कहा कि रसूले अकरम पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की सुन्नतों पर अमल करने के साथ ही नमाज की पाबंदी करें। मजलिस को मुरादाबाद से आए मुफ्ती जियाउरर्हमान, मुफ्ती सुहैल रजा, कारी कमालुद्दीन, कारी अनीस अहमद व कारी सरफराज आलम ने खिताब किया। इस दौरान बाबा के आस्ताने पर हाजिरी देने और चादरपोशी करने के लिए जायरीनों का तांता लगा रहा। वहां हसीन खान, अमीर दूल्हा खां, असलम खान, सैयद माजिद अली, फरीद अहमद, फरमान खान,रिजवान खान, कलुआ, तस्लीम अहमद, अतीक अहमद आदि मौजूद थे। उर्स का समापन शनिवार को कुल शरीफ के साथ होगा।

### महर्षि दयानन्द के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित तीर्थ द्रोणासागर में स्थापित श्री माद्यानंद आश्रम में आर्य समाज काशीपुर एवं महिला आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में ऋषि बोध पर्व पर वैदिक हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर भव्य यज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ के यजवान राजीव घई, संजय गुप्ता, डॉ. अरुण एवं सुधीर त्रिपाठी सपत्नीक रहे, जबकि यज्ञ को स्वामी वेदानानाद ने अपने ओजस्वी मंत्रों से संपन्न कराया। इस अवसर पर सभी ने महर्षि दयानन्द का भावपूर्ण स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और भजन एवं प्रवचन भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर आर्य समाज काशीपुर के प्रधान प्रेम प्रकाश गुप्ता, उप प्रधान शिव चरण सिंह, मंत्री संजय अग्रवाल, अतुल रस्तोगी, पूर्व मंत्री विमल गुड़िया, वयोवृद्ध आर्यसमाजी टहल दास, अमरीश गर्ग, अवध अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुरेश चंद्र तिवारी, महिला प्रधान शशि प्रभा सिंघल, मंत्री कुमकुम राजपूत, सरला आर्य, सूरज प्रभा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### घर से सामान चुराते एक दबोचा

**खटीमा।** वार्ड संख्या 20 निवासी मोहन चंद ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि बृहस्पतिवार रात्रि एक युवक उनके घर से वर्तन, लोहे की राड आदि चुराकर ले जा रहा जा रहा था। जिसे लोगों ने पड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में युवक ने स्वयं को वार्ड चार निवासी उबैश उर्फ मुन्नी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

### शंकराचार्य की मुहिम को पूर्ण समर्थन : महाजन

**गदरपुर।** हर्ष सनातन हिंदू शंकराचार्य अविमुक्ते शबरानंद आह्वान का समर्थन करें। ऐसा निवेदन एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने आयोजित प्रेस वार्ता में किया। शुक्रवार को दिनेशपुर रोड स्थित कार्यालय में महाजन ने कहा कि ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी शंकराचार्य अविमुक्तेस्वरानंद ने देश के हिंदुओं से आह्वान किया कि 10 मार्च को प्रात: 10 बजे 10 मिनट तक अपने कारोबार बंद रखें। उन्होंने कहा शंकराचार्य ने केंद्र सरकार से मांग की कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए, गौ हत्या पर एक कठोर केंद्रीय कानून बनाया जाए। डॉ महाजन ने कहा कि एकम सनातन भारत दल शंकराचार्य के आहवान को पूर्ण समर्थन दे रहा है। इस मौके पर डॉ आरके महाजन, हर चरण सिंह चन्ना, गोपाल कश्यप, अमरीक सिंह, कुंवर सिंह, संदीप सिंह, मोरध्वज, नेपाल, दिवाकर आदि मौजूद थे।

### हर व्यक्ति को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**बाजपुर।** शुक्रवार को ग्राम शिवपुरी में भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिरकत करने पहुंचे पूर्व राज्यमंत्री राजेश कुमार ने कहा कि मोदी सरकार की जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं उनका लाभ हर व्यक्ति को मिल रहा है। देश में कोई भी निर्धन व्यक्ति ऐसा नहीं है जिसे मोदी सरकार की योजना का लाभ न मिला हो। चाहे किसान सम्मान निधि हो, कोरोना वैक्सीन हो, आयुष्मान कार्ड हो, गौरी कन्या देवी योजना हो, उज्जवला गैस योजना हो, प्रधानमंत्री आवास योजना हो, जनधन योजना के खाते हो ऐसी अनेक योजनाएं हैं। कार्यक्रम में लाभार्थियों ने सीधा संवाद भी किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अजीत पाल सिंह जाट, शक्ति केंद्र संयोजक रिंकू, निर्मल सिंह, हरदेव सिंह, अमित चौहान, मुकेश कुमार, अनीता, रजनी, पारुल, वर्षा, मीना, अमर सिंह, कुलदीप, सुमुख सिंह, डिंपी, खेमपाल, डोरी लाल, सतपाल, गौरव आदि मौजूद थे।

### फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

**बाजपुर।** जनपद में वारंटियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक बाजपुर की अगुवाई में पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी की टीम ने फरार चल रहे वारंटी गड्ढा कालोनी काशीपुर निवासी मेहंदी हसन पुत्र अब्दुल हमीद को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि आरोपित वन्य जीव अधिनियम में वांछित था।

### अवैध शराब के साथ युवक को दबोचा

**काशीपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध शराब बेचने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कुंडेश्वरी चौकी इंचार्ज राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान भट्टा कालोनी गांव में घर के सामने कच्ची शराब बेचते कमल सिंह को गिरफ्तार किया, जिसके पास से पुलिस ने करीब 31 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी को आबकारी एक्ट में चालान किया है।

## एक नजर

### पति व सास-ससुर पर मुकदमा दर्ज

**बनबसा :** पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर पति, ससुर और सास पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि महिला ने थाने दी तहरीर मे कहा कि उसका विवाह 2019 मे देहरादून निवासी इपन चंद के साथ हुआ था। महिला ने कहा कि शादी के बाद से ही उसके ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला की तहरीर पर महिला के पति, ससुर और सास के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की एसआई हिमानी गहतोड़ी को सौंपी गई है।

### साइबर ठग ने खाते से उड़ाए 1.61 लाख

**बनबसा :** पुलिस ने ठगी कि शिकार महिला की तहरीर पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि क्षेत्र की एक महिला ने थाने में तहरीर देकर उसके साथ ठगी की बात कही है। महिला ने दी तहरीर मे कहा कि कस्टमर केयर से आए फोन पर उससे एसबीआई खाते और एटीएम की जानकारी मांगी गई। महिला ने कहा कि खाते और एटीएम की जानकारी देते ही उसके बैंक खाते से 1 लाख 61 हजार रुपए निकल गए। जिसके बाद पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ढौरा में किया आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ

**अल्मोड़ा :** जिला मुख्यालय से लगे ढौरा ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के खुलने से गांव की महिलाओं और छोटे बच्चों समेत सभी ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास के उद्देश्य से कार्य कर रही है। गरीब अन्न योजना के माध्यम से निशुल्क अनाज वितरण किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि, निशुल्क कुटीर ज्योति योजना, उज्ज्वला गैस योजना, श्रद्धा पेंशन योजना, एक ही परिवार के दोनों को पेंशन की व्यवस्था आदि योजनाओं का लाभ लोगों का मिल रहा है। इसलिए ग्रामीणों को इन योजनाओं की पूरी पूरी जानकारी लेकर इनका लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में कमल अधिकारी, राजेंद्र बिष्ट, कन्हैया बिष्ट, ललित खोलिया, दीपेंद्र राणा, भानु अधिकारी, शुभम चौहान, कनक पंत, अशोक जोशी, भगवत सिंह, प्रकाश आर्य, नंदन सिंह, दीपक अधिकारी, चंदन बोरा, राजेंद्र सिंह समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### 1.20 लाख की बीड़ी के साथ तीन महिला तस्कर पकड़ीं

**बनबसा :** पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने भारत से नेपाल ले जाई जा रही लाखों रुपये की मोर ब्रान्ड बीड़ी के 11940 पैकेट के साथ तीन नेपाली महिला तस्करों को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़ी बीडी को जब्त कर मय तस्करों के बनबसा कस्टम के सुपुर्द कर दिया है। पकड़ी बीड़ी की कीमत 1.20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिह जगवाण और एसओजी प्रभारी मनीष खत्री के नेतृत्व में गत देर शारदा बैराज चौकी गेट पर भारत से नेपाल जा रही सरस्वती देवी थापा पत्नी धर्मराज थापा, कैसरी देवी सावद पत्नी गणेश सावद, सोना पत्नी चन्द्र धानुक सभी निवासीगण महेन्द्रनगर जिला कंचनपुर नेपाल को 597 मोर ब्रान्ड बीड़ी बन्डलों के साथ पकड़ा। महिला तस्करों ने बताया कि यह माल बनबसा निवासी हिमांशु जोशी का है। वह इसे नेपाल ले जा रहीं थीं।

# शिवरात्रि पर 'हर-हर महादेव' से गूंजे शिवालय

## जिले में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में लगने लगी थी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** शुक्रवार को जिले भर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। तड़के से ही मंदिरों में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। दिन भर शिवालय हर हर महादेव के जयकारों से गूंजते रहे और श्रद्धालु शिव मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना करते दिखाई दिए।

नगर के नंदादेवी, मुरली मनोहर, बद्रेश्वर मंदिर, उल्का देवी, त्रिपुरा सुंदरी, रघुनाथ मंदिर, पांडेखोला, एनटीडी शिव मंदिर, पातालदेवी, रत्नेश्वर आदि मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ रही। लोगों ने भगवान का जलाभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की। जिले के भिकियासैंण स्थित शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की लंबी लाइन दिखाई दी। सोमेश्वर तहसील के प्रसिद्ध प्राचीन महादेव स्वयंभू मंदिर में भी दिन भर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा रहा। मेले में लोगों ने खूब खरीदारी की। जिले के सल्ट, स्याल्दे, चौखुटिया, द्वाराहाट, लमगड़ा, धौलादेवी और भैंसियाछाना के मंदिरों में भी दिन भर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला चलता रहा।


शिवरात्रि पर अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

### शिवभक्तों ने की पूजा

**बैरती ( अल्मोड़ा)।** महाशिवरात्रि पर क्षेत्र में शिव मंदिरों में जलाभिषेक व पूजा अर्चना की। शिव मंदिर कैलेश्वर, नर्मदेश्वर, चित्रेश्वर एवं महाकालेश्वर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। दिन भर भजन कीर्तनों का दौर जारी रहा। चित्रेश्वर में महाशिवरात्रि पर होली गायन का आयोजन किया गया। क्षेत्र के कलाकारों ने इसमें हिस्सा लिया। उधर बैरती में ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केन्द्र के तत्वावधान में शिव पूजन किया गया।

### जागेश्वर धाम में देश विदेश से पहुंचे श्रद्धालु

**अल्मोड़ा :** विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में भी महाशिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए यहां देश विदेश के श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। ब्रह्मकुंड में नित्य स्नान कर श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दरबार में पहुंचे और उनका जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। शुक्रवार तड़के से ही श्रद्धालुओं के मंदिर में आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर मनोकामनाएं मांगी। दिन चढ़ने तक श्रद्धालुओं की भीड़ काफी बढ़ गई तो लाइन लगाकर श्रद्धालुओं को मंदिर में पूजा के लिए प्रवेश दिया गया। देर रात करीब आठ बजे से जागेश्वर धाम में महापूजा का आयोजन किया गया जो रात एक बजे तक चला। इस दौरान कई महिलाओं ने संतान प्राप्ति के लिए यहां अखंड व्रत भी किया।

### नीलेश्वर मंदिर में रात भर हुआ जागरण

**बागेश्वर।** जनपद में शिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जनपद के शिवालय हर हर महादेव की गूज से गूंजते रहे। नगर के नीलेश्वर मंदिर में रात भर जागरण आयोजित किया गया जिसमें भक्तों ने भजन कीर्तन गाए। जनपद में शिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। नगर के नीलेश्वर मंदिर में मंदिर समिति द्वारा रात को जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रसिदध गायक जितेंद्र तुमक्याल ने शिव भजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कवि जोशी, प्रकाश कुमार, रवि जोशी, भानु तिवारी आदि उपस्थित थे। शिवरात्रि पर खीर भंडारा आयोजित किया गया। इधर शिवरात्रि पर सुबह से ही नगर के नीलेश्वर, बाबा बागनाथ मंदिर समेत बैजनाथ मंदिर, कौसानी के रूद्राधारी, पिंगलेश्वर, गरूड़ के चक्रव्रक्तेश्वर व प्रकटेश्वर मंदिर में भोर होते ही भक्तों की कतार लगी रही।

### शिवरात्रि महोत्सव में कलाकारों ने मचाई धूम

**रानीखेत।** चिलियानौला में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें संस्कृति विभाग की टीम ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों की जमकर वाहवाही लूटी। चिलियानौला स्थित प्राचीन शिव मंदिर में प्रातः समय से ही भक्तजनों की जलाभिषेक करने के लिए लंबी कतार लगी रही। शिवरात्रि महोत्सव का आगाज हैडाखान मंदिर से हुआ। विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात पारंपरिक नगाड़े निशानों के साथ छोलियारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोहा। मंदिर की परिक्रमा के बाद शोभा यात्रा संपूर्ण बाजार का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल शिव मंदिर प्रांगण में पहुंची। तत्पश्चात मंच पर जयनन्दा लोक कला केंद्र अल्मोड़ा की टीम के कलाकारों ने रंगारंग गढ़वाली, कुमाऊनी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में दूर दराज क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ लिया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत ने कहा कि हमारे पारंपरिक त्योहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इस तरह के आयोजन से जहां कलाकारों को मंच तो मिलता है वहीं हमारी संस्कृति का भी वास्तविक स्वरूप देखने को मिलता है। संचालन मदन कुवार्बी ने किया। यहां पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रेम सिंह कुवार्बी, कविंद्र कुवार्बी, दामोदर पांडे, एलएम पांडे आदि रहे।

### शिवरात्रि पर भी धरने पर डटी रहीं आंगनबाड़ी वर्कर्स

**अल्मोड़ा :** मानदेय में वृद्धि करने समेत अन्य मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स का विरोध प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को अवकाश का दिन होने के बाद भी आंगनबाड़ी वर्कर्स ने नगर के एक पार्क में धरना दिया और मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान भी किया। शुक्रवार को भी आंगनबाड़ी वर्कर्स रोज की तरह सुबह नगर के चौघानपाटा स्थित एक पार्क मे एकत्र हुई और उन्होंने सरकार के विरोध और अपनी मांग पूरी करने के लिए जोरदार नारेबाजी की। बाद में आशा वर्कर्स पार्क में ही धरने पर बैठ गई। धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वह उनका न्यूनतम वेतनमान 18 हजार रुपये किए जाने, वरिष्ठता के आधार पर मानदेय वृद्धि करने, सेवानिवृत्ति के बाद पांच लाख रुपये देने आदि की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वर्कर्स ने कहा कि वह कई दिनों से कार्य बहिष्कार पर हैं और धरना देकर शांतिपूर्वक तरीके से अपनी मांगों पर कार्रवाई की मांग कर रही हैं। लेकिन इसके बाद भी सरकार द्वारा उनकी मांगों को अनुसना किया जा रहा है। जिसे वह किसी भी कीमत में बर्दाशत नहीं करेंगी। इधर आंगनबाड़ी वर्कर्स के कार्य बहिष्कार के चलते अब आंगनबाड़ी केंद्रों के अनेक कार्य प्रभावित होने लगे हैं। शुक्रवार को धरना सभा में पुष्पा लखचौरा, सरोज जोशी, भावना लोहनी, चंपा जोशी, शांति चौहान समेत अनेक आंगनबाड़ी वर्कर्स मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में धरना देतीं आंगनबाड़ी वर्कर्स।

## सार-संक्षेप

### हां जी शंभू, तुम क्यों न खेले होरी लला....

**बागेश्वर।** शिवरात्रि पर ताकुला के लोहना, कांडे, थापला, डोटियाल गांव, झारकोट आदि गांव के होल्यार परंपरानुसार बागनाथ मंदिर पहुंचे। होल्यारों ने बागनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। इसके बाद होली गायन किया। होली गायन के दौरान होल्यारों ने शिव स्तुति की होली सिद्धी को दाता... से की। इसके बाद हां जी शंभू तुम क्यों न खेलो होरी आदि होलियां गाई। इस दौरान सोनू कर्नाटक, शिवशंकर लोहनी, कैलाश पंत, मुन्ना बलसूनी, नंदाबल्लभ पांडे रहे।


होली गायन करते सतराली के होल्यार।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना जारी

**बागेश्वर।** मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकताओं का धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। आंदोलित कार्यकर्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर नुमाईशखेत में सभा की। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक वह अपना आंदोलन जारी रखेंगे। गर्भवती महिलाओं व नवजातों को पुष्टाहार भी नहीं मिल रहा है। इस मौके पर देविकी रावत, बिमला देवी, मोहनी आर्या, जया जोशी, शशि पांडे, गीता, पांडे, चंपा गोस्वामी, राहिला, देवकी रावल, नीमा गोस्वामी, जानकी चौबे बीना कनवाल आदि मौजूद रहे।

### सुअरों के आतंक से परेशान हुए ग्रामीण

**बागेश्वर।** विकास खंड के कई गांवों में सुअरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुअरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। सात, चामी, अमसरकोट के ग्रामीणों ने बताया कि जंगली सुअरों के आतंक से उनकी खेती चौपट हो गई है। ग्रामीणों द्वारा वर्ष भर मेहनत करके खेती फसल उगा रहे हैं परंतु सुअरों का झुंड उस पर पानी फेर रहा है। ग्रामीण खड़क सिंह, नवीन कुमार ने वन विभाग से सुअरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### सनातन भारत दल ने निकाली रैली

**अल्मोड़ा :** जागेश्वर धाम के मास्टर प्लान के तहत विकास के लिए देवदार के पेड़ों को काटे जाने का एकम सनातन भारत दल के सदस्यों ने विरोध किया। शिवरात्रि के मौके पर उन्होंने बाजार में जागरूकता रैली निकाली और विकास के नाम पर जागेश्वर धाम के स्वरूप में छेड़छाड़ करने का कड़ा विरोध किया। संगठन के सदस्यों ने कहा कि घने देवदार के जंगल जागेश्वर धाम की पहचान हैं। जिस कारण धाम को दारूक वन के नाम से भी जाना जाता है। इसलिए यहां किसी भी प्रकार का सरकारी हस्तक्षेप बर्दाशत नहीं किया जाएगा। संगठन के सदस्यों ने लोगों को जागरूक किया और किसी भी कीमत पर देवदार के जंगलों को नुकसान ना पहुंचने देने के लिए आगे आने की अपील भी की।



जागेश्वर धाम में जागरूकता रैली निकालते सनातन भारत दल के सदस्य।

### नदियों और जंगलों के संरक्षण को करने होंगे प्रयास

**अल्मोड़ा :** जंगल बचाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, देहरादून ,ग्रामोद्योग विकास संस्थान तथा जंगल के दोस्त समूह के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय हाईस्कूल जूड़ में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में नदियों और जंगलों को बचाने की वकालत की गई। साथ ही कोसी नदी के मुख्य रिचार्ज जोन स्याही देवी शीतलाखेत के आरक्षित वन क्षेत्र के जंगलों के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी चर्चा की गई। गोष्ठी जंगल के दोस्त समूह के संरक्षक आरडी जोशी ने जंगलों को आग और नुकसान से सुरक्षित रखने की बात कही। वन दरोगा देवेंद्र प्रसाद ने जंगल बचाओ जीवन बचाओ अभियान को अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक बताया। स्याही देवी विकास मंच से जुडे गणेश पाठक ने कहा कि जंगलों को आग से बचाना सभी का कर्तव्य है। वन बीट अधिकारी रणजीत सिंह ने महिलाओं से जंगलों को आग से बचाने हेतु ओण जलाने की कार्रवाई 31 मार्च से पहले पूरी कर लेने को कहा। अध्यक्षता भगवत सिंह व संचालन गोपाल गुरुरानी और नरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

# सांसद टम्टा का किया स्वागत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी और वर्तमान सांसद अजय टम्टा शुक्रवार को सोमेश्वर पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ सोमेश्वर बाजार में भव्य रैली निकाली। कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया।

भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा के निर्देशन में आयोजित रैली के बाद शिशु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी और सांसद अजय टम्टा ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की तीसरी ताकत बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों से उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में शुमार होने की तरफ आगे बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने भी पीएम मोदी और सीएम पुष्कर धामी के प्रयासों को प्रदेश के लिए मील का पत्थर करार दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों को पीएम मोदी की झोली में जीतकर डालना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कैलाश बोरा ने किया।


सोमेश्वर में सांसद अजय टम्टा का स्वागत करते कार्यकर्ता व स्थानीय लोग।

### सांसद अजय टम्टा का कौसानी, गरुड़ में भव्य स्वागत

**बगेश्वर।** सांसद व भाजपा के आगामी लोकसभा सांसद प्रत्याशी अजय टम्टा शुक्रवार को गरूड़ व कौसानी पहुंचे तथा जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में देश ने काफी प्रगति की है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बैजनाथ, भकुनखोला, दर्शानी, गरूड, कौसानी आदि स्थानों में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

### अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को डाकमत की मिलेगी सुविधा

**अल्मोड़ा :** आगामी लोकसभा चुनावों को सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्ग मतदाताओं को डाकमत की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की योजना बनाई गई है। जबकि शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान के लिए जिले को 23 जोन और 95 सेक्टरों में बांटा गया है। मतदान केंद्रों में सभी जरूरी संसाधनों, वाहनों और कार्मिकों की व्यवस्था के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे दिए गए हैं। यह बात जिलाधिकारी विनीत तोमर ने लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कुछ मतदान केंद्रों में बिजली पानी समेत अन्य व्यस्थाओं की कमी है। जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। डीएम ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के एक एक मतदेय स्थल को आदर्श सखी, दिव्यांग और युवा मतदेय स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।


## वर्ग पहेली-4

**बाएं से दाएं**

3. 1. दस्त, रेचन 2. दस्त लाने वाली दवा 3. विरेचक औषधि।
5. उपहार, भेंट, तोहफ़ा।
6. 1. जिसमें पानी हो, कांतिमान, चमकदार, लावण्ययुक्त 2. प्रतिष्ठित, इज़्ज़तदार 3. स्वाभिमानी।
9. 1. चरम सीमा, पराकाष्ठा, अंतिम सीमा, आख़िरी हद 2. अत्यधिक, बहुत ज़्यादा।

**ऊपर से नीचे**

1. गुलाबजल छिड़कने का एक लंबा पात्र जिसमें गुलाबजल भरकर शुभ अवसरों पर लोगों पर छिड़कते हैं।
2. एक प्रकार की छोटी चौड़ी तलवार या खड्ग।
4. 1. तलवार चलाने में माहिर बुंदेलखंड की एक योद्धा जाति 2. खंग चलाने वाला व्यक्ति 3. जनश्रुति है कि किसी ज़माने में खंगार नामक व्यक्ति ने किसी नवविवाहित दंपति की प्राणरक्षा की थी
5. 1. क्रय-विक्रय का व्यवहार, व्यापार, रोज़गार 2. ख़रीदने की वस्तु 3. कई प्रकार की वस्तुएं।
7. 1. वस्तुओं को किसी विशेष ढंग से इधर-उधर फैलाना, तितर-बितर करना 2. छिटकाना, फेंकना।
8. 1. बिना बधिया किया हुआ बैल, वृषभ 2. हिंदू धर्म में मृतक की स्मृति में दाग कर छोड़ा हुआ वृषभ।



### वर्ग पहेली -3 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 रो | | | 2 प | न | 3 स |
| 4 ह | म | पे | 5 शा | | | मा |
| | क | | न | | 6 नै | चा |
| | | 7 शै | दा | ई | | र |
| | 8 से | वा | र | | | वा |
| 9 दौं | | ल | | | | च |
| री | | | 10 च | का | च | क |

## सुडोकू -83

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

### सुडोकू - 82 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18.17 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 07.55 तक तत्पश्चात शतभिषा 10 मार्च 04.56 तक तत्पश्चात पूर्वभाद्रपद।

**मेष:** आज आपकी सलाह से दूसरों को लाभ मिलेगा। लोहे के व्यापार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। नए वस्त्र खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। लोग आपके साथ जुड़कर सम्मान का अनुभव करेंगे।

**वृष:** आज अनावश्यक बयानबाजी करने से आपको बचना चाहिए। घर में लोग आपका अनादर कर सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। बुरे स्वप्न आपकी नींद खराब कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है।

**मिथुन:** आज आध्यात्मिक चर्चा से आनंद प्राप्त कर सकते हैं। बॉस से ज्यादा बहस न करें। प्रेम संबंधों को समय न दे पाने के कारण मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। आपको अपेक्षा से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। अपने लक्ष्य से भ्रमित न हों।

**कर्क:** आज अधिकारी वर्ग आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं। पेट की समस्याओं से ग्रसित हो सकते हैं। अपरिचित लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। गुरु तुल्य व्यक्तियों के मार्गदर्शन से आपको लाभ होगा।

**सिंह:** आज निजी रिश्तों के प्रति शंकालु न हों। धन को लेकर समस्या दूर होगी। व्यवहार कुशलता से कठिन स्थितियों को अनुकूल करने में सफल होंगे। जॉब में उच्च पद प्राप्त करने के लिए प्रयत्न कर सकते हैं। जीवनसाथी की थोड़ी चिंता रहेगी।

**कन्या:** आज सहकर्मी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। गूढ़ रहस्यों को समझने व जानने की इच्छा जागृत होगी। शरीर में चुस्ती-फुर्ती की कमी रहेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मन में संतोष का भाव रहेगा।

**तुला:** आज शेयर मार्केट में बड़ा निवेश कर सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको नुकसान होगा। संतान की जिद के कारण कुछ दुविधा में फंस सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए दिन शुभ नहीं है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**वृश्चिक:** आज बिना मन से काम करने के कारण कार्य प्रभावित हो सकते हैं। लोग आपको शंकालु दृष्टि से देखेंगे। संपत्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। अचानक आए खर्चों को लेकर असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**धनु:** आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कोई अटका हुआ काम पूरा हो सकता है। मित्र इसमें आपकी मदद को तत्पर रहेंगे। आपके मनोबल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बचत पर आप काफी ध्यान देंगे।

**मकर:** आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो संघर्ष करना पड़ेगा। दोपहर के बाद आपके कुछ काम अटक सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने शत्रुओं के ऊपर भारी पड़ेंगे। रियल एस्टेट के व्यवसायियों को नकदी की थोड़ी समस्या हो सकती है।

**कुंभ:** आज व्यापार में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा। फोन कॉल्स से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। आपकी दिनचर्या बेहद अनुशासित रहेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मीन:** आज दांपत्य संबंधों को लेकर अनमने हो सकते हैं। जोश में आकर तात्कालिक निर्णय लेने से बचें। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपका दिन नकारात्मक प्रभाव वाला हो सकता है। अनावश्यक व्यय होने की संभावना बन रही है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सीता और गीता
सुबह : 10.28
जिस देश में गंगा रहता है
रात : 07.00

SONY MAX
यारियां 2
सुबह : 09.48
स्टारफिश
रात : 09.30

SONY PIX
हेलबॉय
सुबह : 10.52
2012
रात : 08.45

ZEE CINEMA
डैडी
सुबह : 10.30
करीब करीब सिंगल
रात : 07.30

colors CINEPLEX
तू चोर मैं सिपाही
दोपहर : 12.31
दृश्यम 2
रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात 07.05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी मंदिर गई।
वहां पर पत्नी ने पंडित जी से एक सवाल पूछा
महिला- पंडित जी, कोई ऐसा व्रत बताइए, जिससे पति की उम्र लंबी हो जाए?
पंडित जी- आप हफ्ते में चार दिन मौन व्रत रखा करो।

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी
विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
अब सास अपनी ही बातों में फंस गई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

इन्द्रियैरिन्द्रियार्थेषु वर्तमानैरनिग्रहैः।
तैरयं ताप्यते लोको नक्षत्राणि ग्रहैरिव॥

इंद्रियां यदि वश में न हो तो ये विषय-भोगों में लिप्त हो जाती हैं। उससे मनुष्य उसी प्रकार तुच्छ हो जाता है, जैसे सूर्य के आगे सभी ग्रह।

## संपादकीय

# भारत पर भरोसा

आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में ग्लोबल साउथ के उदय ने पारंपरिक शक्ति की गतिशीलता को चुनौती दी है और बदलती वैश्विक व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित किया है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि ग्लोबल साउथ के देश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। आमतौर पर ग्लोबल नार्थ के धनी देशों की तुलना में इन देशों में गरीबी, आय असमानता और जीवन स्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। टोक्यो में भारत-जापान साझेदारी पर 'निक्केई फोरम' को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आजादी मिलने के तुरंत बाद हमने आक्रमण देखा, हमारी सीमाओं में बदलाव की कोशिश हुई। आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर एक अन्य देश का कब्जा है,लेकिन हमने इस पर दुनिया को यह कहते नहीं देखा कि चलो हम सभी भारत का साथ दें,परंतु अब परिस्थितियां बदली हैं।

ग्लोबल साउथ में हाल के दशकों में धन और राजनीतिक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। ग्लोबल साउथ के राजनेता तेजी से वैश्विक मामलों में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। यानी ग्लोबल साउथ ने स्वयं को मजबूत करना जारी रखा है,यह भू-राजनीति को नया आकार देता है, एक नए युग की शुरुआत करता है। अनुमानों से संकेत मिलता है कि वर्ष 2030 तक चार सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से तीन ग्लोबल साउथ की होंगी। गौरतलब है कि ग्लोबल साउथ का प्रभाव ग्लोबल नॉर्थ के ऐतिहासिक प्रभुत्व को चुनौती देता है। ये बदलाव विश्व मंच पर ग्लोबल साउथ की बढ़ती मुखरता और प्रभाव को दर्शाते हैं। इसमें भारत का अपना सामरिक महत्व है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते खाद्य पदार्थों,उर्वरकों की कीमतें बढ़ गई हैं और श्रीलंका जैसे देश में इतना बड़ा आर्थिक संकट पैदा हुआ। श्रीलंका को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का पैकेज काफी देर बाद मिला जबकि भारत ने कुछ सप्ताह के भीतर एक पैकेज दिया। आईएमएफ का पैकेज तीन अरब डॉलर का था,जबकि हमने श्रीलंका को आईएमएफ के मुकाबले 50 फीसदी अधिक पैकेज दिया। उल्लेखनीय है कि भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते अपने दायित्व को समझता है और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेता है। महत्वपूर्ण है कि इस मंच के 125 देशों ने भारत पर अपना विश्वास जताया है। जबकि चीन उनकी चिंताओं पर ध्यान तक नहीं देता। ग्लोबल साउथ की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति का वैश्विक भू-राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और भारत ग्लोबल साउथ में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है।

# अब अपना हक मांगती आधी दुनिया



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

अभी यह कहना तो जल्दबाजी ही होगी कि आधी दुनिया को उनके सारे कानूनी हक भारतीय समाज ने दे दिए हैं,पर इतना कहना ही होगा कि अब औरतें अपने वाजिब हकों को हासिल करने के लिए घरों से निकल रही हैं। वह अपने घरों के अंदर या दफ्तरों में होने वाले अन्याय को सहने के लिए तैयार नहीं हैं। बेशक यह बदलते हुए भारत का एक रोशन चेहरा है। यह एक तरह से उम्मीद जगाता है कि आधी दुनिया अब अन्याय और अत्याचार सहने के लिए तैयार नहीं हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश,बिहार,झारखंड,बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। इस महिला पंचायत को दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही करीब 140 साल पहले दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज खोला था और अब यह सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोल रहा है।

उस दिन महिला पंचायत के दफ्तर के अंदर करीब 30 महिलाएं एक फर्श पर बैठी थीं। इसकी दीवारें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पोस्टरों से अटी हुई हैं। परेशान और पस्त दिख रही 38 वर्षीय माधुरी एक फोल्डर में कुछ कागजात के साथ वहां मिलती हैं। अपने पति के जुल्मों-सितम से टूटी हुई माधुरी यहां अपनी सास के साथ अपने पति से तलाक लेने का तरीका पूछने आई है। उसे संतोष है कि न्याय की लड़ाई में उसे अपनी सास का सपोर्ट मिल रहा है। दो बच्चों की मां,माधुरी कहती हैं," मेरी सास ने भी मेरे साथ होने वाले

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश,बिहार,झारखंड,बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

अत्याचारों को देखा है।" जैसे-जैसे वह अपनी सिसकती कहानी सुना रही थी,उसकी आंखें नम होती जा रही थीं। पर वह अब अपने शराबी पति के साथ और रहने के लिए तैयार नहीं है। माधुरी राजधानी के एक औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में नौकरी करती है। वह 18 हजार रुपये महीने कमाती है। उसे यह भी संतोष है कि उसके दोनों बच्चे स्कूल जाते हैं। महिला पंचायत में आने वाली औरतों को उनके अधिकारों से अवगत भी करवाया जाता है। जैसे कि भारतीय नागरिक प्रक्रिया संहिता के अनुसार किसी महिला आरोपी को शाम 6 बजे के बाद या सूर्योदय यानी सुबह 6 बजे से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। धारा 160 के अनुसार अगर किसी महिला से पूछताछ भी करनी है तो उसके लिए एक महिला कांस्टेबल या उस महिला के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी होना जरूरी है।

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। " झारखंड की मूल निवासी रानी कुछ घरों में खाना पकाकर हर महीने करीब 20 हजार रुपये कमा लेती हैं। वह महिला पंचायत में इसलिए आई हैं,क्योंकि उसके इलाके का एक अवारा लड़का पिछले कई महीनों से उसका पीछा कर रहा है। रानी कहती है- "मैं जब अपने काम के लिए घर से बाहर निकलती हूं तो वह अपने स्कूटर से मेरा पीछा करता है। वह मुझसे शादी करने के लिए कहता है। मैं इस पागल आदमी से बहुत परेशान हूं। मेरे बार-बार डांटने के बावजूद भी वह नहीं बदल रहा है।" फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि घनी और स्लम इलाकों में बहुत सारी महिलाओं को उन सिरफिरों से भी जूझना पड़ता है,जो उनके पीछे पड़ जाते हैं। वे औरतों को लगातार फोन करते हैं और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इस कारण महिलाएं बुरी तरह से भयभीत हो जाती हैं। इस तरह की महिलाओं के लिए हम पुलिस से मदद मांगते हैं,पर अभी आधी दुनिया को अपने हक लेने के लिए बहुत संघर्ष करना होगा। अभी भी घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए जगह नहीं है।

हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर मेहनत करते हैं और फिर होम लोन ले लेते हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। ये बात अपने आप में सौ फीसद सही है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह का रोल रहता है,पर उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग बहुत कम ही हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा। कोई माने या न माने,पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं है। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। ये भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं,जो समाज नारी को देवी के रूप में पूजनीय मानता है वहां पर औरतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट से दूर रखा जाता है। यह शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। ये कोई बहुत पुरानी बात नहीं है कि जब हमारे यहां प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों,बेटियों,बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रखकर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉर्पोरेट जगत में हर एक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं।

बहरहाल जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं उद्यमी बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी होती रहेगी। विश्व महिला दिवस को आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। इस बार भी लिए जाएंगे। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते है? बुरा न मानें,आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे,जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कानूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी। जबकि संयुक्त हिंदू परिवार होने की स्थिति में बेटी को जीविका की मांग करने का अधिकार दिया गया था। बाद में 9 सितंबर 2005 को इस क़ानून में संशोधन लाकर पिता की संपत्ति में बेटी को भी बेटे के बराबर अधिकार दिया गया। आधी आबादी घर और घर के बाहर कदम-कदम पर अन्याय का शिकार होती है। यह सब जानते हैं। अपने हिस्से का आसमान छूने वाली बेटी को अपने ही माता-पिता के घर में सही से न्याय नहीं मिल पाता।

## प्रसंगवश

# जो रचेगा, सो बचेगा

फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था। तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या,लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी।

पिछले दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम थोड़ी देर के लिए गड़बड़ा गए। गड़बड़ी के दौरान और बहाल होने के बाद हजारों लोगों ने इस बात पर अपने हिसाब से लिखा। चुटकुले बने, लेख लिखे गए। और न जाने क्या-क्या। बाद में पता चला कि इस घटना से मेटा के शेयर गिर गए। 100 मिलियन डॉलर की चपत लगी फेसबुक को। इत्ती रकम का हिसाब-किताब और तुलना भी करना बेफालतू का काम। मिलियन, विलियन डॉलर की जब बात आती है तो 'हमसे संबद्ध नहीं'कहकर बगलिया देते हैं। फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था।

तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या,लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी। तभी यह फीचर शुरू हुआ। जगह की कमी हर जगह हो रही है। आने वाले समय में डाटा से जुड़ी कंपनियों की बड़ी चुनौती अपने डाटा को बचाने की होगी। किसी तकनीकी गड़बड़ी से किसी का डाटा लीक हो जाएगा,किसी का खो जाएगा,किसी के यहां डाटा डकैती हो जाएगी। कभी राजे-महाराजे दूसरे देशों पर हमले करते थे जमीन पर कब्जा करने के लिए। आने वाले समय में डाटा पर कब्जे के लिए आक्रमण होंगे। ज्यादा डाटा कब्जे में रखने वाले 'डाटा सम्राट' कहलाएंगे।



अनूप शुक्ल
कानपुर

फेसबुक पर अपन पिछले लगभग 15 साल से हैं। तमाम लिखाई यहीं हुई। इसके पहले ब्लॉग पर लिखाई हुई छह साल। इसी में सबको इकट्ठा करके किताबें बनी। अभी भी कई किताबों का मसाला जमा है यहां। जब मन आएगा किताब बना लेंगे। कवर पेज लगा देंगे। लोग बधाई देंगे। कुछ लोग खरीद भी लेंगे। उनमें से भी कुछ लोग पढ़ भी लेंगे। कुछ लोग उनके बारे में लिखेंगे भी। किताबें तो जब लिखीं जाएंगी तब लिखी जाएंगी अभी तो बात फेसबुक की। मान लीजिए आज फेसबुक बंद हो जाए तो हमारा सारा लेखन खत्म हो जाएगा। दुनिया का कितना कूड़ा कम हो जाएगा। कुछ दिन हुड़केंगे, फिर शुरू हो जाएंगे। तमाम लोगों को लगता होगा कि आज फेसबुक बंद हो गया तो क्या होगा। मुझे लगता है कुछ नहीं होगा। फेसबुक बंद हो जाएगा तो कोई नया माध्यम आएगा। लोग उसमें डूबेंगे। फेसबुक में आने वाले विज्ञापन कहीं और खिसक जाएंगे। फेसबुक के हाल आजकल अखबार जैसे ही हो गए हैं। अखबार में आजकल विज्ञापन प्रधान हो गए हैं। शुरुआत से अंत तक विज्ञापन ही विज्ञापन। जगह बची तो खबर छिड़क दी गई।

विज्ञापनों की भरमार के चलते ही आमलोगों की पोस्ट,जो प्रायोजित नहीं हैं,कम दिखती हैं। भुगतान देकर छपने वाली खबरें विज्ञापन वीआईपी सीट पर आगे आते हैं। सामान्य पोस्ट पीछे की सीट पर। इन सामाजिक मीडियाओं की सेटिंग ऐसी कर दी गई होगी कि ऐसी पोस्टें ऊपर रहें जिनसे उनको फायदा हो। इसी कड़ी में और भी तमाम इंतजाम किए गए होंगे। इसलिए जिन लोगों को लगता है कि उनकी पोस्ट कम लोगों तक पहुंच रही है उनको यह भी समझना चाहिए कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं रहती बहुत दिन तक। हर चीज की कीमत चुकानी पड़ती है। बड़े गणित के बहुत छोटे अंश हैं हम लोग। ज्यादा हलकान न हों,मस्त रहें। लिखते रहें, रचते रहें,जो रचेगा,सो बचेगा। माध्यम तो बदलते रहते हैं।

श्रीकांत वर्मा की कविता 'हवन' पढ़िएः चाहता तो बच सकता था/मगर कैसे बच सकता था/ जो बचेगा /कैसे रचेगा। पहले मैं झुलसा/ फिर धधका/चिटखने लगा/कराह सकता था/ मगर कैसे कराह सकता था/जो कराहेगा/ कैसे निबाहेगा/ न यह शहादत थी/न यह उत्सर्ग था /न यह आत्मपीड़न था/न यह सजा थी/ तब/क्या था यह / किसी के मत्थे मढ़ सकता था/ मगर कैसे मढ़ सकता था / जो मढ़ेगा कैसे गढ़ेगा।

# कहीं आत्मघाती न हो जाए विपक्ष की बयानबाजी



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है,आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके,लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा,कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

विपक्ष ने लगता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत में राजनैतिक आत्महत्या का तय करके 2024 में चार सौ लोकसभा सीटों का उपहार उन्हें देने का संकल्प ले लिया है। ऐसा लगने लगा है कि जनता ही नहीं पूरा विपक्ष भी अब भाजपा और सहयोगियों को एक बार फिर से सरकार बनाने में मदद करने का फैसला कर चुका है।

राहुल तो कैम्ब्रिज में एक वर्ष पहले ही कह आए थे कि भारत राष्ट्र है ही नहीं यह तो राज्यों का समूह है। अब यही बात इंडी के एक महत्वपूर्ण दल डीएमके के वरिष्ठ नेता ए राजा ने कह दी कि भारत उपमहाद्वीप में भारत का हर राज्य एक राष्ट्र है, क्योंकि हर राज्य की भाषा अलग है। राजा ने राष्ट्र विरोधी टिप्पणी की है। आपको याद होगा कि 2016 में जेएनयू में जब कन्हैया कुमार ( जो अब कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी हैं ) के नेतृत्व में नारे लगे थे कि भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह और इन नारों के अगले दिन सुबह राहुल गांधी,अरविंद केजरीवाल और वाम के सभी दल इन नारों के समर्थन में जेएनयू पहुंच गए थे। इससे एक बात साबित होती है कि भारत को तोड़ने की साजिश अनायास ही नहीं हो रही है।

यह विपक्ष द्वारा अपनी लगातार हो रही हार की खीज मिटाने का राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र का एक बड़ा हिस्सा लगता है। सरकार को और सर्वोच्च न्यायालय को इसका स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए,क्योंकि यह बोलने लिखने की आजादी का दुरुपयोग है। इस भाव को यहीं कुचलना होगा। उधर भगवान राम को अपशब्द कहने की पूरे विपक्ष में एक होड़ सी लग गई है। लगता है विपक्ष के बीच गालियां देने की प्रतियोगिता चल रही हों और हर कोई प्रथम आना चाहता है।

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके,लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही,कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

रामायण की चौपाई में ठीक लिखा है कि "जाको प्रभु दारुण दुख देई, ताकि मति पहले हर लेई"। उधर भ्रष्टाचार में सजा काट चुके और बहुत से भ्रष्टाचार के आरोपों में आरोपित लालू यादव भी फिर से सक्रिय लगने लगे हैं,वैसे तो बीमारी का बहाना करते हैं,लेकिन मोदी को भला बुरा कहने के लिए पूर्ण स्वस्थ हो जाते हैं। दुर्भावना,हताशा की ऊर्जा से ओतप्रोत कुछ भी कहकर पूरे विपक्ष को मुसीबत में डाल देते हैं। गठबंधन के अधर्म का पालन करते कोई गठबंधन का साथी उनकी बेफजूल की बातों का विरोध भी नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट मोदी, हिंदू हैं ही नहीं क्योंकि अपनी मां के दिवंगत होने पर उन्होंने दाढ़ी और सिर के बाल नहीं मुंडवाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि मोदी के बच्चे क्यों नहीं हैं,उनका परिवार क्यों नहीं है? हद कर दी लालू ने। खैर मोदी हर विपरीत परिस्थिति को पलटना जानते हैं और उनके आह्वान पर पूरा भारत कह रहा है "मैं हूं मोदी का परिवार"। इसे कहते हैं कुल्हाड़ी पर पांव मारना।

एक तरफ़ जहां मोदी हर दिन राष्ट्र को हर तरह विकसित और मजबूत बनाने में लगे हैं, वहीं दूसरी और कुत्सित विपक्ष लगातार मोदी को हराने, हटाने के कुटिल प्रयास कर रहा है। अब इसमें देखना क्या है निश्चित है विजय सकारात्मक सोच के मोदी की ही होनी है।

## सोशल फोरम

# पूर्णता का दिन है महाशिवरात्रि

वो जिसने देवता ही क्यों,बल्कि राक्षसों का भी ख्याल किया। सबको बराबर की मोहब्बत दी। उन सबके हिस्सों का जहर खुद पी लिया। वो जिनको मानने में देवता, इंसान,जानवर,राक्षस,संत सब हैं। आप सबको शिव त्रिशूल में दिखते होंगे। हमें तो हर कोमल हृदय में शिव दिखते हैं जिनको सबके जज्बात का एहसास था, जो बिना किसी चालाकी के सबके अपने थे। हर एक की पहुंच में थे। पाप पुण्य के ऊपर,वही तो शिव थे। शिव की तीसरी आंख से पहले कोमल दिल को देखो। आंख तो एक झटके में दिख जाएगी,मगर विशाल विराट बदन में दिल,तब दिखेगा,जब दिल से देखोगे। मासूमियत तब दिखेगी जब दिल में शिव के लिए सच्ची मोहब्बत होगी। उनके कुछ मानने वाले जहर उगल सकते हैं,मगर उनसे मोहब्बत करने वाले जहर खुद पीते हैं।




हफीज किदवई
लेखक

इंसानियत की खुशी के लिए हम जहर पी लें तभी तो हम शिव के हैं और शिव हमारे हैं। बिना फर्क किए सबको गले लगाए तभी तो आप में शिव होंगे। मैं पलट कर देखता हूं तो सर झुक जाता है कि शिव का दिल कितना बड़ा और मासूम था। कौन नहीं था जो शिव तक आसानी से पहुंच जाता था,किसे आखिर शिव हासिल नहीं थे। उनको पाने में न कोई शर्त,न बंधन नियम वे तो सबके हैं। नीलकंठ में मौजूद बर्फ सा सफेद रंग का ठहराव ऊपर से चेहरे पर दूर तक बिखरी मुस्कान, अपने आप में सारा संसार लपेटे हुए। पत्नी पार्वती को अपने बराबर बैठाकर औरत के बराबरी के दर्जे की हिमायत करते शिव आखिर क्यों नहीं दिखते? प्रकृति के हर सजीव में कोई विभेद किए बिना वोह सबके हैं। शिव त्याग हैं,तपस्या हैं,तप हैं, प्रताप हैं,सरल हैं,साधारण हैं, भोले हैं। यह भोलापन ही तो मानवता के लिए वरदान है जिसके अंदर से भोलापन खत्म होता है,वह उतना ही शिवत्व से दूर होते-होते कठोर हृदय का स्वामी बनता जाता है। जहां से गलत रास्ते की शुरुआत होती है। महाशिवरात्रि पूर्णता का दिन है। अर्धनारीश्वर बनने का दिवस,दुनिया को सबसे सफल प्रेम का साक्षात्कार कराने का दिन है। शिव-पार्वती जैसे आशीर्वाद का दिन है,यह निर्माण और विस्तार का दिन है।

-फेसबुक वॉल से

# स्वास्थ्य क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की स्थिति सोचनीय



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं,परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के माध्यम से हम नारी समाज के उत्थान के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक विमर्श करते हैं,ठोस प्रयास और भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। इस संपूर्ण विमर्श में महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष चर्चा होती है। विगत दस वर्षों में महिलाओं की दशा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और अब किशोरियों,युवतियों और नारियों का योगदान निरंतर उत्कृष्टता की तरफ अग्रसर है। इन महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों अपेक्षित सुधारों की नितांत आवश्यकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति पुरुषों की अपेक्षा अधिक सोचनीय है। सर्वप्रथम हम भारतीय महिलाओं (इसमें किशोरियां भी सम्मिलित है) में पाई जाने वाली कुछ प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं का उल्लेख कर लें : मोटापा, डायबिटीज,उच्चरक्तचाप (हाइपरटेंशन),हृदयाघात (हार्टअटैक),रुमैटिक हृदय रोग,विविध कैंसर-स्तन,योनि,गर्भाशय,घुटनों की कमजोरी और थायरॉयड की अक्षमता।

अच्छी सेहत के लिए महिलाओं की जीवनशैली में निम्न सुधार आवश्यक हैं। प्रतिदिन आधे घंटे सैर-व्यायाम, योग-ध्यान, मोटापा स्त्रियों के लिए बहुत दुखदायी होता है। अनेक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। जैसे यकृत में चिकनाई की मोटी परत का जमना (नैश), ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल की अधिकता, हृदयाघात, पक्षाघात, सांस की समस्या, खर्राटा मारना, घुटनों में सूजन,नाभि की हर्निया आदि अनेक व्याधियां। इसलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-मोटापा दिल के लिए समस्या। अपने कोलेस्ट्रॉल स्तर का ज्ञान-कोलेस्ट्रॉल 150 से कम होना जरूरी है। 'अधिक कोलेस्ट्रॉल दिल के लिए काल'। न तम्बाकू न धूम्रपान, यदि महिलाएं धूम्रपान या तंबाकू मिश्रित पदार्थ का सेवन करती हैं तो प्रकृति प्रदत्त हृदय रोगों से सुरक्षा का कवच उनसे छिन जाता है। ऐसी महिलाओं को कम उम्र में दिल का दौरा पड़ता देखा गया है।

अब यह बात निर्विवाद रूप से सिद्ध हो गई है कि शाकाहार सर्वश्रेष्ठ भोजन है। 'शाकाहार सर्वोत्तम आहार'। इसके विपरीति 'मांसाहार अनेक दोष, हृदय कैंसर जैव कुदोष। मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना,बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है। स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है। अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को सुचाप अर्थात् सामान्य श्रेणी में रखना चाहिए। सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 माना जाता है। उच्च रक्तचाप अचानक मृत्यु, हृदयाघात, पक्षाघात, नेत्राघात, गुर्दे पर चोट, यकृत आघात का कारण बन सकता है। अधिक रक्त शर्करा डायबिटीज का द्योतक होती है और अनेक प्रकार के रोगों की जननी कही गई है। इसीलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-'अधिक शक्कर दिल के लिए आफत'। अधिक शुगर का मतलब अधिक इंफेक्शन। महिलाओं में डायबिटीज के चलते पेशाब और योनि मार्ग में अक्सर संक्रमण और सूजन। यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

वर्ष 2024 में उपर्युक्त दिशा-निर्देशों से मिलते-जुलते एक और शोध अध्ययन अमेरिकन जर्नल ऑफ न्यूट्रीशन प्रकाशित हुआ है जिसके अनुसार 40 वर्ष के बाद नियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान निषेध, शाकाहार, शराब से परहेज, 7-8 घंटे की अच्छी नींद और बात-व्यवहार में सकारात्मकता व्यक्ति की मृत्यु दर में कमी तथा आयु में वृद्धि और सुस्वास्थ्य को जन्म देती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्हीं को हमारे प्राचीन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं योगेश्वर कृष्ण कहते हैः युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु। युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखह।। अर्थात हम उपयुक्त भोजन (शाकाहार), समुचित व्यायाम, सम्यक कर्तव्य पालन, समय से सोने और समय पर जगकर हम रोगमुक्त रह सकते हैं। सभी प्रकार के दुखों से दूर रह सकते हैं। यही योग है। इन पंक्तियों के लेखक के पास अपने लंबे चिकित्सकीय अनुभव में ऐसे दर्जनों प्रसंग हैं, जहां लोगों ने शाकाहार, योग और सकारात्मक/आध्यात्मिक जीवन शैली के बल पर लंबी आयु पाई और लंबी बीमारियों से अपेक्षाकृत रूप से बचे रहें।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम संपूर्ण मातृशक्ति और तरुणी-बालाओं से आग्रह करते हैं कि वे प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के लिए कम से कम आधा घंटा अवश्य निकालें। योग-व्यायाम करें, परम सत्ता का ध्यान करें, खान-पान, बात-व्यवहार में सात्विकता-सकारात्मकता बनाएं रखें जिससे शरीर रूपी हमारा मंदिर साफ सुथरा, स्वस्थ-निरामय बना रहे। आखिर तंदरुस्ती ठीक रहेगी तभी तो हम धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कर सकेंगे।

# राज्य के मेडिकल कॉलेजों में जल्द तैनात होंगे 20 असिस्टेंट प्रोफेसर

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी तैनाती की मंजूरी, प्रतीक्षा सूची से किया गया चयन

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** सूबे के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल फैकल्टी की कमी को दूर करने के दृष्टिगत प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की प्रतीक्षा सूची में चयनित 20 असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती को मंजूरी दे दी है।

इन सभी चयनित असिस्टेंट प्रोफेसरों को मेडिकल कॉलेजों में रिक्त पदों के सापेक्ष शीघ्र तैनाती दी जाएगी। मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी नियुक्त होने से जहां कॉलेजों में पठन-पाठन सुचारू होगा, वहीं अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी बेहतर उपचार मिल सकेगा। राज्य सरकार प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी को दूर करने लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की प्रतीक्षा सूची में चयनित 20 असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती को मंजूरी दे दी है। शीघ्र ही चयनित इन असिस्टेंट प्रोफेसरों की राजकीय मेडिकल कॉलजों में नियुक्ति के आदेश जारी कर दिये जाएंगे। राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून में सर्वाधिक 07 असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती की जाएगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में 05, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में 04, राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में 03 तथा राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर में 01 असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती की जाएगी।

> राजकीय मेडिकल कॉलेज में शत-प्रतिशत फैकल्टी तैनात की जाएगी, राज्य सरकार इस दिशा में काम कर रही है। चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा उपलब्ध प्रतीक्षा सूची में चयनित 20 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति मंजूर कर दी गई है, शीघ्र ही इन्हें विभिन्न मेडिकल कॉलेज में तैनाती दी जाएगी। – **डॉ. धन सिंह रावत,** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री



इससे पहले चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न संकायों के रिक्त असिस्टेंट प्रोफेसर के 339 पदों का अधियाचन उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को भेजा था जिसके सापेक्ष बोर्ड द्वारा चयनित विभिन्न संकाय के 171 असिस्टेंट प्रोफेसर को मेडिकल कॉलेजों में तैनाती प्रदान की गई। अब मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न संकायों के रिक्त 20 पदों पर असिस्टेंट प्रोफेसर को तैनाती दी जाएगी।

# सिलेंडर में सौ रुपये की छूट पर पीएम का जताया आभार

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** भाजपा ने महिला दिवस पर एलपीजी सिलेंडर में 100 रुपये की छूट के लिए प्रदेशवासियों की तरफ से पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि उज्ज्वला कनेक्शन पर सब्सिडी जारी रखने के बाद यह निर्णय बताता है कि पीएम मोदी जन-जन के स्वाभाविक अभिभावक हैं।

भट्ट ने कहा कि महिला दिवस पर सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की छूट करना मातृ शक्ति के लिए बड़ी सौगात है।

उनका यह फैसला हमारी माताओं बहिनों के जीवन को आसान बनाने के साथ करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम करेगा।

इससे पूर्व भी मोदी सरकार अगस्त माह में सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए पहले भी कम कर चुके हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर राज्य के 4.5 लाख उज्ज्वला परिवारों को दिए उपहार की चर्चा करते हुए भट्ट ने कहा कि आज उत्तराखंड गरीबों को सबसे कम मूल्य पर सिलेंडर उपलब्ध कर रहा है।

केंद्र सरकार कुल 300 रुपए की सब्सिडी उज्ज्वला कनेक्शन पर दे रही है, वहीं राज्य की धामी सरकार भी 3 सिलेंडर रिफिल मुफ्त दे रही है। इस तरह प्रदेश में उज्ज्वला सिलेंडर को न्यूनतम कीमत पर देकर अंत्योदय परिवारों के घरों को रोशनी से भर रहे हैं। भाजपा सरकारों का यह निर्णय गरीब परिवारों की आर्थिकी सुधारने के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं पूरे परिवार के स्वास्थ्य को भी बेहतर करने में मददगार होगा।

## सार-संक्षेप

### सीएम धामी आज करेंगे देहरादून के लिए रेल सेवा का शुभारंभ

**टनकपुर :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज 9 मार्च को रेल संख्या 15020 टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस को सांय 7 .40 बजे टनकपुर रेलवे स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह सायं 7 . बजे प्रारंभ होगा। 15020 टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचलन 9 मार्च से टनकपुर से प्रत्येक शनिवार को तथा 15019 देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन 10 मार्च से प्रत्येक रविवार को किया जायेगा। इज्जत नगर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 15020 टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस 9 मार्च से टनकपुर से 19 .40 बजे प्रस्थान कर बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, बरेली जंक्शन, चन्दौसी, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, हरिद्वार होते हुए 07 .35 बजे देहरादून पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 15019 देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 10 मार्च को देहरादून से 15 .15 बजे प्रस्थान कर टनकपुर 4 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में, एलएसएलआरडी का 1, साधारण द्वितीय श्रेणी के 3, शयनयान श्रेणी के 5, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 4, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 1 कोच सहित कुल 16 कोच लगाए जाएंगे।

### होली पर टनकपुर से विशेष रेल सेवा का संचालन 22 से

**टनकपुर :** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व पर यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए टनकपुर-मदार जंक्शन -टनकपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन 22 से 29 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार और बुधवार को तथा मदार जंक्शन से 23 से 30 मार्च तक शनिवार, मंगलवार एवं गुरुवार को चार फेरों के लिए किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए इज्जतनगर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 05097 टनकपुर-मदार जंक्शन होली विशेष गाड़ी 22 से 29 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार एवं बुधवार को टनकपुर से 18 .25 बजे प्रस्थान कर मदार जंक्शन 13 .00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05098 मदार जंक्शन से प्रत्येक शनिवार, मंगलवार एवं गुरुवार को 16 .50 बजे प्रस्थान कर 09 .35 बजे टनकपुर पहुंचेगी। इस गाड़ी में एसएलआर/एसएलआरडी के 2, साधारण द्वितीय श्रेणी के 5, शयनयान श्रेणी के 7, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 3 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1 कोच सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

### देहरादून में पकड़ा गया आदमखोर तेंदुआ

**देहरादून :** देहरादून के बाहरी इलाके में कई लोगों पर हमला करने वाले आदमखोर तेंदुए को वन विभाग की टीम ने गुरुवार को पिंजरे में कैद कर लिया। सिंगली और गलजवाड़ी इलाकों में दो बच्चों को मारने वले आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए दो महीने से इलाके में तलाशी अभियान जारी था। वन विभाग की टीम ने रायपुर रेंज के सिंगली क्षेत्र में तेंदुए को घूमते देखा था। मसूरी प्रभागीय वनाधिकारी वैभव कुमार ने बताया कि पकड़ा गया तेंदुआ पांच से छह साल का वयस्क है। तेंदुए को पकड़ने के लिए क्षेत्र में 12 पिंजरे, 40 कैमरा ट्रैप और चार लाइव कैमरे लगाए गए थे। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर ने बताया कि तेंदुए के पकड़े जाने की खबर मिलने के बाद राहत की सांस ली है।

### कैबिनेट मंत्री जोशी ने टपकेश्वर मंदिर में किया जलाभिषेक

**देहरादून, अमृत विचार :** काबीना मंत्री गणेश जोशी ने महाशिवरात्रि पर देहरादून गढ़ी कैंट स्थित टपकेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश की उन्नति और राज्य वासियों की सुख समृद्धि की कामना भी की। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शिवभक्तों के लिए महाशिवरात्रि का दिन विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव एक ऐसे देवता हैं, जो बहुत शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा पुराणों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। माना जाता है यह दिन आध्यात्मिक शक्ति और ऊर्जा प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण और प्राकृतिक ऊर्जा का विशेष लाभकारी भी प्रवाह होता है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने समस्त प्रदेशवासियों को महा शिवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर महत कृष्णा गिरी महाराज, दिगम्बर भरत गिरी सिकन्दर आदि उपस्थित रहे।

# सड़क जाम करने वाले 60 प्रदर्शनकारियों पर मुकदमा

▸▸ कोतवाली पुलिस वीडियो फुटेज और फोटो से कर रही है चिन्हित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जाखन देवी सड़क के सुधारीकरण की मांग को लेकर बीते दिनों विरोध कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और स्थानीय लोगों द्वारा सड़क को घंटों जाम करने पर पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने फिलहाल जाम लगाने वाले साठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस अब वीडियो फुटेज और फोटो से आरोपितों को चिन्हित करने में जुट गई है। अल्मोड़ा नगर में पड़ रही सीवर लाइन का निर्माण ना होने और उससे आम लोगों को हो रही परेशानी को दूर करने की मांग को लेकर बुधवार को नगर के व्यापारियों और स्थानीय लोगों सामाजिक कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में जाखनदेवी के पास करीब दो से ढ़ाई घंटे तक जाम लगाकर धरना दिया। जिससे बुधवार को नगर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई थी। पुलिस और अधिकारी उस दिन बड़ी मुश्किल से मामले को संभाल सके थे कि अगले दिन गुरुवार को भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिखर तिराहे पर फिर करीब दो घंटे तक जाम लगा दिया और धरना दिया। गुरुवार को भी घंटों हंगामा होने के बाद जब अधिकारियों ने लिखित आश्वासन दिया तो बड़ी मुश्किल से जाम खुलवाया जा सका । लेकिन इन दोनों दिनों में हुई जाम की कार्रवाई के कारण नगर के अनेक लोगों और बाहरी क्षेत्रों से आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# मंत्री रेखा ने चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा



महाशिवरात्रि पर चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं मंत्री रेखा आर्य।

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने महाशिवरात्रि पर प्राचीन चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भगवान भोलेनाथ से मेरी मंगल कामना है कि यह महापर्व हर किसी के जीवन में नई ऊर्जा लेकर आए और अमृतकाल में देश के संकल्पों को नई ताकत भी दे। महाशिवरात्रि भगवान शिव की सबसे बड़ी रात्रि के रूप में जानी जाती है।

गरुड़ पुराण, पदम पुराण, स्कन्द पुराण, शिव पुराण और अग्नि पुराण में शिवरात्रि पर्व की महिमा का वर्णन मिलता है।



डालनवाला में इस्कॉन मंदिर के भूमि पूजन पर मौजूद कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी।

### इस्कॉन मंदिर में मंत्री जोशी ने किया भूमि पूजन

**देहरादून :** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को देहरादून डालनवाला में इस्कॉन मंदिर में भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में राजपुर विधायक खजान दास भी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह स्थान हमारी समृद्ध भारतीय विरासत के सांस्कृतिक मूल्यों और आध्यात्मिक ज्ञान को विकसित करने में विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों की सेवा करेगा। मंत्री ने कहा कि इस्कॉन के संस्थापक श्रील प्रभुपाद दुनिया भर में भारतीय संस्कृति के राजदूत रहे हैं और उन्होंने भागवत गीता की इस शिक्षा को बहुत ही प्रभावी तरीके से पूरी दुनिया में साझा किया है, जिसे हमारे जीवन में लागू किया जा सकता है। यह स्थान हमें सुखी जीवन जीने के लिए भक्ति और सेवा भाव विकसित करने में मदद करेगा।

### दन्या पुलिस ने 25 पेटी शराब के साथ तस्कर दबोचा

**अल्मोड़ा :** मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दन्या पुलिस ने एक व्यक्ति को 25 पेटी देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर तस्करी में प्रयुक्त कार को सीज कर दिया गया है। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर जिले के सभी थानों में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान गुरुवार को थानाध्यक्ष दन्या विजय कुमार अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। संदेह के आधार पर पनुवानौला की ओर से आ रही आल्टो कार संख्या यूके-01-बी-1070 को रोककर उसकी चेकिंग की गई तो उसमें पच्चीस पेटी देशी शराब भरी हुई थी। पूछताछ के दौरान अभियुक्त दिगम्बर सिंह सुयाल (31) पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी पनुवानौला ने बताया कि वह शराब को ग्रामीण क्षेत्रों में महंगे दामों में बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया है। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब एक लाख आठ हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक पुष्कर सिंह खाती, गोपाल गिरि, पवन थ्वाल शामिल थे।

# 48. 2 किलो गांजे के साथ 5 युवक गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले की सल्ट पुलिस ने चेकिंग के दौरान पांच युवकों को 48.200 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पांचों युवक ऊधमसिंह नगर के रहने वाले हैं और सल्ट के अलग अलग गांवों से गांजा एकत्र कर उसे महंगे दामों में बेचने के लिए तराई की ओर ले जा रहे थे।

लेकिन वह अपने काले कारनामे में सफल हो पाते। इससे पहले पुलिस ने पांचों को दबोच लिया। पांचों युवकों के खिलाफ सल्ट थाने में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए पुलिस इन दिनों सघन चेकिंग अभियान पर है। अभियान के दौरान सल्ट थाने के एसआई मनोज कुमार थाने से डोटियाल के बीच गश्त पर थे। इसी बीच थाने से कुछ ही कदम की दूरी पर स्थित कालीगांव के पास पांच युवक पैदल आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उनसे पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह रामनगर की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने पांचों युवकों की चेकिंग की तो अभियुक्त मो. शौकीन (27) पुत्र निजामुद्दीन के बैग से 9.60 किग्रा, जिशान अंशारी (23) पुत्र मौ. अली के बैग से 9.80 किग्रा दोनों निवासी पतरामपुर थाना जसपुर नगर व गौरव कुमार (20) पुत्र वीर सिह के बैग से 9.40 किग्रा, अमन (19) पुत्र सुरेश सिंह के बैग से 9.40 किग्रा और अजय कुमार (27) पुत्र धर्मपाल सिंह तीनों के बैग से 9.50 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया। यह तीनों अभियुक्त ग्राम निजामगढ़ पतरामपुर, ऊधमसिंह नगर के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान पांचों युवकों ने बताया कि वह विकास खंड के अलग अलग गांवों से गांजा खरीद कर तराई के क्षेत्रों में महंगे दामों में बेचने के लिए ले जा रहे थे। एसआई मनोज कुमार ने बताया कि पांचों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मोहन चंद्र, चंद्रपाल सिंह, दीपक कुमार, संजू कुमार आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं से की मतदान में भाग लेने की अपील

**देहरादून :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ . बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में महिला मतदाताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत महिला मंगल दल एवं अन्य संस्थाओं द्वारा मतदान की शपथ ली गई व सभी से मतदान करने की अपील की गई। महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया। इसके साथ ही डिस्ट्रिक्ट आइकॉन महिलाओं ने महिलाओं से मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## उत्तर प्रदेश

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** गुन्नौर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई जबकि उसकी भांजी घायल हो गई। युवक की मौत से 24 दिन में ही पत्नी का सुहाग उड़ गया।



मृतक ओमप्रकाश।

घायल भांजी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव न्यौरा निवासी ओमप्रकाश (22) पुत्र सोमवीर गुरुवार शाम जुनावई क्षेत्र के गांव लतीपुर में बहन ममता के घर से भांजी खुशबू (8) को लेकर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह कस्बा बबराला के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को रौंद दिया। वाहन बाइक को करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। हादसे में ओमप्रकाश की मौत हो गई जबकि भांजी खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।



रजपुरा में युवक की मौत के बाद बिखलती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### 24 दिन में ही उजड़ गया पूजा का सुहाग

गांव न्यौरा निवासी ओमप्रकाश की शादी 13 फरवरी को जुनावई थाना क्षेत्र के गांव अहरौला नोआबाद की पूजा के साथ हुई थी। अभी पूजा के हाथों से मेहंदी का रंग भी नहीं उतरा था कि पति की मौत हो गई। जिससे पूजा पर दुखों का पहाड़ टूट गया। पति की मौत पर पूजा विलाप करते हुए बेसुध हो रही है। महिलाएं उसे संभालती है तो वह पति को याद कर फिर बिलखने लगती है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार सिपाही की मौत

▸▸ देर रात नेशनल हाईवे पर वाहन ने मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहजादनगर थाना क्षेत्र में शंकरपुर के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार सिपाही की मौत हो गई। हालांकि सिपाही को अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जिला अमरोहा के डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी देवेंद्र सिंह का पुत्र गौरव (27) उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही था। इस समय वह रामपुर के शहजादनगर थाने में तैनात था। बोर्ड परीक्षाओं के मद्दनेजर ककरौआ के पास स्थित दीनदयाल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर उसकी रात में ड्यूटी लगी थी। गुरुवार रात करीब 10 बजे वह खाना खाने के लिए हाईवे पर आया था। वापस जाते समय शंकरपुर के निकट पुलिया के पास पीछे से आ रहे वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गौरव बाइक की अनियंत्रित हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल सिपाही को बाईपास स्थित संजीवनी अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां से बेहतर उपचार के लिए उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद परिजन भी मुरादाबाद के अस्पताल के लिए रवाना हो गए।



मृतक गौरव।

# नवजात की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**शाहबाद (रामपुर) अमृतविचार :** प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। लोगों ने किसी तरह उन्हें शांत किया। शाम तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

नगर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी आलम के अनुसार उसने अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव के लिए शुक्रवार की सुबह ढकिया मार्ग स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि महिला का आपरेशन होना था लेकिन चिकित्सकों ने नार्मल डिलीवरी करनी शुरू कर दी। इससे शिशु की प्रसव के दौरान ही मौत हो गई। लेकिन चिकित्सकों ने हालत खराब बताकर उसे मुरादाबाद ले जाने को कहा। इसके बाद वह शिशु को मुरादाबाद ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# महिला के साथ मौलाना ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

बसखारी(अंबेडकरनगर)

▸▸ रुहानी इलाज के लिए आरोपी के पास आई थी महिला

**अमृत विचार:** किछौछा के एक मौलाना द्वारा गैर प्रांत से जियारत के लिए आयी एक महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में स्थित मखदूम साहब के अस्ताने पर महाराष्ट्र से परिवार के साथ रूहानी इलाज के लिए आयी जायरीन महिला के साथ झाड़-फूंक का काम कर रहे एक मौलाना ने घर में बंधक बनाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोप है कि रूहानी इलाज के लिए आई महिला के परिजनों को बाहर बैठाकर मौलाना अरशफ रूहानी इलाज के नाम पर महिला को एक कमरे में ले गया। इसके बाद उसने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोप यह भी है कि मौलाना ने महिला और परिजनों को मुंह खोलने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने इसके बाद बसखारी थाने में आरोपी मौलाना के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। इस पर बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मौलाना सैयद मो. अशरफ पुत्र इनाम अशरफ निवासी किछौछा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे खानकाह से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# आज मौलाना तौकीर के घर पर समन चस्पा करेगी पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में 2010 में हुए दंगे के केस में मुख्य अभियुक्त करार दिए गए तौकीर रजा खां के घर पर पुलिस शनिवार को अदालत का समन चस्पा करने के साथ उनके परिजनों को भी सूचित करेगी। पुलिस दो बार तौकीर के घर जा चुकी है लेकिन उनके न मिलने से समन तामील नहीं हो सका है।

तौकीर रजा के घरवालों ने उन्हें दिल्ली में होना बताया है। पुलिस ने इसके बाद शुक्रवार को तौकीर के घर पर समन चस्पा करने की बात कही थी लेकिन महाशिवरात्रि के कारण इसे शनिवार पर टाल दिया गया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि पुलिस समन तामील कराने तौकीर के घर दो बार जा चुकी है। अब शनिवार को उनके घर पर समन चस्पा कर उनके परिजनों को इसकी सूचना दे दी जाएगी।

# आचार संहिता से पहले लोनिवि को धनावंटन करने पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग को बजट के अनुरूप अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। शासन से रोजाना अरबों का धनावंटन हो रहा है। साथ ही, सरकार की ओर से सख्त रूख अपनाते हुए अवकाश में भी मानीटरिंग शुरू हो गई है। कोशिश है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने से पहले धनावंटन का कार्य पूरा हो जाए, ताकि कार्य पूरा करने में कोई रुकावट न हो।

शासन ने चौबीस घंटे के भीतर सभी जिलों को अरबों रुपये सड़कों के नवीनीकरण, सुदृणीकरण, चौड़ीकरण आदि के लिए जारी किया है। यह सिलसिला अगले सप्ताह तक तेजी से जारी रहेगा। मार्च के दूसरे सप्ताह के आखिर में या तीसरे सप्ताह में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना हर हाल में जारी होने की उम्मीद है, ऐसे में बजट के अनुरूप आवंटन पर फोकस है, ताकि मार्च माह में तीन दिन पहले ही छोटे-छोटे सड़कों के काम काम पूरा करके धनराशि का व्यय सुनिश्चित हो सके और अंत में मानीटरिंग के साथ जरूरी बड़े काम निपटाए जा सके।

रामपुर जनपद में विलासपुर मिलक मार्ग के किमी 18 से रासडंडिया से सिलईबड़ा भौजीपुरा मार्ग पर 11.300 किमी के कार्य की कुल लागत 37.54 करोड़ के सापेक्ष 7.50 करोड़ रुपये जारी हुआ है। जबकि कानपुर नगर, महराजगंज, जौनपुर और फर्रुखाबाद के लिए 81.64 करोड़ की स्वीकृति देते हुए 16.20 करोड़ जारी हुए हैं। इसमें कानपुर के शिवराजपुर मार्ग को दो लेन से चार लेन करने का काम भी शामिल है। हरदोई व झांसी के लिए 1.47 करोड़ समेत कई जिलों में 31 नए मार्गों के लिए 31.18 करोड़ रुपये भेजे गए हैं। लखनऊ-कानपुर मार्ग से हरदोई मार्ग तथा हरदोई मार्ग से सीतापुर मार्ग के गोमतीनदी पर बने घैलापुर के क्षतिग्रस्त पहुंचमार्ग की मरम्मत भी तेजी से पूरा करने के लिए 1.47 करोड़ दिए गए हैं। लखनऊ में डालीगंज से निशातगंज मार्ग पर इंदिराब्रिज के विशेष मरम्मत के लिए शासन ने 46.57 लाख रुपये जारी किए हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1850, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1805, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1435, सचिन 1495, सूरज 1460, अवसर 1580, राग गोल्ड 1590, गृहणी 1490, क्लासिक (किलोg) 1685, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1600, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6850–7700, मलका छँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10800, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700–11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**–डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

# डीपफेक पर कानूनी प्रावधान चुनाव के बाद

## सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-हमारे भविष्य को कर सकती है प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने डिजिटल मंचों से समाज और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रक्रिया समाधान मुहैया कराने को कहा है। वैष्णव ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद डीपफेक और गलत सूचना के खिलाफ एक सुविचारित कानूनी ढांचे को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को वीडियो में गलत ढंग से पेश करने को डीपफेक कहा जाता है। भारत में चुनाव का मौसम नजदीक आने



के साथ डिजिटल मंचों ने चुनावी सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की कोशिशें बढ़ा दी हैं। इस दौरान सरकार ने भी सलाह और संदेशों के माध्यम से सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर प्रसारित होने वाले डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रति अपने कठोर रुख को दर्शाया है। वैष्णव ने पिछले दिनों बातचीत में इस मसले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा-हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में गलत सूचना वास्तव में बहुत हानिकारक हो सकती है। भ्रामक सूचना समाज, लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया के लिए हानिकारक हो सकती है और यह हमारे भविष्य एवं समाज के सद्भाव को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल मंचों के साथ चर्चा के दौरान बहुत स्पष्ट रहे हैं।

### एफटीए पर घरेलू उद्योग के दीर्घकालिक लाभों पर सरकार का ध्यानः पीयूष गोयल



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत करते हुए हमेशा घरेलू उद्योगों के आनुपातिक और दीर्घकालिक लाभों को ध्यान में रखती है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि वे दिन चले गए जब भारत दुनिया की शर्तों को स्वीकार करता था। गोयल ने साक्षात्कार में कहा–हम यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य पर नजर रखते हैं कि भविष्य में भी एफटीए का प्रभाव सकारात्मक होगा। हमारा ध्यान संतुलित, निष्पक्ष और न्यायसंगत एफटीए पर होता है। उन्होंने कहा–हमारी तरफ से पेश किए जा रहे बड़े भारतीय अवसर को देखा जा सकता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमें (इन समझौतों से) देश के लिए आनुपातिक लाभ मिले।

### सहकारिता मंत्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र पर डाटाबेस शुरू किया

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी जानकारी को लेकर आंकड़ों की सूची (डाटाबेस) जारी की। यह कदम सहकारी क्षेत्र की दक्षता और प्रभावशीलता में योगदान देगा। शाह ने 'डाटाबेस' शुरू करते हुए कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि 'डाटाबेस' को विकसित करने में लगभग दो साल लग गए और अब कोई भी कंप्यूटर पर माउस के एक क्लिक के साथ सहकारी क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि 'डाटाबेस' की पेशकश, सहकारी क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय सहकारी 'डाटाबेस' एक वेब-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड है जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य संघों सहित सहकारी समितियों के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

# शाकाहारी थाली फरवरी में महंगी पर मांसाहारी की लागत हुई कम

**मुंबई, एजेंसी**

प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई जबकि चिकेन सस्ता होने से मांसाहरी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने 'रोटी चावल कीमत' पर शुक्रवार को जारी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि फरवरी में पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपये थी। इस थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक-प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर



क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है। इसके अलावा चावल और दाल भी महंगी हुई हैं। हालांकि जनवरी की तुलना में पिछले महीने की शाकाहारी थाली सस्ती है। मांसाहारी थाली के मामले में कीमत एक साल पहले की अवधि में 59.2 रुपये की तुलना में घटकर 54 रुपये हो गई। हालांकि जनवरी के 52 रुपये की तुलना में अधिक है। इस थाली में शाकाहारी थाली वाली दाल की जगह चिकन ने ले ली है। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 20% की गिरावट आई।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000–50,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,500 |
| चांदी पक्की | 736 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,150 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**–शरबती 94–110 मसूरी 98 बासमती 150, **दाल दलहन**–काला चना 115 साबुत चना दाल 110 मूंग साबुत 125 राजमा 156 दाल उड़द 124 साबुत मसूर दाल 117 मसूर दाल 116 उड़द साबुत 140 काबुली चना 144 अरहर दाल 162 लोबिया/करमानी 135 सोयाबीन 118 मूंगफली 135 मटर (सूखी) 60 मक्का 35 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

# पड़ोसी देश के नेपाली व्यापारियों को यूपीआई के जरिए कीजिए भुगतान

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एनपीसीआई अंतरराष्ट्रीय भुगतान (एनआईपीएल) और नेपाल के सबसे बड़े भुगतान नेटवर्क फोनेपे पेमेंट सर्विस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत ही पड़ोसी देश में यूपीआई से भुगतान शुरू हुआ है। कहा गया कि अपने पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल करके नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे। फोनपे नेटवर्क में शामिल व्यापारी भारतीय ग्राहकों से यूपीआई भुगतान ले सकते हैं। एनआईपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितेश शुक्ला ने कहा-यह पहल न केवल डिजिटल भुगतान क्षेत्र में नवाचार करने की हमारी प्रतिबद्धता को, बल्कि व्यापार के लिए नए रास्ते बनाएगी।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश 23 महीनों में सर्वाधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने जारी किए आंकड़े

इक्विटी म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 26,866 करोड़ रुपये के प्रवाह के साथ अपनी बढ़त जारी रखी जो पिछले 23 महीनों का सर्वाधिक मासिक निवेश है। क्षेत्र आधारित कोषों के लिए बड़े पैमाने पर दिलचस्पी दिखाने और नई फंड पेशकश (एनएफओ) की वजह से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश बढ़ा है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश का फरवरी का आंकड़ा जनवरी के 21,780 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 23 प्रतिशत अधिक है।

म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी की तरफ से शुक्रवार



को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये योगदान जनवरी के 18,838 करोड़ रुपये को पार करते हुए फरवरी में 19,186 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। एम्फी (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के मुख्य कार्यपालक वेंकट चलसानी ने कहा-हमने फरवरी 2024 में देखा कि 49.79 लाख नए एसआईपी पंजीकरण के साथ कुल 8.20 करोड़ एसआईपी खाते हो गए हैं। यह अनुशासित धन संचय के लिए निवेशकों की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी के लगभग बराबर ही था। इसमें ऋण-उन्मुख योजनाओं में 63,809 करोड़ रुपये, इक्विटी योजनाओं में 26,866 करोड़ रुपये और हाइब्रिड योजनाओं में 18,105 करोड़ रुपये का योगदान रहा।

## राष्ट्रीय



चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड दौरान आयोजित संयुक्त प्रदर्शन के दौरान कैडेटों ने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

### प्रधानमंत्री असम अरुणाचल, बंगाल और उप्र का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताहांत असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे और इस दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यस करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री शुक्रवार रात को असम पहुंच जाएंगे और अगले दिन शनिवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे। यहां से प्रधानमंत्री अरुणाचल के ईटानगर के लिए रवाना होंगे, जहां वह 'विकसित भारत, विकसित उत्तर पूर्व' कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित करेंगे और लगभग 10,000 करोड़ रुपये की उन्नति योजना की शुरुआत भी करेंगे।

### नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार वितरण के दौरान बोले प्रधानमंत्री, देश के प्रति बढ़ रही जिज्ञासा

# भारत के बारे में दुनिया के लिए करें सृजन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने यहां भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा-आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें। 'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार 2024 में मल्हार कलांबे को स्वच्छता राजदूत पुरस्कार प्रदान किया। ● एजेंसी

गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया।

मोदी ने कहा कि लोग उनसे उनकी सफलता का राज पूछते हैं, लेकिन वह हर किसी को जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने कहा-क्या कोई रेस्तरां मालिक आपको अपनी रसोई दिखाएगा? ईश्वर की कृपा है, मैं समय से पहले समय को भांप सकता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि भविष्य में इन पुरस्कारों का महत्वपूर्ण स्थान होगा। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स को देश के डिजिटल एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया और कहा कि वे 'वोकल फॉर लोकल' के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

उन्होंने कहा-आइए, हम सब मिलकर 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत करें। आइए, हम भारत से, भारत की संस्कृति, भारत की विरासत और परंपराओं से जुड़ी कहानियां पूरी दुनिया के साथ साझा करें। यह कहते हुए कि भारत के प्रति दुनिया की जिज्ञासा बढ़ रही है, प्रधानमंत्री ने कंटेंट क्रिएटर्स से संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं, जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश आदि में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए काम विकसित करने का आग्रह किया।

## एक नजर

### ईडी ने शरद पवार के पोते की चीनी मिल को किया कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के सुप्रीमो शरद पवार के पोते रोहित पवार के स्वामित्व वाली एक चीनी मिल की 50 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में ईडी द्वारा की जा रही धनशोधन जांच से जुड़ी है। ईडी ने एक बयान में कहा कि औरंगाबाद के कन्नड गांव में स्थित कन्नड सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अंतरिम रूप से कुर्क किया गया है।

### मीरवाइज को नमाज पढ़ने की मिली अनुमति

**श्रीनगर।** हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को पांच महीने बाद जामिया मस्जिद में नमाज पढ़ने की अनुमति दे दी गई। एक अधिकारी ने बताया–मीरवाइज को आज दोपहर को यहां शहर के निगीन इलाके में उनके आवास से बाहर निकलने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अपने आवास से निकलने के बाद मीरवाइज शहर की जामिया मस्जिद पहुंचे और नमाज अदा की।

## राजद ने विधान परिषद चुनाव में राबड़ी, तीन अन्य उम्मीदवारों को उतारने का किया फैसला

**पटना।** राजद ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को एक बार फिर से विधान परिषद चुनाव मैदान में उतारने का शुक्रवार को फैसला किया। राजद ने यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी इस महीने के अंत में होने वाले द्विवार्षिक चुनावों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के शशि यादव का समर्थन करने के अलावा, पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और तीन अन्य उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। राजद के अन्य उम्मीदवारों में अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव सैयद फैसल अली और महिला इकाई की पूर्व प्रमुख उर्मिला ठाकुर शामिल हैं।

## पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा, मैं जा रहा हूं

**कोटा (राजस्थान) एजेंसी**

- आत्महत्या से पहले 16 वर्षीय किशोर ने कहा

पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा। क्षमा करियेगा, मैं जा रहा हूं.... यह अंतिम शब्द कोटा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले उस 16 वर्षीय किशोर के हैं जो उसने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या करने से पहले पहले अपने पिता से कहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि बिहार के भागलपुर के रहने वाले अभिषेक मंडल का शव शुक्रवार की सुबह यहां विज्ञान नगर इलाके में स्थित एक पेइंग गेस्ट आवास से बरामद किया गया। ऐसा संदेह है कि बृहस्पतिवार की देर रात उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम को घटनास्थल से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें मृतक ने अपने पिता से जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) पास न करने के बारे में असमर्थता जताई है। अधिकारी ने कहा कि सुसाइड नोट में लिखा हुआ था, पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएग। क्षमा करिएगा, मैं जा रहा हूं।

# गृहमंत्री अमित शाह के घर में 200 उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

- 11 मार्च को उम्मीदवारो की दूसरी सूची होगी फाइनल

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने लगभग 200 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। इनकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली आने के बाद ही होगी। दूसरी सूची जारी करने के लिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक भी इसीलिए टल गई है क्योंकि मोदी असम एवं उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकल गए हैं। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के टिकट दावेदारों पर विचार-विमर्श हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी थे।

"इस बार चार सौ पार" फार्मूले के तहत भाजपा ने एक ठोस रणनीति बनाई है जिसके तहत एक-एक सीट पर बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है और प्रत्याशियों के चयन से पहले सभी पहलुओं पर राय मशविरा हो रहा है। उम्मीदवारों के चयन में कई स्तर पर विचार करने के बाद एक-एक नाम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत लगभग दो सौ उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। लेकिन उसमें अंतिम मोहर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चुनाव समिति की बैठक के दौरान लगेगी। 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हो चुकी है दूसरी सूची में लगभग 200 उम्मीदवारों की घोषणा होने का अनुमान है। तीसरी सूची में उन उम्मीदवारों के नाम होंगे, जिनमें ज्यादा उठापटक है।

सूत्रों के मुताबिक यह भी पता चला है कि दूसरी सूची में कुछ नामों पर स्वयंसेवक संघ का दबाव है इसीलिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक को टाल दिया गया है। क्योंकि शुक्रवार को दोपहर में प्रधानमंत्री असम के दौरे पर निकल गए हैं। 9 मार्च की रात मोदी बनारस में रहेंगे और दूसरे दिन आजमगढ़ के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद 10 मार्च की रात तक दिल्ली पहुंचेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक चुनाव समिति की बैठक 11 मार्च को हो सकती है। अभी तक तय किए गए नामों पर 10 मार्च की रात को मोदी विचार कर सकते हैं। फिलहाल 11 मार्च का दिन भाजपा टिकटार्थियों के लिए काफी अहम होगा। उस दिन दूसरी सूची जारी की जाएगी और 12 मार्च को मोदी जैसलमेर (राजस्थान) चले जाएंगे।

# सीबीआई ने शाहजहां शेख के आवास, कार्यालय पर की छापेमारी

**कोलकाता, एजेंसी**

### संदेशखालि मामला

- हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए पहुंचे अधिकारी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे। इस छापेमारी में फोरेंसिक और प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों ने भी सीबीआई टीम को सहयोग दिया। छापे मारने वाली 14-सदस्यीय टीम में सीबीआई के छह कर्मियों और छह केंद्रीय फोरेंसिक अधिकारियों के अलावा प्रवर्तन निदेशालय के वे दो कर्मी भी शामिल थे, जो पांच जनवरी को किये गये हमले में घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

### टीएमसी सरकार शेख को बचा रही : पूनावाला



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को विपक्ष पर हमला बोला और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार अपनी पार्टी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को बचा रही है। शेख पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप है। पूनावाला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा–एक तरफ प्रधानमंत्री 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ममता दीदी पश्चिम बंगाल के संदेशखालि से 'शाहजहां बचाओ' का संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा–वे (कांग्रेस) 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' जैसे अभियान चलाते हैं लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए कुछ नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए पूनावाला ने कहा कि अभियान और नारे लगाने के बजाय, उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होना चाहिए।

### सुपरटेक के अध्यक्ष को धनशोधन मामले में नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में निर्माण कारोबार से जुड़ी कंपनी सुपरटेक समूह के अध्यक्ष एवं प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की 'डिफाल्ट' जमानत याचिका खारिज कर दी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अरोड़ा की इस दलील को खारिज कर दिया कि अभियोजन शिकायत (आरोप-पत्र) दाखिल करने की तारीख तक जांच पूरी नहीं हुई थी, क्योंकि आरोप-पत्र के साथ एफएसएल रिपोर्ट संलग्न नहीं थी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकायत दर्ज करने के बाद मामले में एक अन्य व्यक्ति को तलब किया था।

## खेल डायरी

### निशांत विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में



**बुस्तो अर्सिजियो (इटली), एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत देव जॉर्जिया के मेदीयेव एस्केरखान को हराकर पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किलोवर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किलो) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किलो) को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी। अंकुशिता को फ्रांस के सोंविको एमिली ने 3-2 से हराया। वहीं संजीत को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5-0 से मात दी। टूर्नामेंट में 590 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं, जिनसे पेरिस ओलंपिक के लिए 49 कोटा (28 पुरुष और 21 महिला) हासिल होने हैं। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिए 4 कोटे हासिल किए हैं जो निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो), परवीन हुडा (57 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) को मिले हैं। दूसरा विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 23 मई से 3 जून तक बैंकाक में खेला जाएगा।

### नागल पहले दौर में कनाडा के मिलोस से हारे

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया। रफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद नागल 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को एक घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 3-6, 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। गत क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन नडाल के नाम वापिस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे। नागल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। अगर वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आकर बने रहते हैं तो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।

### वापसी के साथ पहला मैच हारीं वीनस विलियम्स

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** छह महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6-2, 3-6, 0-6 से हार गई। पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा ईरानी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में 3 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका को थॉमस मचाक ने हराया।

### अफगानिस्तान मैच खेलने जाएगी भारतीय फुटबॉल टीम



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 21 मार्च को होने वाले 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए चार्टर्ड विमान से सऊदी अरब के आभा जाएगी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक यात्रा संबंधी परेशानियों को लेकर एआईएफएफ के सामने गंभीर चिंताएं व्यक्त की थी जिसके बाद महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह कदम उठाया। चौबे ने कहा कि हम राष्ट्रीय टीम से जुड़े मसलों पर कभी कोई समझौता नहीं करते हैं और इसलिए हमने अपने खिलाड़ियों को आभा पहुंचाने के लिए चार्टर्ड विमान किराए पर लेने का फैसला किया है। हम अपनी राष्ट्रीय टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। राष्ट्रीय टीम ने इससे पहले शायद कभी यात्रा के लिए चार्टर्ड विमान का उपयोग किया हो। स्टिमक ने एआईएफएफ के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मैं खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी एआईएफएफ के प्रयासों को समझेंगे। अफगानिस्तान के घरेलू मैच तटस्थ स्थल पर खेले जा रहे हैं जबकि भारत इस देश के खिलाफ अपना घरेलू मैच 26 मार्च को गुवाहाटी में खेलेगा।

# रोहित और गिल के शतकों से भारत की स्थिति मजबूत

## भारत ने दूसरे दिन 255 रन की बनाई बढ़त, रोहित और गिल ने दूसरे विकेट के लिए की 171 रन की साझेदारी



**शुभमन गिल**

**110** रन **150** गेंद

**10** चौके **5** छक्के

**धर्मशाला, एजेंसी**

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में विकेट जल्दी गिरने के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन में 5 विकेट गंवाए।

इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन) और गिल (150 गेंद में 110 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 244 गेंद में 171 रन जोड़े। पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाए जबकि सरफराज ने 60 गेंद में 56 रन बनाए और चाय के बाद पहली गेंद पर ही विकेट दे दिया।



धर्मशाला में दूसरे दिन भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैच के दौरान शॉट लगाते रोहित शर्मा।

भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के आफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर 2 विकेट लिए। चाय ब्रेक के समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 376 रन था लेकिन आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की तो भारतीयों ने अपने विकेट गंवाए। बशीर की गेंद पर सरफराज ने पहली स्लिप में जो रूट को कैच थमाया। वहीं पड्डिकल को बशीर ने बोल्ड किया। ध्रुव जुरेल (15) खराब शॉट खेलकर आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और रोहित को बोल्ड किया। उसके बाद सरफराज और पड्डिकल ने पारी को आगे बढाया। स्टोक्स ने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था। पहले सत्र में गेंदबाजों को नाकाम होता देख दूसरे सत्र में गेंद संभाली। पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का आफ स्टम्प उखाड़ दिया। अगले ओवर में जेम्स एंडरसन ने गिल को बोल्ड किया। उस समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 279 रन था। पड्डिकल ने आफ साइड से अधिकांश रन बनाए। वहीं सरफराज ने धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने 81वें ओवर में श्रृंखला में तीसरा अर्धशतक पूरा किया। कल के स्कोर 1 पर 135 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सुबह शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी। रोहित और गिल की साझेदारी तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। एचपीसीए स्टेडियम पर भारतीय प्रशंसकों से अधिक शोर 'बार्मी आर्मी' (इंग्लैंड के समर्थकों) ने मचाया। रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे के खेल में 30 ओवर में 129 रन बनाए। बशीर ने जेम्स एंडरसन के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। रोहित ने दूसरे ओवर में उन्हें छक्का और चौका लगाया। वहीं गिल ने एंडरसन को छक्का जड़ने के बाद स्क्वेयर कट पर चौका लगाया। इंग्लैंड को एकमात्र मौका मिला, लेकिन जाक क्रॉली लेग स्लिप में रोहित का कैच नहीं लपक सके। पहले घंटे में 15 ओवर में 60 रन बने। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लेग साइड में 6 फील्डर लगाए, लेकिन निराशा हाथ लगी। मिड आफ खाली देखकर रोहित ने वुड को चौका जड़ा। बशीर को दूसरे स्पेल में गिल ने सिर के ऊपर से छक्का लगाया। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। दो गेंद बाद गिल ने बशीर को चौका जड़कर सौ रन बनाया। श्रृंखला में दूसरा शतक जमाने के बाद उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों का झुककर अभिवादन किया, जिसमें उनके पिता बैठे थे।

### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी) 218

| भारत (पहली पारी) | 473/8 (120 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी स्ट फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा बो स्टोक्स | 103 | 162 | 13/3 |
| शुभमन गिल बो एंडरसन | 110 | 150 | 10/5 |
| देवदत्त पड्डिकल बो बशीर | 65 | 103 | 10/1 |
| सरफराज खान का रूट बो बशीर | 56 | 60 | 8/1 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा बो हार्टली | 15 | 50 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल का डकेट बो बशीर | 15 | 24 | 2/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो हार्टली | 00 | 05 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 27 | 55 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 19 | 55 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 6, **विकेट पतन:** 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, **गेंदबाजी:** एंडरसन 14-1-59-1, वुड 15-1-89-0, हार्टली 39-3-126-2, बशीर 44-5-170-4, स्टोक्स 5-1-17-1, रूट 3-0-8-0

# बीमारी ने खेल के प्रति बढ़ाया लगाव: पड्डिकल

**धर्मशाला, एजेंसी**

दो साल से अधिक समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से देवदत्त पड्डिकल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे लेकिन इन परिस्थितियों ने उनका खेल के प्रति लगाव बढ़ा दिया और आखिर में वह भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने में सफल रहे।

पड्डिकल ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन



कोविड होने और पेट संबंधी बीमारी से उनके करियर का ग्राफ आगे नहीं बढ़ पाया। इनसे पार पाने के बाद पड्डिकल ने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगना शुरू कर दिया, जिसका परिणाम यह निकला कि उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट में उन्होंने शुक्रवार को 65 रन की पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का है। पड्डिकल ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि आप जो भी काम करते हो उसमें सफलता के लिए अनुशासन होना जरूरी है। चाहे वह अभ्यास हो या दैनिक जीवन की आदतें या भोजन। मैंने अनुशासित रहने का प्रयास किया और यही मेरा लक्ष्य था। बीमारी के दौरान मैं बहुत कुछ नहीं कर सका लेकिन फिर भी मैं चाहता था कि मैं अन्य क्षेत्रों में पीछे ना रहूं। मैंने खुद पर काम जारी रखा फिर चाहे वह मानसिक हो या फिर छोटी -छोटी चीजें। पड्डिकल ने जब पूर्ण फिटनेस हासिल करने के बाद वापसी की तो उनका खेल निखर गया था। उन्होंने कहा कि तकनीकी तौर पर और मानसिक तौर पर भी मैंने बदलाव किए। मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि मैं खेल का पूरा लुत्फ उठाऊं। मुझे एहसास हुआ कि इस खेल से मेरा कितना लगाव है।

# पीवी सिंधू ओलंपिक चैंपियन चेन से हारी

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

**पेरिस, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाया लेकिन फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेइ से हार गई।

चोट के कारण चार महीने बाद वापसी कर रही सिंधू ने करीब डेढ़ घंटे चले मुकाबले में अपनी फिटनेस और कौशल की बानगी पेश की लेकिन 24-22, 17-21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। सिंधू ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीता था। उसके बाद से दो मुकाबलों में वह चेन से हार चुकी हैं। वहीं भारतीय जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। चाइना ओपन 2023, मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में उपविजेता रही सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी को 21-13, 21-12 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 32 मिनट चला। अब उनका सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को 21-18, 21-13 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त किंग चेन चेन और यि फान जिया की चीनी जोड़ी से होगा।



# कोहली के लंबे करियर का राज फिटनेस : डु प्लेसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि फिटनेस को लेकर विराट कोहली का जुनून शीर्ष स्तर पर उनके लंबे करियर का राज है और युवा क्रिकेटरों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

कोहली ने बतौर कप्तान आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में काफी बदलाव लाते हुए फिटनेस को खिलाड़ियों के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाया। डु प्लेसी ने कहा कि वह जबर्दस्त है। वह काफी मेहनत करता है और बहुत फिट है। अगर आज के दौर में लंबा करियर चाहिए तो यह करना ही होगा। वह शानदार उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर पर लंबा करियर बनाने के लिए सिर्फ प्रतिभा



से काम नहीं चलता। उन्होंने कहा कि युवाओं को लगता होगा कि वह आकर सिर्फ प्रतिभा के दम पर लंबे समय तक खेलते रहेंगे, लेकिन लंबे समय तक खेलने के लिए फिटनेस बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में विराट और मैं एक जैसे हैं। हम खेल के बारे में एक जैसा सोचते और देखते हैं। कड़ी मेहनत करते हैं, फिट रहते हैं और अच्छा खाते हैं। इसी वजह से हमारा तालमेल भी शानदार है।

### कोहली ने आईपीएल में सफलता का श्रेय साथियों को दिया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** विराट कोहली ने आईपीएल में सफलता का श्रेय साथी खिलाड़ियों और प्रशंसकों को दिया। कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच नहीं खेल रहे हैं लेकिन उनके आईपीएल में वापसी की संभावना है। उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टूर्नामेंट के पहले मैच में 22 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे आईपीएल से गहरा लगाव है। इसमें आप कई नए खिलाड़ियों के साथ खेलते हो। कई ऐसे खिलाड़ियों के साथ खेलते हो जिन्हें आप लंबे समय से जानते हो और जो आपके देश से नहीं है जिनसे आप अक्सर नहीं मिलते हो।

### आईपीएल के पहले दो मैचों से बाहर रहेंगे वेड

**मेलबर्न, एजेंसी।** मैथ्यू वेड आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए पहले दो मैच नहीं खेल सकेंगे क्योंकि यह विकेटकीपर बल्लेबाज 21 से 25 मार्च तक शेफील्ड शील्ड फाइनल में तस्मानिया के लिए खेलेगा। आईपीएल का यह सत्र 22 मार्च से शुरू होगा। पिछली उपविजेता टाइटंस 25 मार्च को मुंबई इंडियंस से पहला मैच खेलेगी। 27 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है लेकिन वेड दोनों मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वह 31 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के लिये आईपीएल के तीसरे मैच में उपलब्ध रहेंगे। तस्मानिया के मुख्य कोच जैफ वॉन ने होबार्ट में कहा कि उसने अपनी आईपीएल टीम से बात कर ली है और उन्हें ऐतराज नहीं है। वेड ने 2022 में टाइटंस के लिए 10 मैचों में 157 रन बनाये थे लेकिन पिछले साल वह मैच नहीं खेल सके क्योंकि रिधिमान साहा को तरजीह दी गई।

# खास हैं स्टोक्स, इंग्लैंड को बनाया बेहतरीन टीम : मोईन


**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद मोईन अली ने बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा है कि उन्होंने इंग्लैंड को बेहतरीन टीम बनाया है। टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके मोईन ने कहा कि जो रूट और एलेस्टेयर कुक मेरे कप्तान रहे हैं लेकिन स्टोक्स अलग है। वह जिस तरह से खेल और टीम को आगे लेकर गया है, वह शानदार है। मोईन ने इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' शैली का बचाव किया जिसकी इस समय आलोचना हो रही है। उन्होंने कहा कि हर कोई बैजबॉल के बारे में बात कर रहा है लेकिन वे इसमें विश्वास नहीं करते। मुझे लगता है कि वह खास कप्तान और खास खिलाड़ी है। मोईन ने कहा कि भारत से उनका सामना कठिन विकेट पर था। बैजबॉल में हमेशा मौका होता है। भारत के लिए यशस्वी ने शानदार प्रदर्शन किया। टेस्ट क्रिकेट को आगे ले जाने की जरूरत है और बैजबॉल वही कर रहा है। आईपीएल में 5 बार की चैंपियन चेन्नई के लिए खेलने वाले मोईन ने कहा कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अप्रत्याशित रणनीतियों से उनकी टीम का पलड़ा हमेशा भारी रहता है।






## अजय की 'मैदान' अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है ट्रेलर में वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1962 तक के उस दौर को दिखा गया है, जिसे खेल जगत में भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है। इस दौरान कोलकाता के मैदानों से किस तरह से इंडियन फुटबॉल का उदय हुआ और कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष के बाद एशियाई गेम्स में भारतीय टीम ने कई गोल्ड मेडल जीते। फिल्म मैदान में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2024 पर रिलीज होने वाली है।

### अक्षय कुमार ने फैंस को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामना दी है। आज पूरे देश में महा शिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अक्षय कुमार ने अपनी इंस्टा स्टोरी में भगवान शिव की तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही शुभकामनाएं देते हुए अक्षय ने ने लिखा, "देवों के हैं देव ... हर हर महादेव। महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। जय महाकाल।

## फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिव भक्ति में लीन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली तेलुगु फिल्म ओडेला 2 से तमन्ना का लुक रिलीज कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच ओडेला 2 से तमन्ना भाटिया का पहला लुक रिलीज कर दिया गया है। महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'ओडेला 2' से अपना पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में तमन्ना भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दे रही हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि तमन्ना ने एक हाथ में डमरू लिया है, माथे पर चंदन लगाया है और एक हाथ में लाल-पीली मौली से रंगी लकड़ी पकड़ी है। पोस्टर शेयर करते हुए तमन्ना भाटिया ने कैप्शन में लिखा है, ओडेला 2 का पहला लुक। मुझे महाशिवरात्रि के इस शुभ दिन पर पहली झलक का खुलासा करते हुए खुशी हो रही है। हर हर महादेव। हैप्पी महा शिवरात्रि। 'ओडेला 2' में तमन्ना भाटिया भैरवी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेज कर रहे हैं।

### मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री आर्टिकल-370

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल-370 मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हो गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव फिल्म आर्टिकल 370 के मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री होने की जानकारी लोगों के साथ अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर की।



## मडगांव का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट ऑन जारी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है, जिसे अजय गोगावले और निखिता गांधी ने मिलकर गाया है। 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' के बोल कुमार ने लिखे हैं। नोरा फतेही 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' गाने में डांस करती नजर आ रही हैं। मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन ऐसे दोस्तों की है, जो बचपन से ही गोवा जाने का सपना संजोए हैं। तीनों का यह सपना पूरा भी हो जाता है। वो जैसे-तैसे गोवा पहुंच जाते हैं। लेकिन वहां नोरा फतेही और उनके साथ छाया कदम और उपेंद्र लिमये मिलते हैं, जो उनकी इस यात्रा को और रोमांचक बना देते हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। `मडगांव एक्सप्रेस` 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

### सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का दूसरा गाना तेरे संग इश्क हुआ



**मुंबई, जारी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। कुछ दिनों फिल्म योद्धा का पहला गाना 'जिंदगी तेरे नाम' रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने प्यार दिया। अब योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' भी रिलीज कर दिया है। 'तेरे संग इश्क हुआ' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना के बीच केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और नीति मोहन ने गाया है। वहीं, इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है और इसके लिरिक्स कुणाल वर्मा ने लिखे हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# चीन के विरुद्ध भारत से सहयोग मजबूत कर रहा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी



- बाइडन ने कहा, अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे अपने सहयोगियों के साथ अमेरिका अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है ।

स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव। बाइडन ने गुरुवार को अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।' बाइडन ने कहा, 'वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रह है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे अच्छी है।

# आयोग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन करें वोटर आईडी कार्ड

देश में चुनावी माहौल बना हुआ है। चुनाव में मतदान या वोट देना देश के सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार होता है। वोट देने के लिए वोटर आईडी कार्ड होना बहुत जरूरी है। अगर आप भी 18 साल के हो गए हैं तो आपको वोटर आईडी-कार्ड के लिए अप्लाई कर देना चाहिए। आईए जानते हैं इसके बारे में...

**18 साल से अधिक उम्र वाले युवा ही बनवा सकते हैं वोटर आईडी-कार्ड**




### ये है आवेदन करने का आसान तरीका

घर बैठे वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए सबसे पहले आपको चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://eci.gov.in/ पर जाना पड़ेगा। फिर वोटर सर्विसेस पोर्टल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको नया अकाउंट बनाना होगा। उसके लिए आपको अपना नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद ओटीपी भरने के बाद आपको पासवर्ड बनाना होगा। जिसके बाद आपका अकाउंट बन जाएगा। इसके बाद आपको लॉगिन करना होगा न्यू अकाउंट से इसके बाद न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा। उसके बाद आपको आपको अपनी पर्सनल जानकारी भरनी होगी। नाम,पता, जेंडर अगर घर में और किसी का वोटर कार्ड है तो उसकी जानकारी भर दें। लगभग एक सप्ताह के अंदर वोटर कार्ड बनकर डाक द्वारा आपके घर आ जाएगा।

### वोटर आईडी-कार्ड का कहां कर सकते हैं प्रयोग



आप ऑनलाइन आसानी से वोटर आईडी-कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आप ऑफलाइन भी कार्यालय में जाकर वोटर आईडी कार्ड के लिए आवेदन दे सकते हैं। आपको बता दें कि ऑनलाइन अप्लाई करने का प्रोसेस काफी आसान है। इसमें आप ऑनलाइन आवेदन करते हैं और वोटर आईडी-कार्ड तैयार होकर आपके घर पर आ जाता है। ऐसे में आपको वोटर आई-डी कार्ड के लिए कहीं भाग-दौड़ करने की जरूरत नहीं है।

**ईसी की तैयारी**-लोकसभा चुनाव में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान 18 और 19 साल की उम्र वाले युवाओं को मतदाता बनाने पर जोर रहेगा। 18 साल की उम्र पूरी करने वाले भी वोटर बन सकेंगे। बता दें 80 साल से ऊपर के मतदाताओं का सत्यापन जरूर कराया जाए। चुनाव को देखते हुए आयोग ने तैयारी तेज कर दी है।

### दस्तावेजों मे क्या है जरूरी



वोटर कार्ड अप्लाई करते समय आपके पास हाल ही में खींची गई दो कलर फोटो होना जरूरी है। इसके साथ ही आपकी उम्र का प्रूफ और पता होना जरूरी है। बर्थ सर्टिफिकेट या फिर दसवीं की मार्कशीट दोनों का उपयोग कर सकते हैं। लेकिन इन डॉक्युमेंट में से अगर एक भी डॉक्यूमेंट आपके पास नहीं होता, तो फिर आपको अपने माता-पिता जिनका वोटर लिस्ट में नाम हो।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने वायुसेना की चार यूनिटों को किया सम्मानित

गाजियाबाद, एजेंसी



- 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है यह सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एयरफोर्स की चार यूनिटों को सर्वोच्च सैन्य सम्मान से सम्मानित किया। इन्हें राष्ट्रपति मानक और रंग से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है।

जिन चार यूनिटों को सम्मान दिया जाता है उसमें 45 स्क्वार्डन, 221 स्क्वार्डन, 11 बेस रिपेयर डिपो और 509 सिग्नल यूनिट शामिल हैं। चारों यूनिट की ओर से ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन, ग्रुप कैप्टन शुभांकन, एयर आफिसर कमांडिंग आशुतोष वैद्य और कमांडिंग आफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पहली बार गाजियाबाद पहुंची।

### 11 से मॉरीशस दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से मॉरीशस के तीन-दिवसीय राजकीय दौरे पर रहेंगी, मुर्मू द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। दो युद्धपोतों- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी- के साथ भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी भी इस समारोह में हिस्सा लेगी। विदेश मंत्रालय ने दौरे की घोषणा करते हुए बताया कि मुर्मू अपने मॉरीशस समकक्ष पृथ्वीराजसिंह रूपुन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी।

## एक नजर

### मोदी के दौरे से पहले असम में सीएए को लेकर विरोध प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो-दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को असम पहुंचने से पहले विपक्षी दलों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ नगांव जिले के कलियाबोर में प्रदर्शन किया। यूओएफए प्रवक्ता और रैजर दल के प्रमुख अखिल गोगोई ने कहा कि पहले शनिवार को प्रदर्शन किया जाना था, लेकिन अहोम समुदाय के संगठनों के अनुरोध पर यह एक दिन पहले किया गया। गोगोई ने प्रदर्शन स्थल पर पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री अहोम समुदाय के जनरल लाचित बोरफुकान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ऐसे में, समुदाय ने हमसे विरोध प्रदर्शन की तारीख बदलने का अनुरोध किया।

### चाबहार बंदरगाह पर चर्चा के लिए अफगान पहुंचा भारतीय दल

**नई दिल्ली।** ईरान में भारत की सहायता से निर्मित चाबहार बंदरगाह का अफगान लोगों के लिए उपयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए दोनों पक्षों के बीच तौर तरीकों पर बातचीत चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के मामलों के लिए संयुक्त सचिव के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल है। संयुक्त सचिव जे पी सिंह के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल इस समय अफगानिस्तान के दौरे पर है।

### थाईलैंड: विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हाइब्रिड सोलर पावर प्लांट लगा

**बैंकॉक।** थाईलैंड के खोन केन में स्थित नदी में गीन



एनर्जी के टार्गेट को पूरा करने के लिए हाइड्रो-फ्लोटिंग सोलर हाइब्रिड पावर प्लांट लगाया गया है। इसे चीनी और थाई कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट है।

### नाइजीरिया में आतंकियों ने 287 बच्चों का किया अपहरण

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में गुरुवार को बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला किया, आतंकियों ने हमले के बाद 287 छात्रों का अपहरण कर लिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अधिकारियों को बताया है कि, देश में अपहरण की सबसे बड़ी दूसरी घटना है। स्थानीय लोगों ने मीडिया को बताया कि हमलावरों ने कदूना राज्य के कुरिगा शहर में सरकारी स्कूल को घेर लिया, उस वक्त स्कूल में छात्र आ चुके थे। प्रधानाध्यापक सानी अब्दुल्लाही ने बताया कि 287 बच्चे लापता है। गवर्नर ने ग्रामीणों से बातचीत की और कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बच्चा घर लौटे। हम सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं।

# समावेशी सुधारों को लेकर भारत ने यूएनएससी में पेश किया मॉडल

## भारत ने जी4 देशों की तरफ से कहा- परिषद में सदस्यों की संख्या 15 से बढ़ाकर 25-26 हो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार के लिए विस्तृत योजना का मॉडल पेश किया है। भारत ने



जी4 देशों की तरफ से योजना संयुक्त राष्ट्र में रखी, जिसमें कई ऐसे सुधारों की सिफारिश की गई है, जिन्हें लागू करने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ज्यादा लोकतांत्रिक और समावेशी बन सकेगी। भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज 'इंटरगवर्नमेंटल नेगोसिसएशन ऑन सिक्योरिटी काउंसिल रिफॉर्म' कार्यक्रम में शामिल हुईं।

इस कार्यक्रम में रुचिरा कंबोज ने जी4 देशों ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की तरफ से प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25-26 करने की सिफारिश की गई है। साथ ही इसमें छह स्थायी सदस्यों और चार या पांच अस्थायी सदस्यों को शामिल करने की सलाह दी गई है। भारत ने सुझाव दिया है कि छह नए स्थायी सदस्यों में से दो अफ्रीकी राज्यों और एशिया प्रशांत के देशों, एक लैटिन अमेरिकी देशों और कैरेबियाई देशों और एक पश्चिमी यूरोपीय देशों और अन्य देशों की तरफ से प्रस्तावित किया जाना चाहिए।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था में स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों में प्रतिनिधित्व की कमी है। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उतनी प्रभावी नहीं है और वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए इसमें तुरंत सुधार की जरूरत है। कंबोज ने कहा कि कोई भी सुधार प्रतिनिधित्व की कमी को नजरअंदाज करके संभव नहीं है और खासकर स्थायी कैटेगरी में भारी असंतुलन है और इसी वजह से सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने में अक्षम साबित हो रही है। कंबोज ने कहा कि सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई हैं।

### फ्रांस-अमेरिका ने परिषद में शामिल करने का किया समर्थन



भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में वीटो को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि नए स्थायी सदस्यों के पास भी मौजूदा सदस्यों की तरह जिम्मेदारी और अधिकार होंगे, लेकिन वे किसी मुद्दे पर पूरी समीक्षा के बाद ही वीटो का फैसला कर पाएंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों चीन, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास ही वीटो पावर है। वहीं दो अन्य सदस्य अस्थायी होते हैं, जिनका दो साल के लिए चुनाव होता है और उनके पास वीटो पावर नहीं होती। फ्रांस और अमेरिका ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल करने का समर्थन किया है।

# भारत-जापान को यूएन वही स्थान दे जिसके वो हकदार: जयशंकर

टोक्यो, एजेंसी

- जापान में विदेश मंत्री ने फिर दोहराया, यूएनएससी में हो बदलाव
- विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश को यूएन से बाहर रखा गया

भारतीय विदेश मंत्री जापान दौरे पर हैं। एस जयशंकर शुक्रवार को निक्केई फोरम में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने कहा-दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह सयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए अच्छा नहीं होगा।

भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर जयशंकर ने कहा कि परिषद में भारत और जापान को वैसा ही स्थान देने की जरूरत है, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, अगर दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह संगठन के लिए अच्छा नहीं होगा। इसलिए हम चाहते हैं कि इसका जल्दी अहसास हो। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर छह से आठ मार्च तक जापान दौरे पर हैं। वह अपने जापानी समकक्ष योको कामिकावा के साथ 16वीं भारत-जापान विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त



जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ मौजूद विदेश मंत्री जयशंकर।

राष्ट्र की जब स्थापना हुई थी, तब करीब 50 सदस्य देश थे। जबकि आज 200 सदस्य देश हैं। इसलिए अधिकतर इस बात को समझते हैं कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार की बहुत आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, 'अगर किसी संगठन में चार गुना सदस्य बढ़ जाते हैं तो उस संगठन का नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता समान नहीं रह सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि आज दुनियाभर में कई जरूरी मुद्दे हैं, लेकिन इनमें संयुक्त राष्ट्र वह भूमिका नहीं निभा रहा है जो इसे निभानी चाहिए।

# नेपाल की सियासी उठापटक से भारत की नीति अपरिवर्तित

**काठमांडू।** नेपाल में सियासी उठापटक के बाद भारत ने अपनी नीतियों को लेकर आश्वासत किया है। बता दें, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ पंद्रह साल पुरानी साझेदारी खत्म करके मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। उनके इस कदम का वहां के सात प्रदेशों की सरकारों पर भी असर पड़ा है। प्रदेशों की सरकारों के अस्थिर होने का खतरा बढ़ गया है।

भारत सरकार ने हिमालयी राष्ट्र के प्रति अपनी नीति को लेकर बड़ा आश्वासन दिया है। भारत ने शुक्रवार को नेपाल को आश्वासन दिया है कि नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी केंद्र) के बीच गठबंधन टूटने और नई सरकार के गठन के बाद हिमालयी राष्ट्र के प्रति उसकी नीति अपरिवर्तित रहेगी।

नेपाली मीडिया ने बताया कि भारत की ओर से यह आश्वासन नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव की ओर से मिला है। नेपाल के प्रति भारत की नीति के संबंध में नवीन ने गुरुवार को उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों के मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ और वित्त मंत्री वर्षा मान पुन से अलग-अलग शिष्टाचार मुलाकात की।

# मोदी के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ नया नहीं: उमर



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीनगर दौरे पर बयान जारी किया है। उमर ने निशाना साधते हुए कहा कि पीएम के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ भी नया नहीं था। इससें घाटी के लोगों की उम्मीद धराशायी हो गई हैं।

उमर ने कहा कि पीएम ने उन्हीं चीजों के बारे में बात की है, जिनके बारे में वह हमेशा से ही करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा कुछ भी उनके भाषण में सुनने को नहीं मिला जिसे लोग सुनना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा कि लोस चुनाव को लेकर भी मोदी ने कुछ साफ नहीं किया है।

# पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत

जिनेवा, एजेंसी




- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में बोले आईडब्ल्यूएफ अध्यक्ष अरविंद

इंडिया वाटर फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने गुरुवार को कहा कि भारत उन कुछ देशों में से एक है, जो न केवल अपने नागरिकों बल्कि आवश्यकता पर पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है।

अरविंद जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति के 55वें सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने नीली क्रांति को लेकर भारत सरकार की पहल और कदमों के बारे में भी बताया। अरविंद कुमार ने कहा 'भारत उन कुछ देशों में से एक है जो न केवल अपने लोगों के लिए एक मजबूत सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली के साथ खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि जरूरत पड़ने पर अपने पड़ोसियों और वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए भी खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है। इसके अलावा अरविंद ने कहा कि देश में छोटे पैमाने पर मछली पकड़ने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीली क्रांति एक प्रमुख योजना है जिसका उद्देश्य आर्थिक समृद्धि प्राप्त करना है। यह योजना मछुआरों और जैव-सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए जल संसाधनों के पूर्ण संभावित उपयोग से खाद्य और पोषण सुरक्षा में योगदान करते हैं।

# उड़ान भरते ही गिरा विमान का टायर बाल-बाल बचे यात्री

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के साथ ही यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान का एक टायर नीचे गिर गया।

विमान ने जापान के ओसाका जाने के लिए उड़ान भरी थी। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान में 235 यात्री सवार थे। इसके अलावा 10 फ्लाइट अटेंडेंट और चार पायलट भी मौजूद थे। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि बोइंग 777-200 के उड़ान भरने के बाद एक टायर गिर गया। इसकी जानकारी होते ही तुरंत लॉस एंजलिस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर इसे डायवर्ट कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया।

### कान्हा की नगरी में बम-बम...



**मथुरा :** महाशिवरात्रि के अवसर पर नंदी पर विराजमान भगवान शिव के अद्भुत स्वरूप भूत-प्रेत, नाचते-गाते पिशाच, डाकिनी, शाकिनी। इन्हें झूमते-नाचते देख कान्हा की नगरी के ब्रजवासी भी झूमने पर मजबूर हो उठे। यह अद्भुत नजारा श्रीकृष्ण नगरी में निकाली गई शिव बारात का है। भोले बाबा की अनूठी व भव्य बारात में आकर्षक झांकियों के साथ नृत्य और बैंड की मधुर ध्वनि में श्रद्धालु झूमते रहे। ● एजेंसी

**विज्ञान** विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने नए शोध में की आश्चर्यजनक खोज


# पृथ्वी से अरबों गुना अधिक होता है क्वासर ब्लैकहोल का द्रव्यमान

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार:** ब्रह्मांड में ब्लैकहोल की ताकत का अंदाजा हम सभी जानते हैं। मगर महाशक्तिमान ब्लैकहोल की शक्ति का एहसास कम ही लोगों को पता होगा , जिनका द्रब्यमान पृथ्वी से अरबो गुना अधिक होता है और ये करीबी कोई भी वस्तु को निगलने के बाद तेजी से उगल देते हैं।

नया शोध क्वासर कहे जाने इन ब्लैकहोल के बारे में चौंकाने वाली जानकारी देता है। वैज्ञानिकों के सामने दो प्रश्न खड़े होते हैं, कुछ ब्लैक होल इतने बड़े कैसे हो जाते हैं जो किसी समय शिशु रहे होंगे। आमतौर पर यही समझते हैं कि ब्लैक-होल रोमांचकारी, बुरे सबसे हिंसक और शून्य से घिरा होता है। मगर यहां महाविशाल ब्लैक होल की बात हो रही है, जिनका द्रव्यमान सूर्य से अरबों गुना अधिक होता है। इन्हें क्वासर कहा जाता है जो आस-पास के पदार्थ को खाते हैं और अतिरिक्त पदार्थ को इतनी आक्रामक तरीके से उगलते हैं कि वे प्रकाश की अविरल धारा बनाते हैं और अपनी ही आकाशगंगा को हिलाकर रख देते हैं। यह इतनी बड़ी घटना है कि जिसके बारे में कल्पना भी नही की जा सकती है।

मगर तकनीकि सुविधाओं के विकास ने इन महाशक्तियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। जिसमें सबसे बड़ी सुविधा जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के आ जाने से संभव हो सकी है। गत दिवस वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन जारी किया है। जिसमें जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से चमकदार क्वासरों की आबादी की पहचान की है, जो काफी विशाल हैं। इस खोज के बहुत बड़े होने का कारण यह है कि बहुत लंबे समय तक वैज्ञानिक यह सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं कि कुछ क्वासर विशाल आकार तक कैसे पहुंचते हैं। जिन क्वासर की खोज हुई है , वह समस्याग्रस्त क्वासर हैं, जो आसपास के पदार्थ को सक्रिय रूप से खाना शुरू कर देता है, तो यह अंततः एक बड़ा भयानक क्वासर बन जाता है। विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने यह खोज की है।



जेम्स वेब द्वारा ली गयी क्वासर यानी महा ब्लैकहोल की तस्वीर।

### तारे की मृत्यु के बाद जन्म लेता है ब्लैकहोल

जब कोई विशाल तारा अपने जीवन के अंत के करीब पहुंचता है, तो उसकी आंतरिक परमाणु संलयन प्रक्रिया के दौरान हाइड्रोजन सामग्री को हीलियम में बदल देता है, जो कि खत्म होने लगती है। अंत में आंतरिक संलयन पूरी तरह से बंद हो जाता है। तब बाहरी दबाव भी समाप्त हो जाता है और तारा अपने आप ही ढह जाता है। इस अवस्था को विस्फोटक सुपरनोवा मृत्यु कहा जाता है और तब एक ब्लैकहोल का जन्म होता है। मरते तारों के प्रतिमान बताते हैं कि यदि मूल तारा सूर्य के भार से 40-50 गुना ज्यादा हो, तो संकुचन जारी रहता है और विचित्र स्थिति बन जाती है जिसे गुरुत्व सिंग्युलैरिटी और आम बोलचाल में ब्लैकहोल कहते हैं।

# अमेरिका: एक साल में 31% बढ़ा घृणा अपराध

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीयों में सबसे ज्यादा हमले सिखों पर हो रहे, अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने किया खुलासा

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों में से सिख समुदाय पर सबसे ज्यादा हमलों की घटनाएं हो रही हैं। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2022 में सिखों पर हमलों की 151 घटनाएं हुई जो 2023 में बढ़कर 198 हो गई। सिखों के खिलाफ हेट क्राइम के मामले 31 फीसदी बढ़े हैं।

अमेरिका के के न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, न्यूजर्सी, अलबामा, वॉशिंगटन और सिएटल में सिखों के खिलाफ सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। जबकि अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदायों के खिलाफ हेट क्राइम के कुल मामले 2022 में 375 और 2023 में 520 हुए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में रहने वाले 50 लाख भारतीयों में से सिखों की आबादी 5 लाख है। अलबामा के गुरुद्वारे के बाहर रागी जत्थे के सदस्य राजसिंह (29) की




24 फरवरी को हमलावरों ने हत्या कर दी। गुरुद्वारा प्रबंधन का आरोप है कि हेट क्राइम का मामला होने के बावजूद पुलिस ने अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

दिसंबर 2023 में न्यूयॉर्क में जसमीर (66) की हत्या को भी पुलिस ने हेट क्राइम का मामला दर्ज नहीं किया। बता दें, साल 2021 की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अतिरिक्त, 4.3% एशियाई विरोधी घटनाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। घृणा से प्रेरित अपराधों की अन्य सबसे बड़ी श्रेणियों में 6.1% घटनाओं के साथ हिस्पैनिक या लातीनी विरोधी घटनाएं और 13.4% घटनाओं के साथ श्वेत-विरोधी घटनाएं शामिल थे।

### दर्ज केस से कई गुना ज्यादा हेट क्राइम: सिख संगठन

सिख पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के अध्यक्ष गुरिंदर खालसा का आरोप है कि सिखों पर हेट क्राइम एफबीआई के आंकड़ों से कई गुना ज्यादा है। खालसा का दावा है कि मानवाधिकार संगठनों के अनुसार सिखों के खिलाफ 2022-2023 में हेट क्राइम के 1200 से ज्यादा मामले हुए। अमेरिका में सिख गलत पहचान का शिकार भी होते हैं। पगड़ी दाढ़ी के कारण इन्हें मुस्लिम समझ लिया जाता है। कुछ घटनाओं में हमलावरों ने इसका खुलासा पुलिस को किया है।